

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 126 | गुरूवार, 18 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

संक्षिप्त समाचार

'त्रिपुरा सारिदा' को मिला जीआई टैग

नई दिल्ली। त्रिपुरा के पारंपरिक वाद्ययंत्र 'त्रिपुरा सारिंदा' को 'जियोग्राफिकल इंडिकेशन' (जीआई टैग) मिलने से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिला है। लकड़ी और तारों से बना यह वाद्ययंत्र राज्य के मूल समुदायों और जनजातीय के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है, जो अपनी विशेष कारीगरी और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। जीआई टैग मिलने से त्रिपुरा की लोक परंपराओं को संरक्षित करने, साथ ही इस वाद्ययंत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी।

वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 8 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना का बी-52 बमवर्षक विमान दक्षिणी कैलिफोर्निया के एडवर्ड एयरफोर्स बेस से उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर हुई, जब विमान एक रूटीन मिशन पर था।

राजौरी में लैंड माइन फटने से तीन जवान घायल

श्रीनगर। राजौरी में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक लैंड माइन फटने से तीन जवान घायल हो गए, जिनमें एक जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर भी शामिल है। तुरंत ही सभी घायल जवानों को इलाज के लिए सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया। दरअसल, इन सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा के लिए लैंड माइन बिछाई जाती हैं, जिससे हर पल खतरा बना रहता है। जम्मू-कश्मीर में सेना के जवानों के साथ धमाके से जुड़ा यह हाल ही में तीसरा हादसा है।

चीन से लेकर जापान और इंडोनेशिया तक कांपी धरती

बीजिंग। चीन के उत्तर-पश्चिम हिस्से में स्थित किंगहाई प्रांत में मंगलवार की शाम भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तिव्रता 6.3 तीव्रता रही। इस तेज भूकंप के झटके सिर्फ चीन ही नहीं, बल्कि इंडोनेशिया से लेकर जापान तक महसूस किए गए हैं। इंडोनेशिया के सुलावेसी आईलैंड पर रिक्टर स्केल पर 6.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज की गई और जापान के होनसु के पूर्व समुद्री तट के नजदीक झटकों की तीव्रता 6 मापी गई।

पति को छोड़ जिससे की शादी, उसी ने मार डाला

हापुड़। पिलखुवा के पबला रोड स्थित आसरा आवासीय कॉलोनी में मंगलवार सुबह सीमा की उसके ही पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव को घर से बरामद किया और जांच में चुनरी से गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। सीमा का नौरंगपुरी निवासी अमन के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था।

भारत-अमेरिका रिश्तों को नई मजबूती

भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका मदद के लिए खड़ा होगा: ट्रंप

» जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई

» ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ कोई औपचारिक सुरक्षा संधि नहीं है, लेकिन भारत पर हमला होने की स्थिति में अमेरिका उसकी मदद करेगा

» करीब 16 महीने बाद हुई मुलाकात में रक्षा, व्यापार, इंडो-पैसिफिक सुरक्षा और वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई



■ नई दिल्ली

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता ने भारत-अमेरिका संबंधों को नई मजबूती देने का संकेत दिया है। करीब 16 महीने बाद आमने-सामने हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच विशेष गर्मजोशी देखने को मिली। बैठक के दौरान ट्रंप का एक बयान सबसे अधिक चर्चा का विषय बना, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि उनके राष्ट्रपति रहते भारत पर कोई हमला होता है तो अमेरिका भारत की मदद के लिए मौजूद रहेगा।

हालांकि भारत और अमेरिका के बीच नाटो देशों जैसी कोई औपचारिक सुरक्षा संधि नहीं है, लेकिन ट्रंप का यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक विश्वास और सुरक्षा सहयोग को दशार्ता है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार इसे दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों के संदर्भ में महत्वपूर्ण मान रहे हैं। राजनयिक विशेषज्ञों का मानना है कि मोदी और ट्रंप के बीच हुई बातचीत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और चीन की बढ़ती गतिविधियों पर भी चर्चा हुई होगी। चीन की सैन्य और आर्थिक विस्तारवादी नीतियों ने इस क्षेत्र में नई चुनौतियां पैदा की हैं। भारत और अमेरिका दोनों ही स्वतंत्र, मुक्त और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत व्यवस्था के समर्थक रहे हैं। क्वाड समूह के माध्यम से भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। ऐसे में ट्रंप का बयान व्यापक सामरिक संतुलन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग के अलावा आर्थिक संबंधों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और दोनों देश एक-दूसरे के महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार बन चुके हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया गया। दोनों नेताओं ने निवेश बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई इस वार्ता में आतंकवाद, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य संकट, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की मांग करता रहा है और अमेरिका भी आतंकवाद विरोधी अभियानों में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार रहा है।

दोनों देशों ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

16 महीने बाद आमने-सामने आए मोदी और ट्रंप

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब दुनिया कई भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और वैश्विक आर्थिक चुनौतियां अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर रही हैं। करीब 16 महीने बाद हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने के साथ-साथ भविष्य की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं की सहजता और व्यक्तिगत समझ भी साफ दिखाई दी।

सुरक्षा सहयोग पर अमेरिका का बड़ा संकेत

बैठक का सबसे अहम पहलू ट्रंप का वह बयान रहा जिसमें उन्होंने भारत की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता का संकेत दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच कोई औपचारिक सुरक्षा समझौता नहीं है, लेकिन यदि भारत पर हमला होता है तो अमेरिका उसकी सहायता के लिए वहां मौजूद रहेगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह बयान केवल राजनीतिक टिप्पणी नहीं बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक मानता है। पिछले कुछ वर्षों में रक्षा सहयोग, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, समुद्री सुरक्षा और संयुक्त सैन्य अभ्यासों के क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं।

भात समारोह में जा रहे परिवार की ई-रिक्शा को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, छह महिलाओं की मौत

» एक ही परिवार के छह लोगों की मौत से मचा कोहराम, शादी की खुशियां मातम में बदली

■ जागरण मोर्चा


बदायूं। उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। दो ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही से छह महिलाओं की मौत हो गई। तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद एक चालक अपना ट्रैक्टर और ट्रॉली दौड़ा ले गया, जबकि दूसरा चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने उसके ट्रैक्टर और ट्रॉली को कब्जे में लिया है। दोनों चालकों की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही डीएम और एसएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

भात मांगने जा रही थीं महिलाएं : कछला के मोहल्ला मुरावन नगला निवासी डाल सिंह के बेटे कुंवरपाल की शादी 30 जून को होनी है। परिवार की महिलाएं शादी की रस्म 'भात' मांगने के लिए पड़ोसी गांव गठोना जा रहे थे। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव के लोग और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। चीख-पुकार मच गई।


पोस्टमार्टम पहुंचे विधायक व प्रभारी मंत्री : हादसे की सूचना मिलते ही प्रभारी मंत्री अरुण कुमार, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता,भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता समेत कई भाजपा नेता जेके सक्सेना पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। पूरी जानकारी लेने के बाद परिजनों को सरकार से सहायता दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही घायलों के इलाज को निर्देशित किया गया। प्रभारी मंत्री अरुण कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ सरकार है। सरकार हर संभव मदद करेगी।


सरला


आरती


राजकुमारी


रेवती


प्रेमा देवी

मृतकों के नाम

राजकुमारी (55 वर्ष) पत्नी डालसिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला

गंगा श्री (32 वर्ष) पत्नी वीरपाल निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला

रेवती (80 वर्ष) पत्नी रामचंद्र निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला

प्रेम देवी (45 वर्ष) पत्नी रामचंद्र सिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला

नारायणी देवी (32 वर्ष) पत्नी जितेंद्र निवासी गुलाबगड़ी व आरती की मौत हो गई।

फूलपुर गांव के पास बुधवार पूर्वाहन हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक कछला और उझानी के बीच फूलपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टरों ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार महिलाएं व अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां छह महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में रिक्शा चालक सनी (32 वर्ष), डाल सिंह (58 वर्ष) समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

आईएसआई समर्थित मॉड्यूल का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

■ नई दिल्ली

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पांच अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, 41 जिंदा कारतूस, सात मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद

भारत के खिलाफ चलाया जा रहा छद्म युद्ध अब केवल सीमा पार से घुसपैठ तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया, ड्रग तस्करी, हवाला नेटवर्क और स्थानीय अपराधियों के गठजोड़ के माध्यम से आतंकवाद को नया स्वरूप दिया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे ही आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार यह नेटवर्क पाकिस्तान से संचालित हो रहा था और पंजाब के रास्ते दिल्ली-एनसीआर तक हथियार, नशीले पदार्थ और आतंकी गतिविधियों का जाल बिछा रहा था। समय रहते की गई इस कार्रवाई ने राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में संभावित बड़े आतंकी हमले की साजिश को विफल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक यह सिंडिकेट गैंगस्टर से आतंकवादी बने शाहजाद भट्टी और अजमल गुर्जर के निर्देश पर काम कर रहा था। दोनों पाकिस्तान में बैठकर सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड एप्लिकेशन और हवाला नेटवर्क के माध्यम से भारत में युवाओं की भर्ती, हथियारों की सप्लाई और आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पांच अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, 41 जिंदा कारतूस, सात मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया गया है। जांच में जब्त मोबाइल फोन से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। इनमें शाहजाद भट्टी और अजमल गुर्जर के साथ हुई चैट, वॉयस नोट्स तथा अन्य संपर्कों का विवरण भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि ये साक्ष्य इस नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और उसकी गतिविधियों की पुष्टि करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अनस, मोहित, दीपक, आरिफ, करणवीर सिंह, जतन और साबिर शामिल हैं। इनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद क्षेत्र से हैं, जबकि करणवीर सिंह पंजाब के फतेहगढ़ साहिब का निवासी हैं।

आधार कार्ड के दुरुपयोग पर केंद्र और राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई। इस याचिका में केंद्र सरकार, सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आधार का इस्तेमाल केवल पहचान के सबूत के तौर पर हो न कि नागरिकता, निवास, पते या जन्मतिथि के सबूत के तौर पर।

खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस

» भाजपा के छह सांसदों ने राज्यसभा में दिया नोटिस

» सभापति ने जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजा मामला

» पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर बढ़ा विवाद

■ नई दिल्ली



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर सियासी विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के छह सांसदों ने खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दाखिल किया है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि खरगे ने सदन के भीतर प्रधानमंत्री के संबंध में अपमानजनक और असम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे न केवल प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को ठेस पहुंची बल्कि संसदीय परंपराओं और सदन की मर्यादा का भी उल्लंघन हुआ। भाजपा सांसदों ने अपने नोटिस में कहा है कि संसद में किसी भी सदस्य द्वारा ऐसे शब्दों और टिप्पणियों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, जो लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों की प्रतिष्ठा को प्रभावित करें। सांसदों का दावा है कि खरगे की टिप्पणी संसदीय नियमों और विशेषाधिकारों के दायरे में जांच का विषय है, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने नोटिस को विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया है। समिति अब पूरे मामले की जांच करेगी और यह निर्धारित करेगी कि खरगे की टिप्पणी संसदीय विशेषाधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में आती है या नहीं। जांच पूरी होने के बाद समिति अपनी रिपोर्ट सभापति को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। विशेषाधिकार समिति संसद की एक महत्वपूर्ण समिति होती है, जिसका काम सांसदों और सदन के विशेषाधिकारों से जुड़े मामलों की जांच करना है। यदि समिति को लगता है कि किसी सदस्य ने संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन किया है, तो वह संबंधित सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय सदन और सभापति के स्तर पर लिया जाता है। इस घटनाक्रम ने संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। भाजपा इस मुद्दे को संसद और जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है, जबकि कांग्रेस की ओर से अभी तक इस नोटिस पर विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मामला भाजपा और कांग्रेस के बीच नई राजनीतिक बहस का कारण बन सकता है।

यस बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामला

17 ठिकानों पर ईडी ने की कार्रवाई

■ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में एक साथ 17 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह छापेमारी मेसर्स सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एसएआरसीएल), मेसर्स सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, मेसर्स ख्याति रियल्टर्स प्रा.लि. और उनके प्रमोटरों, निदेशकों एवं कर्मचारियों के परिसरों पर की गई है।

ईडी के मुताबिक ईडी की मुंबई जोनल विंग (जोनल ऑफिस-1) की टीमों द्वारा की गई इस कार्रवाई के तहत यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकाने पर भी तलाशी ली गई। यह पूरा मामला वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मेसर्स मैकस्टार मार्केटिंग प्रा.लि. और अन्य कंपनियों के यस बैंक लोन के धोखाधड़ीपूर्ण हस्तांतरण (असाइनमेंट) से जुड़ा है। ईडी की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध से जुड़े सबूतों को इकट्ठा करना है।

मॉस्को की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन ने किया हमला

■ नई दिल्ली

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन की लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल से मॉस्को क्षेत्र को निशाना बनाने का दावा किया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने मॉस्को क्षेत्र में करीब 500 किलोमीटर दूर स्थित एक तेल रिफाइनरी पर हमला किया। यह हमला रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध समाप्त करने की रणनीति का हिस्सा है। यूक्रेन का ये हमला रूस के एक दिन पहले किए गए हमलों के जवाब में किया गया। रूस ने रविवार की रात 70 मिसाइलों और 611 ड्रोन की मदद से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले किए थे। इन हमलों में 60 से अधिक मिसाइलें तो राजधानी कीव में ही दागी गईं। इन हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कीव में 35 लोग घायल हुए हैं। पूरे देश में 53 लोग घायल बताए गए।

कोलकाता उच्च न्यायालय में दायर की चुनाव याचिका

भवानीपुर में शुभेंदु अधिकारी की जीत को ममता ने दी चुनौती

■ ममता को 15,105 वोटों से हराया था शुभेंदु ने

■ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा चुनाव के परिणाम को चुनौती देते हुए मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर की। याचिका दाखिल करने के लिए वह स्वयं उच्च न्यायालय पहुंचीं और शपथ आयुक्त के समक्ष हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से मामला दर्ज कराया।

उल्लेखनीय है कि हालिया विधानसभा चुनाव में भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को भाजपा नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के हाथों 15 हजार 105 मतों से पराजय का सामना करना पड़ा था। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही ममता इस हार को स्वीकार करने के बजाय मतदान प्रक्रिया पर सवाल उठाती रही हैं। चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के अगले दिन पांच मई को संवाददाता सम्मेलन में ममता बनर्जी ने दावा किया था कि उनकी पार्टी वास्तव में नहीं हारी है, बल्कि चुनाव में धांधली और वोट लूट हुई है। अब उसी आधार पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाते हुए चुनाव परिणाम को चुनौती दी है।

[खतरा] रडार की पकड़ में नहीं आता यह ड्रोन

चीन ने तैयार किया 'मच्छर ड्रोन', वजन मात्र 0.3 ग्राम

■ नई दिल्ली

चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी (एनयूडीटी) ने एक ऐसा माइक्रो-ड्रोन विकसित किया है, जिसका आकार और वजन बिल्कुल एक मामूली मच्छर जैसा है। चीन में तैयार किए गए इस ड्रोन से पूरी दुनिया में निजता और सुरक्षा को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। यह कोई आम ड्रोन नहीं है। इस प्रोटोटाइप का वजन महज 0.3 ग्राम है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पहली नजर में कोई गैजेट नहीं, बल्कि एक कीड़ा या पत्ती जैसा लगता है।



यह इमारत के छेद से घुस सकता है

इस ड्रोन की सबसे बड़ी और खतरनाक खासियत यह है कि यह रडार की पकड़ में नहीं आता। अपने बेहद छोटे आकार और खास मटेरियल के कारण, मिलिट्री ग्रेड के रडार भी इसे नहीं पहचान पाते। यह आसानी से किसी भी घर, सरकारी दफ्तर या संवेदनशील इमारत की खिड़की या छेद से अंदर घुस सकता है और किसी को भनक तक नहीं लगेगी।

खासियत

पंख : इसके पंख पेड़ की पत्तियों के आकार के हैं, जो इसे उड़ते समय प्राकृतिक रूप देने में मदद करते हैं।

बनावट : इसका शरीर बेहद पतला और हल्का है।

सेंसर : इस छोटे से शरीर के भीतर बेहद आधुनिक और सूक्ष्म सेंसर लगाए गए हैं, जो गुप्त रूप से तस्वीरें लेने, आवाज रिकॉर्ड करने और डेटा जुटाने में सक्षम हैं।

कमियां

शॉर्ट बैटरी लाइफ : इतने छोटे आकार के कारण इसमें बड़ी बैटरी नहीं लगाई जा सकती, इसलिए यह बहुत कम समय तक ही उड़ सकता है।

हवा का खतरा : वजन केवल 0.3 ग्राम होने के कारण, तेज हवा का एक झोंका भी इसे उड़ाकर ले जा सकता है या इसके रास्ते से भटका सकता है।

दुनिया भर में डर और सोशल मीडिया पर मीम्स

इस खबर के सामने आते ही लोगों में अपनी निजता को लेकर डर पैदा हो गया है। लोगों का मानना है कि भविष्य में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं रहेगी। वहीं दूसरी तरफ, सोशल मीडिया पर इसे लेकर मजेदार प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। कुछ लोग मजाक में कह रहे हैं कि अब कंप्यूटर के 'बग' सचमुच के कीड़े बनकर उड़ने लगे हैं। कुछ यूजर्स ने तो इससे निपटने के लिए घरों में इस्तेमाल होने वाले 'मच्छर मारने वाले रैकेट' या 'बग जैपर' इस्तेमाल करने की सलाह तक दे डाली है।

वृद्धा से अवैध वसूली करने वाले गंगा चरण अस्पताल को 18,324 रुपये लौटाने का आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। आयुष्मान भारत योजना को लूट का जरिया बनाने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ स्थायी लोक अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। स्थायी लोक अदालत, बरेली ने रामपुर गार्डन स्थित गंगा चरण आर्यवर्धन अस्पताल को कड़ी फटकार लगाते हुए आयुष्मान कार्ड धारक 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला से की गई अवैध वसूली का पूरा पैसा लौटाने और हर्जाना देने का आदेश दिया है पीएलए वाद संख्या-27/2025 में फरीदपुर निवासी रामेश्वरी देवी ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 की रात 11:25 बजे उन्हें गंगा चरण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

काउंटर पर आयुष्मान कार्ड व आधार दिखाने पर इलाज पूरी तरह निःशुल्क होने की बात कही गई, लेकिन इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने तीमारदारों को मेडिकल स्टोर पर भेजकर दवाओं के नाम पर जबरन वसूली शुरू कर दी। अस्पताल ने दवाओं के नाम पर 8,801 रुपये, ब्लड जांच के लिए 5,000 रुपये एडवांस और बाद में 820 व 1,703 रुपये की अतिरिक्त दवाएं थमा दीं। इस तरह कुल 13,324 रुपये वसूल लिए गए, जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत भर्ती से



डिस्चार्ज तक दवा, जांच, भोजन और इलाज पूरी तरह मुफ्त होता है। मामला खुलने पर अस्पताल ने 8,324 रुपये का चेक भेजकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया, लेकिन मामला लोक अदालत में लंबित होने के कारण परिवार ने चेक लेने से इनकार कर दिया।

लोक अदालत के अध्यक्ष काली चरन, सदस्य संजीव कुमार गौतम और सदस्य अनीता यादव की पीठ के समक्ष अस्पताल की ओर से कोई ठोस जवाब दाखिल नहीं किया गया, केवल तारीखें ली जाती रहीं। अंततः अदालत ने एकपक्षीय फैसला सुनाया। पीठ ने स्पष्ट कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब और जरूरतमंदों के इलाज के लिए है, न कि निजी अस्पतालों की कमाई के लिए। गंगा चरण अस्पताल द्वारा योजना का घोर उल्लंघन किया गया है। अदालत ने अस्पताल को 8,324 रुपये की अवैध वसूली लौटाने के साथ मानसिक प्रताड़ना और भागदौड़ के लिए 10,000 रुपये अतिरिक्त हर्जाना देने का आदेश दिया। कुल 18,324 रुपये एक माह के भीतर अदा करना होगा, अन्यथा कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। यह फैसला न केवल बरेली बल्कि पूरे प्रदेश के निजी अस्पतालों के लिए चेतावनी है। लोक अदालत ने साफ कर दिया है कि आयुष्मान कार्ड धारकों से एक रुपये की भी वसूली गैरकानूनी है। यदि कोई अस्पताल पैसा मांगता है तो तुरंत CMO बरेली या स्थायी लोक अदालत में शिकायत की जाए। दोषी अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त होने तक की कार्रवाई संभव है।

- आयुष्मान भारत में लूट पर लोक अदालत का कड़ा प्रहार

सार संक्षेप

कुत्तों ने बच्चे को काटा, इलाज के दौरान मौत



सैदनगर। अजीमनगर थाना क्षेत्र में कुत्तों के झुंड में बच्चों को काट-काट कर जख्मी कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के कुंडो की मंडियां गांव की है। गांव निवासी रमेश की पत्नी खेत में मिर्च तोड़ने के लिए गई थी। मां के साथ उसका 7 वर्षीय पुत्र शिवम भी खेत पर चला गया था। खेत पर कुत्तों के झुंड में बच्चे पर हमला कर दिया। दर्जनों कुत्ते बच्चे को नोचने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग लाठी डंडे लेकर आ गए। ग्रामीण ने कुत्तों से किसी तरह बच्चे को बचाया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां बुधवार को इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजन मृतक का शव घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से आवारा कुत्तों को पकड़ने की अपील की है।

सिपाही भर्ती परीक्षा देने आई युवती प्रेमी संग फरार

बरेली। सिपाही भर्ती परीक्षा देने बरेली आई शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद की एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मामले में इज्जतनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने युवती और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद निवासी पिता ने इज्जतनगर इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 10 जून को सिपाही भर्ती परीक्षा देने बरेली आई थी। परीक्षा के बाद वह इज्जतनगर क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन के कमरे पर रुक गई थी। बताया गया कि 12 जून को बड़ी बेटी बीए की परीक्षा देने जलालाबाद चली गई। जब वह वापस बरेली स्थित कमरे पर पहुंची तो छोटी बहन वहां मौजूद नहीं थी। जानकारी करने पर पता चला कि युवती बड़ी बहन की सहेली से बाजार जाने की बात कहकर कमरे से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। पिता ने अपने गांव के ही युवक रवि पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रवि भी उसी दिन से लापता है। जब युवक के परिजनों से बेटी के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने कथित तौर पर झगड़ा किया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और युवक-युवती की तलाश की जा रही है। सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

परिवार से मारपीट में बेटे पर प्राथमिकी

बदायूं। उघैती थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र जितेंद्र झगड़ालू प्रवृति का है। वह आए दिन परिवार वालों से मारपीट करता है। 13 जून को वह शराब पीकर घर आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। जब पत्नी व बेटियों ने आकर उसे बचाया तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज की है।

ग्रामीण से मारपीट में मामा-भांजे पर प्राथमिकी

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव अगेई निवासी रामू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका गांव के सुभाष से जमीन संबंधी मुकदमा चल रहा है। इसी बात से वह उससे रंजिश मानता है। 21 मई की दोपहर 3 बजे सुभाष उसका भांजा माधव निवासी दारानगर थाना अलापुर लाठी-डंडे लेकर और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

पड़ोसी से मारपीट में पिता-पुत्रों पर प्राथमिकी

बदायूं। थाना वजीरगंज के जखौलिया निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पड़िया राजेंद्र की जगह में पहुंच गई थी। इसी बात को लेकर 15 जून की सुबह 10 बजे विशांत,वीकेश पुत्रगण राजेंद्र व राजेंद्र ने गाली गलौज की। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो पिता-पुत्रों ने लाठी-डंडो से उसके साथ मारपीट की। शोरशराबा सुनकर गांव के लोग आ गए। ग्रामीणों को देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

मुहर्रम से पहले जर्जर हाईटेंशन लाइन बदलने की मांग

तस्लीम खां राजन ने मुख्य अभियंता को लिखा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाही, बरेली। भारतीय किसान यूनियन के जिला संगठन मंत्री तस्लीम खां राजन ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर तुरसा पट्टी और आसपास के गांवों से गुजर रही 11000 वोल्ट की जर्जर हाईटेंशन केबल को तत्काल बदलने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मुहर्रम से पहले समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है।

तस्लीम खां राजन ने पत्र में बताया कि कई स्थानों पर हाईटेंशन केबल के बंच ढीले होकर जमीन से मात्र 6 से 8 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं। जबकि मुहर्रम के दौरान गांवों से 12 से 15 फीट ऊंचे ताजिए निकलते हैं। ऐसे में करंट लगने का गंभीर खतरा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि केबल काफी पुरानी हो चुकी है और आंधी-पानी के समय अक्सर टूट जाती है। इससे कई दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप रहती है, जिसका सीधा असर किसानों की सिंचाई व्यवस्था पर पड़ता है। धान रोपाई के मौसम में बिजली कटौती से किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

जिला संगठन मंत्री ने मुख्य अभियंता से मुहर्रम से पहले लाइन का निरीक्षण कर जर्जर केबल बदलने की मांग की है, ताकि जनहानि और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस संबंध एसडीओ मीरगंज सूर्य प्रताप ने बताया कुड़का फीडर की जहाँ ज्यादा जर्जर लाइन है वहां कार्य शुरू करा दिया है। अगर ताजियो को लेकर लाइन से तुरसा पट्टी में दिक्कत है तो टीम को भेजकर दिख बा लिया जाएगा। सभी लाईन का समाधान होगा।

बरेली में यूआईडीएआई का पहला सेवा केंद्र शुरू

बरेली। बरेली में यूआईडीएआई ने अपना पहला आधार केंद्र का संचालन शुरू कर दिया है। यहां नया आधार बनवाने और नाम, पता, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सेवाएं मिलेंगी। यह केंद्र सातों दिन खुलेगा।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने बरेली में अपने पहले आधार सेवा केंद्र का संचालन सुचारू रूप से शुरू कर दिया है। राजेंद्र नगर में गुलमोहर पार्क के पास खुले इस केंद्र के बाद अब स्थानीय लोगों को आधार से जुड़ी सभी सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बताया जा रहा है कि इस सेवा केंद्र में आधार से संबंधित हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान एक ही छत के नीचे किया जा रहा है।

यहां लोग न केवल अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं, बल्कि पुराने आधार में नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, फोटो, जन्मतिथि, लिंग और बायोमेट्रिक (उंगलियों के निशान व आंख की पुतली) को भी अपडेट करा सकते हैं। इस केंद्र को पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। इसका संचालन पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर हो रहा है, जहां हर काम के लिए अलग-अलग काउंटर और प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

राशन घोटाले की शिकायत पर कोटेदार पर दबाव बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत के बाद धमकी, अंगूठा लगवाने की कोशिश

बरेली। तहसील सदर क्षेत्र के अलीनगर निवासी असगर खां ने जिलाधिकारी से शिकायत कर गांव के कोटा डीलर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि उसे लंबे समय से निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है और जब उसने इस अनियमितता की शिकायत की तो कोटेदार और उसके सहयोगियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। असगर खां के अनुसार, उसने राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद विभागीय जांच भी हुई, लेकिन जांच पूरी होने के बाद कथित तौर पर कोटा डीलर दौलतिया अपने सहयोगियों रियासत और इकराम के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने एक सादे कागज पर जबरन अंगूठा लगाने का दबाव बनाया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने अंगूठा लगाने से इनकार किया तो राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी गई और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इसके अलावा कोटेदार की ओर से फोन पर लगातार धमकियां दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। असगर खां ने बताया कि उसे हर माह करीब पांच किलो राशन कम दिया जाता है और वितरण के दौरान भी नियमों की अनदेखी की जाती है। उसने आरोपियों को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उसने अपने परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी गुहार लगाई है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी किया कार्य बहिष्कार

बहेड़ी : अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्यों का बहिष्कार एसडीएम कोर्ट तक सीमित हो गया है। अधिवकाओं ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन एसडीएम कोर्ट में कार्य नहीं किया।

उपजिलाधिकारी न्यायालय में वकीलों को दरकिनार कर आदेश होने का मामला कल बार एसोसिएशन की बैठक में उठा था। बार की बैठक में कल तहसील के सभी कोर्ट में न्यायिक कार्य न करने का निर्णय लिया गया था, जिसके चलते वकीलों ने काम नहीं किया था। बार की आज अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह राठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिर्फ एसडीएम कोर्ट में कार्य न करने का निर्णय लिया गया, जिसके चलते अधिवक्ताओं ने लगातार दूसरे दिन एसडीएम कोर्ट में कार्य नहीं किया।

चौपुला पुल आम जनता के लिए खुला, यातायात को राहत

मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बदायूं रोड स्थित चौपुला पुल के मरम्मत कार्य के पूर्ण होने के बाद सोमवार सुबह कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटते हुए पुल को आम जनता के लिए खोल दिया। पुल के पुनः चालू होने से मणिनाथ, सुभाष नगर, बदायूं रोड सहित आसपास के इलाकों के लोगों को बड़ी राहत मिली है।145 दिन का समय था लेकिन करीब 30 दिनों तक चले मरम्मत कार्य के दौरान पुल पर यातायात बाधित रहा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सुबह करीब 9 बजे विधायक संजीव अग्रवाल अपने साथ राजबहादुर सक्सेना, अमरीश कटारिया, सुधीर भटनागर, दिनेश गंगवार, वार्ड पार्षदों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मौके पर पहुंचे और पुल का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चौपुला पुल के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों लोगों की आवाजाही अब सुचारु होगी और लंबे समय से चली आ रही असुविधा समाप्त होगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूरा कराया जा रहा है। पुल खुलते ही वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई। स्थानीय लोगों ने भी खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए राहत भरा कदम बताया।

चाइनीज मांझा हादसे में हत्या के प्रयास में दर्ज हुआ मुकदमा

राज्यमंत्री के भतीजे के गंभीर घायल होने के बाद ड्रोन से होगी पतंगबाजी अड्डों की निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। चाइनीज मांझा से गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के भतीजे के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। बारादरी थाने में पहली बार चाइनीज मांझा बेचने वाले विक्रेता और इसका इस्तेमाल करने वाले पतंगबाज के खिलाफ हत्या के प्रयास (जानलेवा हमला) की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह रिपोर्ट बारादरी थाने के एसआई योगेश कुमार लोहकना की ओर से अज्ञात विक्रेता और पतंगबाज के खिलाफ दर्ज कराई गई है।पुलिस का कहना है कि चाइनीज मांझा धारदार हथियार की तरह काम करता है और इस हादसे में किशोर की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। इसी आधार पर मामले को गंभीर अपराध मानते हुए हत्या के प्रयास की धाराओं में कार्रवाई की गई है। बरेली में पतंगबाजी के दौरान हुए हादसे में इस तरह की रिपोर्ट पहली बार दर्ज की गई है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गई हैं। सोमवार रात और मंगलवार दिनभर आजमनगर, पुराना शहर, किला सहित कई इलाकों में छापेमारी कर चाइनीज मांझे की तलाश की गई, हालांकि कहीं से बरामदगी नहीं हो सकी। इस दौरान कुछ पतंगबाजों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई है। अब पुलिस ड्रोन कैमरों की मदद से छतों और पतंगबाजी के प्रमुख ठिकानों की निगरानी करेगी। स्थानीय बाजारों में चाइनीज मांझा न मिलने के बावजूद इसकी ऑनलाइन बिक्री पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुलिस ई-कॉमर्स के जरिए होने वाली सप्लाई चेन पर भी नजर रखते हुए रणनीति तैयार कर रही है।घटना के बाद गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत कई जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता अस्पताल पहुंचे और घायल आदित्य का हालचाल जाना। चिकित्सकों के अनुसार किशोर की हालत अब स्थिर है और दो-तीन दिन में उसे अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझा से जुड़े मामलों में विक्रेता और इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।



तैयारी — DIG अजय कुमार साहनी के निर्देशन में ड्रोन, CCTV और भारी पुलिस बल तैनात

मोहर्रम पर बरेली परिक्षेत्र में कड़ी सुरक्षा, 1384 जुलूसों के लिए हाई अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बरेली परिक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। अजय कुमार साहनी (उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र) के निर्देशन में जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत और शाहजहांपुर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता, ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की प्रभावी व्यवस्था लागू की गई है।

परिक्षेत्र में कुल 1384 जुलूस निकाले जाएंगे। स्थापित किए जाने वाले ताजियों की संख्या 2128, दफनाए जाने वाले ताजियों की संख्या 2003 तथा कर्बलाओं की संख्या 357 है। पूरे क्षेत्र को 55 जोन और 202 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था तय की गई है। बरेली में 894, बदायूँ में 144, पीलीभीत में 205 और शाहजहांपुर में 141 जुलूस प्रस्तावित हैं। शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए कुल 6 कंपनी पुलिस बल, 2 प्लाटून पीएसी, 1 प्लाटून बाढ़ राहत तथा 2 टीम एसडीआरएफ तैनात की गई हैं। इसके अलावा 238 क्यूआरटी टीमों का गठन किया गया है। ड्यूटी में 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 36 पुलिस उपाधीक्षक, 262 निरीक्षक, 1743 उपनिरीक्षक, 2986 मुख्य आरक्षी और 10014 आरक्षी नागरिक पुलिस लगाए गए हैं। पुलिस-प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों व समय में ही निकाले जाएंगे। ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी और नई परंपरा या मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अफवाह फैलाने, नियम उल्लंघन या कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति और भाईचारा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी, 25 जून से शुरू होंगे एग्जाम

बरेली। बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड प्रथम वर्ष (मुख्य परीक्षा-2026) का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षाएं आगामी 25 जून से शुरू होकर छह जुलाई तक कराई जाएंगी। परीक्षार्थियों की सहूलियत के लिए परीक्षाओं का समय सुबह की पाली में यानी आठ बजे से 11 तक निर्धारित किया गया है।

परीक्षा की शुरुआत 25 जून को चाइल्डहुड एंड ग्रोइंग अप के पहले पेपर के साथ होगी। इसके बाद 27 जून को कंटेम्परेरी इंडिया एंड एजुकेशन और 29 जून को लर्निंग एंड टीचिंग विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जून के आखिरी दिन यानी 30 जून को छात्रों को लैंग्वेज अक्रॉस द करिकुलम का पेपर देना होगा। जुलाई महीने की शुरुआत में भी परीक्षाएं बिना किसी लंबे अंतराल के जारी रहेंगी। एक जुलाई को अंडरस्टैंडिंग डिसिप्लिन एंड सब्जेक्ट्स और दो जुलाई को जेंडर, स्कूल एंड सोसाइटी की परीक्षा होगी।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर-

7906815587, 9758444242

सोनू ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' से रोशन की अपनी तकदीर

- **1.90 लाख की लागत से मोमबत्ती फैक्ट्री लगाकर 8 लोगों को दिया रोजगार**

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिले की तहसील बिलासपुर स्थित छोटे से गांव मेहतोष निवासी 20 वर्षीय सोनू ने अपनी मेहनत और 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के सहारे कामयाबी की एक नई इबारत लिख दी है। कभी हाथों से सांचों में मोमबत्ती ढालने वाले सोनू आज अपनी खुद की आधुनिक मशीन लगाकर एक सफल उद्यमी बन गए हैं।योजना के तहत करीब 2 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने 1 लाख 90 हजार रुपये की लागत वाली मोमबत्ती निर्माण इकाई स्थापित की है। इस बेहतरीन पहल से न केवल उनकी आधिकारिक वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रुपये दर्ज की गई है, बल्कि उन्होंने गांव के ही 8 अन्य लोगों को रोजगार देकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की एक बड़ी मिसाल भी पेश की हैसोनू पहले भी मोमबत्ती बनाने का व्यवसाय करते थे, लेकिन तब उनके पास केवल हाथ से चलने वाले छोटे सांचे थे, जिनसे एक बार में मात्र 24 मोमबत्तियां ही बन पाती थीं। इस पुरानी प्रक्रिया में समय अधिक लगता था और पूरे दिन में बमुश्किल 400 से 500 पैकेट ही तैयार हो पाते थे। लेकिन 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' से जुड़ने



काम करता सोनू।

के बाद उन्होंने नई मशीन खरीदी, जिससे अब वह एक बार में 300 मोमबत्तियां बेहद आसानी से तैयार कर लेते हैं। उत्पादन बढ़ने से अब वे हर महीने 30 से 40 हजार रुपये की शानदार कमाई कर रहे हैं। बरसात के मौसम और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों पर उनके उत्पादों की मांग इतनी बढ़ जाती है कि लोकल मार्केट और बड़ी दुकानों से आने वाले ऑर्डर भी पूरे करने मुश्किल हो जाते हैं।

नजीबाबाद में 10 दिन का प्रशिक्षण और 2 लाख का ऋण

इस व्यावसायिक सफलता के पीछे एक सुनियोजित सरकारी तैयारी भी शामिल है। सोनू को जब इस योजना के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने ऋण के लिए आवेदन किया और 13 सितंबर 2024 को उनका 1.90 लाख रुपये का लोन स्वीकृत हो गया। काम शुरू करने से पहले उनके कौशल को निखारने के लिए विभाग द्वारा नजीबाबाद स्थित खादी ग्रामोद्योग के प्रशिक्षण केंद्र में उन्हें 10 दिन का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। वहां उन्हें मशीन ऑपरेटिंग सिस्टम, मोमबत्ती बनाने की नई तकनीक और बाजार में बिक्री (मार्केटिंग) के आधुनिक गुर सिखाए गए। इसी प्रशिक्षण का परिणाम आज उनके व्यवसाय की तेज रफ्तार के रूप में सामने आ रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाले सूक्ष्म एवं कुटीर उद्योग स्थापित कराकर युवाओं का शहरों की ओर पलायन रोकना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रामपुर जिले में ऐसी 13 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत इसमें मिलने वाली 'ब्याज उपादान' (इंटरेस्ट सबवेंशन) की सुविधा है। इसके तहत आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को शून्य ब्याज दर पर और सामान्य जाति के पुरुषों को मात्र 4 प्रतिशत के मामूली ब्याज पर टर्म लोन मुहैया कराया जाता है, जबकि बैंक के शेष ब्याज का पूरा खर्च विभाग स्वयं वहन करता है।

भविष्य की ऊंची उड़ान और दूसरों के लिए प्रेरणा

महज 20 साल की छोटी उम्र में 8 लोगों के लिए रोजगार का सृजन करने वाले सोनू यहीं रुकना नहीं चाहते हैं। स्थानीय बाजार में 10 और 20 रुपये वाली मोमबत्तियों की भारी मांग को देखते हुए, उनकी योजना भविष्य में दो और नई मशीनें लगाने की है ताकि बड़े ऑर्डर भी आसानी से लिए जा सकें। आज शिवऔतार के बेटे सोनू रामपुर जिले के अन्य बेरोजगार युवाओं के लिए एक सच्चे 'रोल मॉडल' बन चुके हैं।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भुपेंद्र सिंह का कहना है कि पारंपरिक कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित कराकर युवाओं का पलायन रोकना है। सोनू जैसे युवा इस बात का जीता-जागता उदाहरण हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बना जा सकता है।

एक नजर

शाहबाद में प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार शुरू

शाहबाद। नामित सभासदो अर्पित वशिष्ठ और अमित चंद्रवंशी के प्रयासों से शहर के ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार शुरू हो गया। बुधवार के सीओ देवकीनंदन और तहसीलदार अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बंद पड़े कुएं की खुदाई शुरू की। आपको यह भी बता दें कि नामित सभासदों ने डीएम से कुएं के जीर्णोद्धार कराने की मांग की थी, जिसके बाद सीओ और तहसीलदार की मौजूदगी में नगर पंचायत की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद से बंद पड़े कुएं को खुलवाने का काम शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार कुएं के चारों तरफ सुंदर बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का कराया गर्भपात

शाहबाद। थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर, जेठ, सास और ननद पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जबरन गर्भपात कराने, छेड़छाड़ करने और घर से निकालने के गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। ग्राम गुजरैला निवासी प्रियंशी ने महिला थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह जून 2023 में संभल जनपद के बहजोई थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मच्छखेड़ा निवासी अरुण पुत्र फूल कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के करीब छह माह बाद से ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2025 में छह माह के गर्भ के दौरान ससुराल पक्ष ने एक अज्ञात चिकित्सक को घर बुलाकर जबरन गर्भपात करा दिया।

जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र और चेक

स्वरोजगार, आवास और छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र लाभार्थी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के 12 वर्ष थीम के अंतर्गत विकास भवन परिसर में 17 से 20 जून तक आयोजित चार दिवसीय समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी,एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

सदस्य विधान परिषद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत


स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि एमएलसी सतपाल सैनी। -जागरण मोर्चा


प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

मिशन, मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित कर जनकल्याण को नई दिशा दी है। आज योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। सीआईएफ समूह को 6.45 लाख रुपये तथा आरएफ समूह को 23.40 लाख रुपये के डेमो चेक वितरित किए गए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों श्रीमती सुषमा एवं श्रीमती गजाला खानम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत खुशी सैनी 53850 एवं दिनेश यादव को 53,850 रुपये का चेक प्रदान किया गया।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विद्युत चालित चाक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित पेंशन, छात्रवृत्ति एवं आवास योजनाओं के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र एवं सहायता राशि प्रदान की गई।प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुत लोकगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

सार संक्षेप



जिला कारागार में योगा कराते प्रशिक्षक। -जागरण मोर्चा

अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करे

रामपुर। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत इस बार की थीम स्वस्थ्य आयु के लिए योग के क्रम में आयुष विभाग द्वारा जिला कारागार में योग शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता द्वारा बंदियों को प्राणायाम एवं योग कराया। योग प्रशिक्षक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी। सभी बंदियों ने उत्साह पूर्वक योग किया। जेलर सुनील कुमार सिंह ने बंदियों को योग के प्रति जानकारी देते हुए कहा योग के माध्यम से जेल में रहकर आप अपनी सेहत का ख्याल रख सकते हैं। अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। प्रतिदिन योग करें। कार्यक्रम में लगभग 55 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर सुनील कुमार सिंह, डिप्टी जेलर रणवीर सिंह व रुचि उपस्थिति रहे।

चौहद्दा के जंगल में फिर दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल होने से किसानों में दहशत

मसवासी। चौकी क्षेत्र के गांव चौहद्दा के जंगल में एक बार फिर तेंदुए के दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से किसानों में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि कोसी नदी किनारे एक खेत में बैठे तेंदुए का वीडियो किसी राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जिसके बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। बुधवार को चौहद्दा-कोसी नदी क्षेत्र में खेतों के पास तेंदुआ आराम करता दिखाई दिया। उसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसका वीडियो बना लिया।वीडियो वायरल होने के बाद आसपास के किसानों में भय का माहौल है। किसानों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी के कारण खेतों में काम करने जाने से डर लग रहा है।ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के बावजूद विभाग ने तत्काल जांच की जरूरत नहीं समझी।वन क्षेत्राधिकारी रमाकांत सक्सेना ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।उधर, तेंदुए की मौजूदगी की खबर से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। लोगों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है।


चौहद्दा के जंगल में फिर तेंदुआ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रिंस पार्क में होगा सामूहिक योगाभ्यास



रामपुर। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुरानी आवास विकास कॉलोनी स्थित प्रिंस पार्क में प्रातः 6 बजे सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गोसेवा गोपाल सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने कॉलोनीवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक प्रातः 6 बजे प्रिंस पार्क पहुंचकर योगाभ्यास करें तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन को सफल बनाएं।

खुशबू गार्डन मामले में सफाई साक्ष्य गवाह तलब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। स्पेशल न्यायालय एमपी-एमएलए में बुधवार को खुशबू गार्डन के मामले में सुनवाई हुई। जिसमें सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां समेत 12 लोगों पर आरोप तय हो चुके हैं। बुधवार को इस मामले में न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय शहर विधायक को गवाही के लिए तलब किया है। जिसके लिए 25 जून नियत की गई है। इसके अलावा पूर्व पालिकाध्यक्ष के खिलाफ थाना गंज में दर्ज मामले में सुनवाई हुई। इसमें भी न्यायालय ने सुनवाई के लिए 25 जून नियत कर दी है। खुशबू गार्डन मामले में वर्ष 2019 में सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रानू खां, महबूब हीरो, कामरान, उजैन समेत 12 लोगों को नामजद किया था। जिसमें आजम खां द्वारा पूर्व सांसद जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया था।

विभिन्न खाद्य पदार्थों के 5 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने खाद्य पदार्थों की जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट,पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर,सहायक आयुक्त,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की एक संयुक्त टीम गठित की है। गठित टीम द्वारा 16 से 17 जून को नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही मांस की दुकानों, मांस बेचने वालें रेस्टोरेंटो की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया।इस विशेष छापामार अभियान में अजीतपुर चौराहा स्थित सलमान मीट शॉप का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पायी गई अनियमितिताओं के क्रम में मीट शॉप के मालिक सलमान पुत्र निसार अहमद को इम्प्रूवमेंट नोटिस निर्गत किया गया। मौके पर संबधित खाद्य


दुकानों की चेकिंग करते अधिकारी।

कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमों का अनुपालन कर कारोबार संचालित करने के निर्देश दिये। मौके पर संबधित खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमों का अनुपालन कर कारोबार संचालित करने के निर्देश दिये।इसके अतिरिक्त डायमण्ड रोड स्थित ब्लिंक कॉर्मस प्रा०लि० के विशाल यादव से वेज मेयोनेज निर्माता के सील्ड मूल पैक में शेजवान चटनी डॉ. कोटकर ब्राण्ड) (सील्ड पैक) का 1-1 नमूना लिया। रूबी पैलेस, शाहबाद गेट स्थित जैन ट्रेडर्स के आलोक जैन से कैच ब्राण्ड का हल्दी पाउडर निर्माता के सील्ड मूल पैक में हींग निर्माता का मूल पैक, अदरक-लहसुन का पेस्ट मूल पैक का 1-1 नमूना लिया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थ के कुल 5 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किया जायेगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, देवकान्त, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, धर्मपाल सिंह, शहाबुद्दीन दोस्त उपस्थित रहे।

किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



भोट। थाना पुलिस ने करीब दो सप्ताह पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।करीब दो सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की पुत्री का पटवाई थाना क्षेत्र के हरियाल गांव निवासी राकेश ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया था। पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद करने को टी मों का गठन किया था।जिसके बाद पुलिस टीम ने किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। वहीं आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गए थे। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि बुधवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी के अपहरण के आरोपी राकेश को सनैया गांव के कट के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह से मिले शिक्षक



जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार के नेतृत्व में वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह से मिला। उनको वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर बधाई दी। पिछले दिनों बेसिक शिक्षा में कार्यरत लेखाधिकारी विकास खंडेलवाल का संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक बरेली तबादला होने के बाद वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया गया कि शिक्षकों को किसी प्रकार की कोई समस्याओं नहीं आने दी जाएगी। समय पर शिक्षकों के भुगतान किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने भी पूर्ण सहयोग करने आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष चमरौआ विनीत श्रीवास्तव, ब्लॉक महामंत्री शाहबाद अतुल कुमार, सुनील मौर्य मीडिया प्रभारी विजयपाल मौजूद रहे।

शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, प्रेमी को बुलाने पर उतरी नीचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाडपुर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती अपने प्रेमी से शादी की मांग को लेकर गांव के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती ने साफ कह दिया कि जब तक उसका प्रेमी मौके पर आकर शादी का भरोसा नहीं देगा, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टावर पर चढ़ी युवती को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बावजूद युवती अपनी मांग पर अड़ी


मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

रही।पुलिस जांच में सामने आया कि युवती का कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ पिछले चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवती का आरोप था कि प्रेमी शादी का आश्वासन देने के बाद अब दूरी बना रहा है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह ने अपनी टीम और महिला पुलिस कर्मियों और सर्विलांस टीम के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को लोकेशन के आधार पर बुलवाया। प्रेमी के मौके पर पहुंचने और बातचीत करने के बाद युवती टावर से नीचे उतरने को राजी हो गई।इसके बाद पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई, जहां देर शाम तक समझौते और विवाह को लेकर बातचीत चलती रही। युवती शादी की मांग पर अड़ी हुई है, जबकि दोनों परिवारों के बीच भी वार्ता जारी है।प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह ने बताया कि युवक और युवती दोनों बालिग हैं। मामले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। दोनों पक्षों एवं परिजनों की सहमति के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परेशानी दवा के लिए बनाया गया इनडेंट, लखनऊ से आएगी दवा

जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस बी की दवा हुई खत्म, मरीज परेशान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिला अस्पताल में रोगियों को हेपेटाइटिस बी की दवा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। दवा स्टोर के आंकड़ों के अनुसार हेपेटाइटिस बी की दवा सिर्फ एक ही रोगी के लिए स्टोर में मौजूद है। जबकि हेपेटाइटिस सी पंद्रह दिन के लिए मौजूद है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने हेपेटाइटिस बी, सी का इनडेंट बनाकर शासन को भेजा है।



दरअसल जिला अस्पताल के कमरा नंबर 12 में बैठे डॉ.राजीव राजपाल रोगियों को परामर्श देकर काला पीलिया की दवा देते हैं। लेकिन पिछले दो दिन से अस्पताल में रोगियों को हेपेटाइटिस बी के रोगियों को परेशान होना पड़ रहा है। रोगियों की समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने दवा मंगाने के लिए लखनऊ भेजा है। जिसमें सी के लिए 4500 डोज यानि एक लाख 26 हजार, बी के लिए 600 डोज 26,000 की डिमांड की है। जिससे रोगियों को परेशान न होना पड़े। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि हेपेटाइटिस बी दवा के लिए लखनऊ भेजा गया है शाम तक अस्पताल में दवा आ जाएगी।

बगड़खा में एक माह से पानी का संकट, ओवरहेड सूखा

ग्रामीणों को अधिक हो रही परेशानी, नहीं हो रही कोई सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। थाना अजीमनगर क्षेत्र के बगड़खा में पिछले एक माह दिनों से गहराए पेयजल संकट ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई है। जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पानी की कमी से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

सैदनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत बगड़खा में एक माह से जलापूर्ति बंद होने के कारण लोगों को निजी हैंडपंपों और अन्य मोहल्लों से पानी लाना पड़ रहा है। कई परिवारों को पीने के पानी के लिए अतिरिक्त खर्च कर पानी खरीदना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन योजना शुरू की थी, लेकिन बगड़खा पंचायत में यह योजना अपने उद्देश्य को पूरा करती नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। उनका कहना है कि संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे है।


गांव बगड़खा में बना ओवरहेड टैंक।

मैंने तीन-चार दिन पहले ही चार्ज संभाला है। बगड़खा गांव के ओवरहेड टैंक के मामले में जानकारी कराई जा रही है। -रामकुंवर, एक्सईएन, ग्रामीण जल निगम।

एनकेजी फर्म हो चुकी है ब्लैक लिस्ट

20 जनवरी को जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में एनकेजी प्राइमस फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। घाटमपुर स्थित जल निगम ग्रामीण कार्यालय में तीन फर्म रजिस्टर्ड है। जिसमें एसपीएमएल इंफ्रा, ओएमआईएल, एलसी फर्म के ठेकेदार कार्य कर रहे हैं। लेकिन अधिकतर कार्य बजट न मिलने की वजह रूके हुए हैं।

किसानों की शिकायतों का हो रहा फर्जी निस्तारणः भानु

- शाहबाद के गांव तेलीपुरा में आयोजित हुई बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में तहसील शाहबाद ग्राम तेलीपुरा में राधेश्याम राजपूत के आवास पर संपन्न हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की अंश निर्धारण, किसान फॉर्मर ईडी को लेकर खाद समस्या, यूरिया, डीएपी, गंगा के किनारे बंजर एवं ऊसर भूमि पर कब्जा को लेकर चर्चा हुई।

जो आय दिन किसानों के आपस मे झगड़े होते रहते है नाली एवं चकरोड को किसान निकालने को परेशान है जिसमें ग्राम तेलीपुरा,भगवतीपुर व भगवंतपुर, चकरपुर, शेखुपुरा, आदि गांवों की है किसान अपनी शिकात लेकर तहसील जाता है परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की जाती है किसान पोर्टल पर शिकायत करता हैं उसका भी फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया जाता है। किसानों को खाद के नाम पर कभी फॉर्मर ईडी, कभी आधार कार्ड एक कट्टा के लिए लाना पड़ रहा हैं। ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू मालिक ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन कराएं। इस मौके पर रामपाल पटेल, पप्पू मलिक, राकेश गंगवार, अनिल बघेल, रामनाथ मौर्य, चौ संदीप सिंह, छुट्टन खा, लालता प्रसाद लोधी, भूरा खा, बाबू राम राजपूत सहित अन्य किसान मौजूद रहे।


तहसील शाहबाद के गांव तेलीपुरा में आयोजित पंचायत में बोलते जिलाध्यक्ष।

सार संक्षेप

खाद के लिए समितियों पर लगी रही लंबी-लंबी कतारें

रामपुर। राष्ट्रीय किसान यूनियन मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील सदर में प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा कि किसानों को खाद की बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सोसाइटी में खाद के नाम पर लाइन लग रही है। बिजली विभाग में लाइट की समस्या से जूझ रहा किसान बिजली की समस्या से सिंचाई नहीं हो पा रही वन विभाग में अवैध कटान चरम सीमा पर हो रहा है परमिट के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है और सरकारी लकड़ी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आए दिन पीपली स्वार, बिलासपुर डांडिया खैर बेशकीमती लकड़ी वन विभाग की मिलीभगत से काटी जा रही है। पूर्ति विभाग के डीपू होल्डर मनमानी पर उतारू हैं। समय आने पर समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।


एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

मोहर्रम का नजर आया चांद, इस्लामिक साल शुरू

रामपुर। मोहर्रम का चांद का दीदार मंगलवार की शाम हो गया। दीदार होने से इस्लामिल साल की शुरूआत हो गई। इसी तरह बुधवार को पहली तारीख और 26 जून शुक्रवार को यौमे अशूरा मनाया जाएगा। अनस मियां कार्यवाहक शहर काजी ने बताया कि मंगलवार की शाम को मोहर्रम उल हराम को चांद का दीदार हो गया। जिसके बाद 26 जून को यौमे अशूरा मनाया जाएगा। उन्होंने सभी मुसलमान ए रामपुर को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि पुरानी बातों को भूलकर नए इस्लामिक साल पर नए शुरूआत कर आपसी भाईचारे कायम करें। एक-दूसरे का साथ दें। इस दौरान नायब ए शहर मौलवी फैजान खां, काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां, सदर जामा मस्जिद सैयद शुऐब मियां, सेकट्री मुकर्रम रजा खां इनायती आदि मौजूद रहे।


जामा मस्जिद कार्यालय में चांद का ऐलान करते कार्यवाहक शहर काजी।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

'योग के राष्ट्रीय अभियान को ऐतिहासिक बनाए'

रामपुर। 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान की एक संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार, जन-भागीदारी बढ़ाने और विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले योग शिविरों की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा ने सभी पदाधिकारियों और योग शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के कोने-कोने तक, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में योग की अलख जगाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने सभी योग शिक्षकों से पूरे उत्साह के साथ लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योग का लाभ पहुंचाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी योग शिक्षक मनोयोग से जुट जाएं। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि मेहरा ने योग दिवस की तैयारियों को लेकर रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि जिले के प्रमुख पार्कों विद्यालयों सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविर लगाए जा रहे हैं जिनमे अनुभवी योग शिक्षक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करा रहे हैं। इस बार गाँव गांव तक योग के कार्यक्रम किए जाने की योजन बनायी गई है। बैठक में सतीश सक्सेना, गंगासरण यादव, दिनेश कुमार, ओंकार सिंह, नकुल लोधी आदि ने विचार व्यक्त किए।

मेहंदीनगर भैरव बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित मेहंदी नगर के प्रसिद्ध भैरव बाबा मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

भक्तों ने विधि-विधान से भगवान भैरव बाबा का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।पूरे दिन मंदिर परिसर "जय भैरव बाबा" के जयकारों से गूंजता रहा और भक्तिमय वातावरण बना रहा। भैरव बाबा मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है, जिसके चलते यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। विशेष अवसरों पर भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना और जलाभिषेक से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।प्रत्येक माह की 17 तारीख को यहां एक मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले में खीर एक खिचड़ी का प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन आयोजन भी किए जाते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो जाता है। भैरव बाबा मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है।हर महीने लगने वाले मेले से स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों को भी लाभ मिलता है। प्रशासन और मंदिर समिति श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करती है, जिससे आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


मंदिर के बाहर लगी भक्तों की लाइन। -जागरण मोर्चा

इमामबाड़ा किला से निकाला गया जरीह का जुलूस

- जुलूस में शामिल हुए पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां


जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। इमामबाड़ा किला से बुधवार को जरीह का जुलूस बरामद हुआ। या हुसैन-या हुसैन और या अली मौला-या अली मौला की सदाओं से फिजा गूंज उठी। माहे मोहर्रम शुरू होते ही इमामबाड़ों में मजलिस, मातम,रौशनी और नजरों-नियाज का सिलसिला शुरू हो गया है।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने इमामबाड़ा किला से जरीह उठाकर जुलूस शुरू कराया। जुलूस में अजादारों ने नोहाख्वानी और मातम किया। जरीह का जुलूस इमाबाड़ा किला से इमामबाड़ा कदीम पहुंचा। जुलूस में अजादारों ने मातम किया और इफ़्तेख़ार महमूद, हसन ऐजाज़, मुंतज़िर, बिट्टन ज़ैदी, जैन ज़ैदी आदि ने नोहाख्वानी की।

इमामबाड़ा खासबाग में मजलिस का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसमें सुन्नी मुसलमानों समेत सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं।

इमामबाड़ा मकबरा जनाबे आलिया और इमामबाड़ा किला मर्दाना में सुबह में मजलिस हो रही हैं। इमामबाड़ा खासबाग, गुलज़ारे रफत, किला, मकबरा जनाबे आलिया, कर्बला शरीफ और मकबरा नवाबजाद आबिद अली खां में रिवायती तौर पर मजलिसों, रौशनी और नजरों-नियाज का सिलसिला शुरू हो गया है। सबील-ए- हुसैन भी लगाई जा रही हैं। मेहंदी, जुलजनाह और ताजिये के जुलूसों की तैयारियां पूरी हैं। इस मौके पर मुतवल्ली औकाफ नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां, शबाब हुसैन, तसलीम सहरी, तकी अब्बास, मंसूर हुसैन, अब्बास हैदर, शान जैदी, बाबर रिज़वी आदि मौजूद रहे।


इमामबाड़ा किला जरीह का जुलूस निकालते अजादार। साथ में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। -जागरण मोर्चा

गोष्ठी में किया युवाओं को ज्ञान, शोध से जुड़े का आहवान

- मदरसा जामे उलूम फुरकानिया में आयोजित विचार गोष्ठी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। मिस्टन गंज स्थित मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया हॉल में इस्लाम, तानाशाही और पिछड़ापन विषय पर शैक्षिक एवं वैचारिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संबोधन में डॉ. शायर उल्लाह खां वजीही ने पुस्तक अध्ययन बौद्धिक गोष्ठियों और वैचारिक बैठकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को ज्ञान और शोध से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में मौलाना एहतिसामुल्लाह खां वजीही इमाम जामा मस्जिद ने इस्लाम, तानाशाही और पिछड़ापन विषय पर कुरआन मजीद, हदीस-ए-नबवी पर रोशनी में अत्यंत तर्कपूर्ण, व्यापक और विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। उन्होंने कुरआन और सुन्नत के अनेक संदर्भों के माध्यम से बताया कि जब समाज ज्ञान, न्याय, ईमानदारी और परामर्श के सिद्धांतों से दूर हो जाते हैं, तो पतन, पिछड़ापन और अव्यवस्था उनका भाग्य बन जाते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर छात्रों में खुसरो फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित उपयोगी पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर सैयद शुऐब मियां, शुऐब रज़ा खां वारसी, ताहिर रज़ा खां वारसी, अहमद मियां, डॉ. नूर मोहम्मद, मुकर्रम रज़ा खां इनायती, एडवोकेट शारिक उल्लाह खां वजीही आदि मौजूद रहे।


मदरसा फुरकानिया में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

डीएम के निरीक्षण का मैसेज पास होने पर पालिका प्रशासन में मचा हड़कंप

- मैसेज पास होते हुए अपने-अपने पटलों पर पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी या उच्च अधिकारियों द्वारा नगर पालिका परिषद के निरीक्षण का मैसेज पास होते पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया। मैसेज पास होते ही आनन-फानन में कर्मचारी अपने-अपने पटलों पर पहुंचे। उधर ईओ भी अपने कार्यालय और सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने अपने कार्यालयों में बैठे रहे।

11 अगस्त 2025 को तत्कालीन डीएम जोगिन्दर सिंह अचानक पालिका पहुंचे थे। जहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान गदंगी, फाइलों में अनिमित्ताओ, कर्मचारियों के गैरहाजिर मिलने पर नाराजगी जताई थी। बुधवार को पालिका प्रशासन द्वारा डीएम और उच्च अधिकारियों के निरीक्षण का मैसेज पास किया गया। मैसेज पास होने पर सभी कर्मचारियों में खलबली मच गई। बुधवार को पालिका प्रशासन द्वारा डीएम या फिर उच्च अधिकारियों के निरीक्षण करने का मैसेज पास किया गया। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि कोई कर्मचारी लापरवाही न बरते।





बैठक को संबोधित करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

मॉडल योजना के विरोध में कलमबंद हड़ताल जारी

मिलक। 17 जून सरकार द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना के विरोध में बार एसोसिएशन मिलक ने 17 जून को पूर्ण कलमबंद हड़ताल का ऐलान किया है। अधिवक्ता बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडर पूरे दिन कार्य से विरत रहें। बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में आयोजित आवश्यक बैठक में सभी बार सदस्यों, बैनामा लेखकों और स्टाम्प वेंडरों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना लागू होने से आम जनता पूरी तरह प्रभावित होगी और समाज में बेरोजगारी की भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। हजारों परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे।बार एसोसिएशन ने कहा कि जब तक सरकार इस योजना को वापस नहीं लेती, तब तक अधिवक्ता,बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडरों का विरोध स्वरूप संघर्ष जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने सभी अधीनस्थ न्यायालयों से हड़ताल में सहयोग करने का अनुरोध किया है।आम सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष सतीश चन्द्र गंगवार और संचालन महासचिव रमेश चन्द्र ने किया। कमला कान्त शर्मा, सोमपाल भारतीय, देशवीर सिंह, विवेक गंगवार, देवेन्द्र गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, बसंत कुमार, विपिन तिवारी, जावेद मलिक, सुधीर शुक्ला, रमेश मिश्रा, अरविंद पांडे, धर्मेंद्र शर्मा, हरीश गंगवार, बाबूराम गंगवार,आदि मौजूद रहे।

तीन दिन पूर्व लापता युवक बरामद

भोट। थाना पुलिस ने तीन दिन पूर्व गायब हुए मानसिक रूप से कमजोर युवक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक के बरामद होने पर परिजन खुश हो गए और पुलिस टीम का आभार जताया। भोट कस्बा निवासी फिरासत ने बताया कि उसका पुत्र फरमान मानसिक रूप से कमजोर है तथा 13 जून की दोपहर में वह घर से टहलने निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने पर भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पायी। जिसके बाद उसके पिता ने गुमशुदगी दर्ज करायी थी।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि मंगलवार दोपहर में युवक को लाला वाला बाग स्थित मार्केट से सकुशल बरामद कर पिता के सुपुर्द कर दिया है।

बैठक

औसतन 18 से 20 घंटे ही बिजली मिलने की रखी बात

उद्योगों को अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले :श्रीष

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। विद्युत वितरण मंडल कार्यालय पर बुधवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर के पदाधिकारी एवं प्रमुख उद्यमियों ने चेयरमैन श्रीष गुप्ता के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र कुमार चौहान के कार्यालय में मीटिंग की।

मीटिंग में उद्यमियों ने ज़िले के अलग अलग छेत्रों में मिल रही आपूर्ति की सप्लाई शीट प्रस्तुत की। औसतन 18 से 20 घंटे ही बिजली मिलने की बात रखी। बार बार ट्रिपिंग, शटडाउन,रोस्टिंग,की समस्या रखी,इस कारण उद्योगों को काफी क्षति उठानी पड़ रही है,लाखों रुपये का डीजल लग रहा है। उद्योगों को डीजल की उपलब्धता भी कम हो पा रही है ,उत्पाद की लागत महंगी हो रही है। रामपुर में मेंथा एवं प्लाईवुड के उद्योग प्रमुख है ,उनको भारी समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है। क्वालिटी भी प्रभावित हो रही है। केंद्र सरकार की नीति भी है की पेट्रोलियम पदार्थों का उद्योगों में प्रयोग कम किया जाए जिस से की विदेशी मुद्रा बचे,प्रदेश के मुख्यमंत्री का उद्योगों को 24 घंटे विद्युत सप्लाई केआदेशहै ,सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सतेंदर सिंह चौहान को सचिब मनोज गर्ग ने एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मोदी ज़ेरॉक्स के 50 बर्ष पुराने फीडर को उच्चीकृत करने,बरसात से पहले डालियों की कटाई। आवश्यक हो इंसुलेटेड एच टी वायर लगाने ,पुराने डैमेज कंडक्टर्स बदलने, विद्युत उपकरणों के लिए केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता लेने,एक्स्ट्रा सोलर पावर स्टोर करने के लिए लार्जर वेटरी बेक अप की व्यवस्था आदि मांगे रखी।अधीक्षण अभियंता सतेंदर सिंह चौहान ने सभी सुझावों को विस्तार से सुना।अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए।


एवं सभी मांगो एवम सुझावों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया एवं प्रतिनिधिमंडल को संतुष्ट किया। बैठक में वाईस चेयरमैन मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल ,विमल मिश्रा,प्रदीप गुप्ता, वत्सल अग्रवाल, स्वाति मेंथोल, मेंथोल एंड अलाइड ,जीरो फुट प्रिंट ,नीरू मेंथोल आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते उद्यमी। -जागरण मोर्चा

बड़े मंगल पर मंगलधाम में सामुहिक सुंदरकांड का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

भोट। क्षेत्र के गजरौला गांव स्थित प्रसिद्ध मंगलधाम में बड़े मंगल के अवसर पर सामुहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया ।सायं करीब छह बजे विधि-विधान के साथ हनुमान जी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया।सुंदरकांड समाप्ति के बाद हुनमान चालीसा व महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित सभी श्रद्वालुओं ने भगवान हनुमान जी की आराधना की और भजनों से गुणगान कर परिवार, समाज और राष्ट्र के सुख, समृद्धि की कामना की ।आयोजन स्थल जय सिया राम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।रात करीब आठ बजे अटूट भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर के प्रधान सेवक व पूर्व विधायक संजय कपूर, संतोष कपूर,लीना कपूर,ज्ञान प्रकाश गुप्ता,नरेन्द्र कुमार सक्सेना,दिनेश रस्तोगी,काशी प्रसाद आदि मौजूद रहे।



रायसत्ती मंदिर के सामने अतिक्रमण हटाने से बढ़ी चिंता

● विधवाओं ने प्रशासन से लगाई गुहार, बोलीं—यहीं बसी हमारी जिंदगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रायसत्ती मंदिर के सामने अतिक्रमण हटता बुलडोजर। –जागरण मोर्चा

चन्दौसी। संभल में भागीरथी तीर्थ रायसत्ती मंदिर के सामने प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नया मोड़ सामने आया है। प्रशासन द्वारा कथित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर भूमि खाली करने के निर्देश दिए जाने के बाद मंदिर की देखरेख कर रही चार विधवाओं ने अपनी पीड़ा प्रशासन के समक्ष रखी है। महिलाओं का कहना है कि वे और उनके परिवार कई दशकों से इस स्थान पर रह रहे हैं तथा उनकी आजीविका और भावनात्मक जुड़ाव इसी भूमि से जुड़ा हुआ है।

उनके पूर्वजों की समाधियां भी इसी परिसर में स्थित हैं, जिनकी देखभाल वे वर्षों से करती आ रही हैं। उनका कहना है कि मंदिर और आसपास का यह क्षेत्र केवल रहने का स्थान ही नहीं, बल्कि उनके परिवार की पहचान और जीवनयापन का आधार भी है। नोटिस मिलने के बाद परिवारों में भविष्य को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

प्रभावित महिलाओं ने बताया कि उनके परिवार का भरण-पोषण मुख्य रूप से गाय पालन से होता है। इसके अतिरिक्त परिवार का एक सदस्य ठेला लगाकर रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आय अर्जित करता है। मंदिर के सामने वर्षों से संचालित हो रही सब्जी की कुछ दुकानें भी स्थानीय लोगों के रोजगार का माध्यम बनी हुई हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इनमें से कई दुकानें करीब 25 से 35 वर्षों से संचालित हो रही हैं।

यदि उन्हें यहां से हटाया गया तो उनके सामने रोजगार और आश्रय दोनों का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग करते हुए कहा कि उनकी परिस्थितियों को देखते हुए कोई ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे उनका जीवन प्रभावित न हो।वहीं, प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर अपनी प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि नियमों के पालन के साथ-साथ प्रभावित परिवारों की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि विवाद का संतुलित और न्यायसंगत समाधान निकल सके।

सार संक्षेप

18 व 19 जून को लगेगा दो दिवसीय रोजगार मेला

चन्दौसी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, लखनऊ के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय, संभल द्वारा 18 एवं 19 जून को दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला राजकीय आईटीआई, बदायूं रोड परिसर में सुबह 10 :30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में नोएडा की चेकमेट सिक्योरिटी कंपनी प्रतिभाग करेगी, जो सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेगी। रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है।सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 157 सेंटीमीटर तथा सीना (फुलाकर) 85 सेंटीमीटर होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हों। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अधिक से अधिक युवाओं से इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

पुलिस ने 18.54 करोड़ के 12,343 किलो के मादक पदार्थ किए नष्ट

नष्ट किए गए पदार्थों में डोडा, चरस, नशीला पाउडर तथा नशीली गोलियां थी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



विभिन्न थानों में बरामद मादक पदार्थों को नष्ट करने ले जाते पुलिस अधिकारी।

चन्दौसी। नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए जनपद सम्भल पुलिस ने बुधवार को आपरेशन दहन के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में दर्ज मामलों से संबंधित भारी मात्रा में जब्त मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई में कुल 12,343.74 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ, जिनकी अनुमानित कीमत 18 करोड़ 54 लाख 98 हजार 500 रुपये आंकी गई है, को निर्धारित मानकों के अनुसार नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में जनपद के थाना बहजोई, हयातनगर, कैलादेवी, बनियाठेर तथा जीआरपी चन्दौसी से संबंधित कुल 20 अभियोगों में बरामद मादक पदार्थों को न्यायालय के आदेशानुसार निस्तारित किया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में डोडा, चरस, नशीला पाउडर तथा नशीली गोलियां सहित अन्य अवैध मादक पदार्थ शामिल रहे।पुलिस प्रशासन के अनुसार विषाक्त एवं मादक पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण के लिए पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। यह प्रक्रिया पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड, बबराला के संयंत्र में उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से संपन्न कराई गई।

संयंत्र प्रबंधक पंकज कुमार एवं उनकी टीम ने विनिष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया को तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा कराया। संपूर्ण कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत तथा क्षेत्राधिकारी लाइन स्तुति सिंह की मौजूदगी में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपरेशन दहन के माध्यम से जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान प्रभारी नार्कोटिक निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, कांस्टेबल मृगनेन्द्र प्रताप सिंह तथा संबंधित थानों के हेड मोहर्रिर भी मौजूद रहे।

ताड़ासन ,त्रिकोणासन ,वीर भद्रासन से शरीर होता मजबूत

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति का योगाचार्य सुशील आर्य पतंजलि के नेतृत्व में चल रहे एक महीने के योग कैंप के 28 वे दिन तक पहुंचने पर अनुशासन और निरंतरता अद्भुत रही। इस मुकाम तक आते-आते महिलाओं ने शरीर में हल्का पान बेहतर लचीलापन संतुलित ऊर्जा और मानसिक शांति जैसे सकारात्मक बदलाव को स्पष्ट रूप से महसूस किया। बुधवार को कैंप में जारई के वैध हरिओम ने बताया कि हम अपने खान-पान एवं जीवन शैली में सुधार करके किस तरह स्वास्थ्य रह सकते हैं जैसे शरीर और सांस का संबंध,हर मुद्रा में गहरी सांस लें और अपनी क्षमता को पहचाने, ताड़ासन ,त्रिकोणासन ,वीर भद्रासन से शरीर मजबूत होता है। प्राणायाम और ध्यान- आसन के बाद भ्रामरी ,अनुलोम -विलोम और ध्यान का अभ्यास करके नर्वस सिस्टम को शांत किया जा सकता है। उन्होंने नेत्रों को स्वस्थ रखने के तथा आंखों में मोतियाबिंद क्यों होता है उसके निराकरण के उपाय बालों को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है तथा इसके बाद भोजन के बारे में भी विस्तार से बताया किस समय नाश्ता तथा भोजन करना चाहिए ।



चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। –जागरण मोर्चा

जूनियर वर्ग में मान्या, सीनियर में प्रत्यक्ष रस्तोगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम परिसर में सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहे लगातार पिछले 12 दिनों से समर कैंप में हर दिन प्रतियोगिता कराई जा रही है। बुधवार को प्रतियोगिता में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें सबरंग अन्नी द्वारा छोटे बच्चों को देखते हुए जूनियर बच्चों को हंस व सीनियर बच्चों को मोर का रंगो द्वारा चित्रण कराया गया। सभी बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। जूनियर वर्ग में मान्या ने प्रथम, स्पर्श ने द्वितीय तथा केशवी नारायण ने तृतीया स्थान प्राप्त किया गया। सीनियर वर्ग में प्रत्यक्ष रस्तोगी ने प्रथम, गर्व ने द्वितीय और आध्या अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि हमें एक लक्ष्य को लेकर चलना चाहिए चाहे, वह हमारी पढ़ाई हो या खेलकूद जिसके लिए हमें प्रतिदिन का टाइम टेबल तैयार करना चाहिए, हमें कब पढ़ना है, कब सोना है और कब खाना है। तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। रवि पत्थर वाले मनोज कुमार छुट्टन की तरफ से सभी बच्चों को गिफ्ट बांटे गए। इस दौरान विनेश शर्मा, सबरंग अन्नी, हीरालाल ज्योति, ज्ञान प्रकाश चिंटू, प्रफुल्ल अग्रवाल, पारुल वैष्णवी, बीना गुप्ता, योगेंद्र कुमार, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय, प्रियांशी का आर्य आदि का सहयोग रहा।



पुलिस परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर समझौता करतीं पुलिस।

परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र 11 पत्रावली का निस्तारण, 6 परिवारों को मिलाया

चन्दौसी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पगा के गोशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 27 पत्रावली को सुना गया। जिसमें से 11 पत्रावली का निस्तारण किया गया और 6 परिवारों को समझा कर उनका पुन: घर बसाया गया। इसके साथ 5 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जिला बदर कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरा ब्राह्मण समाज

● न्याय न मिलने पर लखनऊ कूच करने की दी चेतावनी

जागरण, मोर्चा, कार्यालय



ब्राह्मण समाज के लोगों को समझाती माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी।



एसपी से फोन पर वार्ता करती माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी।

चन्दौसी। सोशल मीडिया पर कथित जातिगत टिप्पणी के मामले में हनुमानगढ़ी निवासी मुनीष शर्मा को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए जाने के विरोध में बुधवार को ब्राह्मण समाज के लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। ब्राह्मण शक्ति संघ व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाज व अन्य समाज के लोगों ने माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा कार्रवाई को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई।प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मुनीष शर्मा के खिलाफ की गई जिला बदर की कार्रवाई एकतरफा और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने मामले में कठोर कदम उठाकर समाज की भावनाओं को आहत किया है। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ेगी तो वह लोग लखनऊ तक कूच करेंगे।

यहां बता दे कि असमोली क्षेत्र में एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म प्रकरण के बाद सोशल मीडिया पर की गई कथित जातिगत टिप्पणी को लेकर प्रशासन ने मुनीष शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उनका चालान किया, लेकिन न्यायालय से उनको जमानत मिल गई , परंतु उन पर दर्ज मुकदमों के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर दी। इसके साथ न्यायालय के आदेश के बाद 14 जून को उनको जिला बदर कर जनपद की सीमा से बाहर भेज दिया गया था। इस कार्रवाई से समाज के साथ अन्य समाज के लोगों में आक्रोश पैदा हो गया और बुधवार को विभिन्न संगठनों के साथ काफी संख्या में लोग राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे लोगों ने इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताते हुए हस्तक्षेप की मांग की। इस दौरान राज्यमंत्री ने मौके पर ही पुलिस अधीक्षक से मोबाइल फोन पर वार्ता कर मामले में राहत देने का अनुरोध किया, लेकिन कोई सकारात्मक सहमति नहीं बन सकी। जिसके बाद लोगों का गुस्सा फूट गया और राज्यमंत्री के आवास के बाहर सड़क पर बैठ गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों में जिला बदर की कार्रवाई को लेकर गहरा असंतोष देखने को मिला। समाज के लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की। इसके बाद समाज के प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने के लिए बहजोई रवाना हो गए। इस दौरान माधव मिश्रा, बनवारी लाल पाठक, केजी शर्मा, राजेंद्र शर्मा राजा, विवेक मिश्रा, कृष्ण गोपाल शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, राजीव लोचन, शर्मा, विनोद शर्मा, गौरव मिश्रा, अवधेश शर्मा, अवनीश शर्मा, सौरभ शर्मा, सचिन शर्मा, विवेक शर्मा, सचिन मिश्रा, भावना शर्मा, निशांत शर्मा, निखिल शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक पाठक, विशाल शर्मा सहित समाज व अन्य समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तों के हमले से बचाया, वन विभाग ने कराया उपचार



घायल अवस्था में राष्ट्रीय पक्षी मोर।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाने में रम्पुरा गांव के ग्रामीणों ने सराहनीय मानवता और जागरूकता का परिचय दिया। बहजोई-पजाया रोड स्थित रम्पुरा के निकट एक मोर पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। समय रहते ग्रामीण सोमपाल, हरिओम माली और बिट्टन माली ने साहस का परिचय देते हुए कुत्तों के बीच फंसे मोर को छुड़ाया और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मोर के घायल होने की सूचना तत्काल यूपी-112 पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वन विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीघटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल मोर को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए भेज दिया। वन विभाग की निगरानी में मोर का उपचार कराया जा रहा है। ग्रामीणों की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यजीव प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि समय रहते ग्रामीण मदद के लिए आगे नहीं आते तो मोर की जान पर गंभीर खतरा मंडरा सकता था। यह घटना वन्यजीव संरक्षण के प्रति समाज में बढ़ती जागरूकता और संवेदनशीलता का सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आई है।

समारोह | श्रद्धालुओं ने ठोल बाजों पर झुमते हुए लिया पुण्य लाभ

श्रीश्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ भव्य-धार्मिक आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



शिव परिवार प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भव्य नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालु।

चन्दौसी। नगर के बूढ़ी माता स्ट्रीट में श्रीश्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य एवं धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव एवं शिव परिवार के दर्शन किए तथा धर्म लाभ प्राप्त किया। समारोह का शुभारंभ सोमवार सायंकाल 5 बजे चौकी पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत मंगलवार को प्रातः 8 बजे से पुण्याहवाचन, कलशाधिवास, पीठ पूजन, अन्नाधिवास एवं हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से संपन्न कराए गए।बुधवार की सुबह हस्तधारा स्नान के बाद दोपहर 12 बजे शिव परिवार की प्रतिमाओं का भव्य नगर भ्रमण निकाला गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। शाम को महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भजन कीर्तन से भगवान का गुणगान किया गया।

इस अवसर पर मंदिर को फूलों के साथ रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय एवं शिवमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

संख्याः- 810 / न०पा०मि० / 2026 दिनांकः- 17.06.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शायें गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है-

क० सं०	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	विड सिक्योरिटी (रू० में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	वार्ड 01 में हरिजन वस्ती से रेलवे लाइन व नहर तक नाला सफाई का कार्य	92,450.00	2000.00	180.00	07 Day
02	वार्ड 01 नसीराबाद में मजार लभेडे शाह मियां से रेलवे की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	47,120.00	1000.00	90.00	07 Day
03	वार्ड 02 में पिक्चर हॉल से हरियाली बाजार तक नाला सफाई कार्य।	68,720.00	1400.00	90.00	07 Day
04	वार्ड 04 में मित्तल कॉमप्लेक्स से नन्हे शाह मियां की मजार की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	1,63,980.00	3400.00	195.00	07 Day
05	वार्ड 05 में जूनियर हाई स्कूल खाता नगरिया से कर्बला की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	93,810.00	2000.00	180.00	07 Day
06	वार्ड 06 में डा0 महेश्वरी की दुकान से मण्डी समिति मार्ग की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	3,64,050.00	7400.00	431.00	07 Day
07	वार्ड 06 में मुकेश के प्लॉट से सलामत खान की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	2,25,800.00	4600.00	267.00	07 Day
08	वार्ड 06 में श्री अर्चना जी के तालाब से गुरूद्वारा के पीछे होते हुए मैन रोड बिलासपुर रोड तक नाला सफाई का कार्य ।	1,96,340.00	4000.00	233.00	07 Day
09	वार्ड 07 में त्रिलोकी राठौर के मकान से नेशनल हाइवे नये गांव की पुलिया तक तालाब से गुरुद्वारे के पीछे होते हुए मेन रोड तक नाला सफाई कार्य।	59,990.00	1200.00	90.00	07 Day
10	वार्ड 09 में मुनन खां की पुलिया से अंडरपास बिलासपुर रोड तक नाला सफाई का कार्य।	1,37,440.00	3000.00	163.00	07 Day
11	वार्ड 10 में गुडलक रेस्ट्रेन्ट से अर्चना जी के तालाब तक के मकान से नहर तक नाला सफाई का कार्य।	1,50,530.00	3100.00	178.00	07 Day
12	वार्ड 10 में मानसिंह के मकान से पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	1,13,440.00	2400.00	135.00	07 Day
13	वार्ड 22 में डा0 जागन लाल की पुलिया से मेन रोड तक व रामलीला मैदान रौरा कलां से पटेलनगर के तालाब तक नाला सफाई का कार्य।	3,41,640.00	7000.00	404.00	07 Day
14	वार्ड 22 में श्री वीरेन्द्र गंगवार के घर से बाला जी स्पेयर पार्टस होते हुए मंडी समिति की पुलिया तक नाला सफाई का कार्य।	1,60,350.00	3500.00	180.00	07 Day


02 निविदा सूचना में अंकित बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 18.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
03 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समयः- 24.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
04 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 25.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ।
05 निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई०टी०बी० के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
06 बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि- निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से दिनांक 18.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे से 25.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कॉलम 05 (गैर वापसी योग्य) में दर्शायें गये निर्धारित शुल्क जमा कर कय किये जा सकते है।
07 बिड सिक्यूरिटी (ई०एम०डी०)- कालम-4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद / डिमाण्ड ड्राफ्ट / एफ०डी०आर०/ नेफ्ट के रूप में जमा की जावेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम बंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।
08 मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना- निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई०डी० के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
(क) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ व हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र । प्रारूप संलग्न है।
(ख) यूपी सरकार के आदेश सं0-01/2018/3070/78-2-2018/421T/2017(22)/03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजों को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से
मिलान किया जावेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जावेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जावेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुर में जमा करना होगा।
09 अन्य शर्तें किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
10 नगर पालिका परिषद मिलक में धन उपलब्ध होने पर ठेकेदारों द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतान किया जावेगा।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

टीएमयू 12बी की मान्यता में यूपी की उत्कृष्ट छह यूनिवर्सिटीज़ में शामिल

जागरण मोर्चा, कार्यालय



मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान साबित कर दिखाया है। टीएमयू यूपी की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ में यूजीसी के सख्त मानकों पर ख़रा उतरा है। नैक की मानिंद यूजीसी से 12बी की मान्यता किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए कठोरतम परीक्षा से कमतर नहीं होती है। यूजीसी ने हालिया स्वीकार किया है, यूपी की 53 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ में से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी समेत केवल छह यूनिवर्सिटीज़ के पास ही 12बी की मान्यता है। किसी भी उच्च शैक्षणिक संस्थान को यह मान्यता मिलने से पूर्व यूजीसी अधिनियम की धारा 2(एफ) के तहत मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। इसकी कसौटी पर ख़रा उतरने के बाद ही 12बी की मान्यता के लिए मार्ग प्रशस्त होता है। दरअसल 12-बी किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए एक तरह का स्टेटस होता है। 12-बी की मान्यता मिलने के बाद केंद्रीय वित्तीय अनुदान का रास्ता साफ हो जाता है। शोध परियोजना, केंद्रीय प्रोजेक्ट्स और केंद्रीय अनुदान का सीधा लाभ स्टुडेंट्स को उच्च शिक्षा के लिए मिलता है। इस मान्यता के बाद प्रत्यायन और रैंकिंग प्रक्रियाओं के प्रदर्शन में भी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीएमयू को 2021 में 12बी की मान्यता मिली थी। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कहा था, हमारी यूनिवर्सिटी को 12-बी का दर्जा मिलना बड़े सपनों के साकार होने जैसा है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन की दूरदृष्टि, डायनामिक लीडरशिप, उच्च स्तरीय शोध और स्टार्टअप्स के प्रति समर्पण आदि का प्रतिफल ही 12बी है।

उत्तर प्रदेश की शेष यूनिवर्सिटीज़ ने तो इस दर्जे के लिए आवेदन तक नहीं किया है, अलबत्ता 12बी के लिए सात यूनिवर्सिटीज़ के आवेदन वर्तमान में यूजीसी के पास लंबित हैं। इस दर्जे के बिना कोई भी यूनिवर्सिटी अनुसंधान परियोजनाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, छात्रावासों और अन्य विकास गतिविधियों के लिए केंद्रीय सहायता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उच्च शिक्षा के एक्सपर्ट्स मानते हैं, यह मान्यता छात्रों और शिक्षकों के लिए वरदान सरीखी है। किसी भी यूनिवर्सिटी को यूजीसी अधिनियम की धारा 2(एफ) के तहत मान्यता के बाद पर्याप्त शैक्षणिक अवसंरचना, योग्य संकाय, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और दीगर सुविधाएं प्रदर्शित करनी होंगी। अंतिम निर्णय लेने से पहले यूजीसी की ओर से नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति परिसर का निरीक्षण करती है। यदि यूजीसी के मानकों पर यूनिवर्सिटी खरी उतरती है तो उसे 12बी का दर्जा दे दिया जाता है। उल्लेखनीय है, यूपी की इन 53 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़ में करीब 2.9 लाख छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। 2008 में जैन अल्पसंख्यक श्रेणी में यूपी के मुरादाबाद में स्थापित टीएमयू में अमूमन देश के सभी सूबों से स्टुडेंट्स अध्ययनरत हैं। इसका इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक उच्च संस्थानों के मानिंद है। टीएमयू की फैकल्टी और गेस्ट फैकल्टी उच्च शिक्षित और अनुभवी है।

बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पर गरजें सपा कार्यकर्ता

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन में नायाब तहसीलदार को सोपा गया



प्रदेश सरकार के खिलाफ जुलूस निकालते सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा


तहसील प्रांगण में धरने पर बैठे सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा


नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर । प्रदेश में बढ़ती महंगाई,शिक्षा एवं चिकित्सा की बदहाल व्यवस्था एवं बेरोजगारी सहित अन्य समस्याओं को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सोपा और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सपा नेताओं द्वारा प्रदेश सरकार पर किसान,व्यापारी एवं नौजवानों का शोषण करने का आरोप लगाया।

लगातार बढ़ती महंगाई और आम जनता की समस्याओं के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर की मंडी समिति से लेकर तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नायाब तहसीलदार राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा। विरोध प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से किसान, मजदूर और आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।इसी के साथ उन्होंने मांग की औद्योगिक गलिहारे एवं गंगा एक्सप्रेसवे के लिए अधिकरण की जा रही भूमि का सर्किल रेट बढ़ाया जाए। विद्युत उपभोक्ताओं का शोषण बंद किया जाए। डिजिटल रजिस्ट्री लागू करने के आदेश का विरोध कर रहा है अधिवक्ताओं के साथ वार्ता कर सम्मानजनक समाधान निकाला।

इस मौके पर जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, आरिफ अख्तर, युसूफ कुरैशी, बदर कुरैशी, फैसल अल्वी, वसीम मलिक, संदीप गुर्जर, गोलू त्यागी, संजीव त्यागी, पंडित येतेंद्र शंकर गौड़, केसर परवेज चौधरी, शाहनवाज अंसारी,जावेद जरताब, यशवीर नागर,नवल कुमार,अखिलेश कुमार,राहुल सिंह,ऋषिपाल सिंह, जैनुल आबेदीन, चुन्नू अंसारी, पवन अग्रवाल सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार संक्षेप

हेड कांस्टेबल से एस आई आई बनने पर परिवार में खुशी की लहर


कांस्टेबल हरपाल सिंह एस एस आई बने।

कुंदरकी। जनपद मुरादाबाद के नगर कुंदरकी निवासी हरपाल सिंह के हेड कांस्टेबल से एस आई आई बनने पर उनके डिपार्टमेंट के शाहजहांपुर पुलिस क्षेत्र अधिकारी एवं इंस्पेक्टर द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस खुशी के अवसर पर उनके गृह क्षेत्र एवं परिवार जिन्होंने विजय का प्रतीक चिन्ह बनाकर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन किया एवं कुंदरकी में खुशी का माहौल दिखाई दिया।

मोहित बने अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के नगर अध्यक्ष



हसनपुर । भाजपा नेता एवं समाज से भी मोहित अग्रवाल के अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन का नगर अध्यक्ष मनोनीत होने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और समर्थ को द्वारा उनको बधाई भी दी गई। अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष दीपक गोयल द्वारा नगर के विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष मोहित अग्रवाल को संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बुधवार को हुई इस घोषणा के बाद वैश्य समाज और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई ।अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन अपने समाज के उत्थान और कल्याण के लिए भारत ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी अपनी इकाइयाँ घोषित कर चुका है। मनोनयन पर आभार जताते हुए मोहित अग्रवाल ने कहा, "राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने मेरे छोटे से कंधों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मैं समाज में बिना किसी भेदभाव के पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ वैश्य समाज के हितों और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करूँगा।


भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत करते हुए चेयरमैन राजपाल सैनी ।

भाजपा प्रदेश मंत्री लोगों से संपर्क कर किया संवाद

हसनपुर । भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग संपर्क अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी के द्वारा नगर के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क कर केंद्र सरकार द्वारा 12 वर्ष में किए गए विकास कार्यों के विषय में लेकर संवाद किया और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया। बुधवार को भाजपा केंद्रीय नेता के निर्देश पर प्रबुद्ध वर्ग संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के द्वारा नगर में कई स्थानों पर जाकर समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों के साथ संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान प्रदेश मंत्री द्वारा कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग से जनहित के मुद्दों पर सुझाव देने और सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक विकास और जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन राजपाल सैनी, सुरभित कुमार गुप्त,चंद्रपाल खड़गवंशी, हिमांशु त्यागी,अर्पण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मोटरसाइकिल से गिरकर महिला ज़ख्मी

शाहबाद। बुधवार को शाहबाद क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायल महिला को उपचार देकर घर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिलारी तहसील के गांव निवासी अमीर जहाँ पत्नी शरीफ बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार दिया तथा महिला की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया।

भाजपा नगर मीडिया प्रभारी पर जानलेवा हमला

रामपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ज्वाला नगर निवासी सुमित कुमार का कहना है कि वह भाजपा नगर मीडिया प्रभारी है। पिछले 2 महीने से हिमांशु सक्सेना के साथ स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य करते है सुमित ने पिछले कुछ दिन पहले विजेंद्र सिंह को 55 हजार उधार दिए थे 1 महीने बाद अपने रुपये मांगने पर पुरानी कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगाकर घर जाते वक़्त विजेंदर ने अपने कुछ साथियो के साथ मिलकर मीडिया प्रभारी पर जानलेवा हमला किया ।जाति सूचक शब्दों का उपयोग किया। पुरानी कॉलोनी में लोंगो ने किसी तरह बचाया। सुमित ने थाना सिविल लाइन में प्रार्थना पत्र दिया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

भूखण्ड आवंटन के लिए ई-नीलामी में पंजीकरण का अंतिम अवसर, 19 जून तक

रामपुर। उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन अनुराग यादव ने बताया कि निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर, रामपुर, शामली एवं मुरादाबाद में उपलब्ध औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन के लिए आयोजित ई-नीलामी में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक उद्यमियों एवं निवेशकों से समय रहते पंजीकरण कर सकते हैं ।निदेशालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार ई-नीलामी में भाग लेने के लिए जेम पोर्टल पर पंजीकरण एवं आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 19 जून रात्रि 11 बजे निर्धारित है। निर्धारित समय सीमा के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।इच्छुक आवेदक शीघ्र पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश एवं उद्यम स्थापना के इस अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

नाबालिग किशोरी को जमकर पीटने की सजा शांति भंग

हसनपुर । गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को पीटने की सजा मात्र शांति भंग में पूर्ण कर दी गई। पीड़िता अपने पिता के साथ उप जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंची और न्याय की मांग करती रही। लेकिन किसी भी अधिकारी के द्वारा पीड़िता की फरियाद नहीं सुनी गई। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी पीड़ित किशोरी बुसरा पुत्री बाबू का आरोप है कि वह 11 जून की शाम 3 बजे अपनी दुकान पर बैठी थी ।तभी गांव का ही एक युवक आया और सिगरेट मांगने लगा पीड़िता के द्वारा आरोपी को सिगरेट मांगने पर उसे दे दी गई। लेकिन आरोपी सिगरेट के पैसे नहीं दे रहा था। इसी बात को लेकर पीड़िता किशोरी व आरोपी के बीच कहासुनी हो गई ।आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने अपने अन्य दो भाइयों को बुलाकर पीड़िता व उसकी बहन के साथ जमकर मारपीट कर दी। पीड़िता गजरौला थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। बुधवार को पुलिस ने तीन आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया ।लेकिन पीड़ित किशोरी अपने पिता व चचेरे भाई के साथ उप जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंची और न्याय की मांग करती रही ।लेकिन किसी भी अधिकारी के द्वारा पीड़िता की एक नहीं सुनी गई। बाद में पीड़िता हार थक कर अपने घर चली गई तथा अगले दिन अन्य अधिकारियों से मिलने की भी बात कही गई है।

गृह क्लेश में महिला ने उठाया आत्मघाती कदम, लगाई फांसी

- इलाज के दौरान बरेली अस्पताल में मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के अंतर्गत आटा गांव में गृह क्लेश के चलते फांसी लगाने वाली विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला ने रविवार को आत्मघाती कदम उठाया था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां मंगलवार की देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम आटा निवासी यशपाल मौर्य की 22 वर्षीय पत्नी वर्षा ने रविवार को घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर कमरे के अंदर पंखे के सहारे फांसी लगा ली थी। गनीमत यह रही कि समय रहते परिजनों की नजर पड़ गई और उन्होंने तुरंत कमरे का दरवाजा तोड़कर वर्षा को नीचे उतारा ।उसके बाद आनन-फानन में परिजन उसे चंदौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। सोमवार को मुरादाबाद में भी हालत में सुधार न होने पर उसे बरेली रेफर किया गया। बरेली के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते हुए मंगलवार की रात वर्षा की मौत हो गई ।बताया जाता है कि जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र गांव निवारी निवासी वर्षा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व यशपाल मौर्य के साथ हुई थी। वर्षा अपने पीछे डेढ़ वर्ष की मासूम बेटी को रोता-बिलखता छोड़ गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक बोविंद्र कुमार ने बताया कि फिलहाल इस संबंध में थाने को कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि कोई तहरीर दी जाती है, तो मामले की गंभीरता से जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विधवा के साथ मारपीट, ट्रैक्टर और बाइक पर भी किया कब्जा

गजरौला । विधवा महिला के साथ उसके पति ने मारपीट करके घायल कर दिया। उसकी सम्पति पर भी कब्जा करने की योजना बना ली और टैक्टर, बाइक, भैंसा और आभूषण कब्जा लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मंदिर वाली भुड्डी निवासी पीड़िता मुकेश देवी के पति गोविन्दा की चार माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसका जेठ गंगासरन उसे और उसकी 18 वर्षीय बेटी निर्मल को घर से निकालकर जमीन और सम्पति पर कब्जा करना चाहता है। 27 मई को जेठ गंगासरन ने अपने परिजनों के साथ पीड़िता से कहा कि वह अपनी बेटी को लेकर चली जाए वरना उसे घर से धक्का देकर निकाल देंगे। पीड़िता ने विरोध किया तो जेठ व उसके परिजनों ने लाठी-डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। उसका टैक्टर, बाइक, भैंसा और आभूषण भी कब्जा लिए। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पीड़िता को बचाया।

चोरी के शक में जीला-साले को पेड़ से लटकाकर दी तालिबानी सजा

- करीब 7 घंटे तक पेड़ से लटके रहे

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर । चोरी के शक में ग्रामीणों ने दो युवकों को पेड़ से लटकाकर कथित तौर पर प्रताड़ित किया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मंगलवार रात गजरौला के गांव शीशोवाली में अवैध शराब खरीदने पहुंचे गांव भुड्डेवाली निवासी दीपक व उसके जीजा डालू निवासी गांव नया बांस को शीशोंवाली के 10-12 ग्रामीणों ने चोरी के शक में पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों युवकों के रात दो बजे हाथ बांध कर यूकेलिप्टस के पेड़ से बांध कर लटका दिया। रातभर दोनों पेड़ पर लटके रहे। शोर-शराबा होने पर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ में शामिल किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैदकर कर बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुलिस को सूचना दी तो लगभग 9:30 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बंधनमुक्त कर नीचे उतारा। इस घटना की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। वहीं शीशोवाली के ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों खेतों में पशुओं को भगाने के लिए लगाई गई झटका मशीन को चोरी करने आए थे। इस दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस ने सारे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जीजा-साले को छुड़ा लिया है।दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्रसारित वीडियो के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त की जा रही है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


चोरी के साथ में पेड़ से लटकाया युवक।

मेले में महिला बाउंसर के साथ धक्का मुक्की एवं मारपीट की वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय


मेले में महिला बाउंसरों के साथ मारपीट। –जागरण मोर्चा

हसनपुर । थाना सैद नगली के एक कस्बे में मेले का आयोजन चल रहा है जिसमें लगे झूलों पर महिला बाउंसर तैनात हैं, किसी बात को लेकर मेले में महिला बाउंसर से कहां सुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसकी किसी के द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है वहीं विपक्ष के लोग प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। थाना पुलिस का वायरल वीडियो का संज्ञान ना होना बताया जा रहा है।

थाना सैद नगली के कस्बा उझारी मैं एक मेले का आयोजन चल रहा है, जिसमें जनता के मनोरंजन के लिए खेल तमाशा एवं झूलें लगे हुए हैं। मेले में लगी झूलों पर ठेकेदार के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से महिला बाउंसर खड़े किए गए हैं, किसी बात को लेकर महिला बाउंसर से नोक जोक हो गई देखते देखते नोक जोक धक्का मुक्की में बदल गई और महिला बाउंसर के साथ मारपीट शुरू हो गई, इसी बीच किसी के द्वारा मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है वहीं विपक्षी पार्टियों के पदाधिकारी महिला सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। जब थाना अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने वायरल वीडियो का संज्ञान में ना होना बताया है और कहां है कि अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

परेशानी ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दी आंदोलन की चेतावनी

भदौरा मार्ग की बदहाली पर फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

हसनपुर । नगर का भदौरा मार्ग पिछले चार वर्षों से बेहद क्षतिग्रस्त है, जिससे क्षेत्र वासियों में गहरा आक्रोश है। सड़क की खस्ताहाली के कारण चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों के वाहन लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मजबूरन किसानों को अपने भारी वाहन दूर-दराज के रास्तों से ले जाने पड़ रहे हैं।इसके अलावा, स्कूली वाहन समय पर नहीं पहुंच पाते और ई-रिक्शा गड्ढों में पलट रहे हैं। गांव राजानागल के पास टेंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। गत वर्ष गाव शेखुपुर झकड़ी में क्षेत्रीय सांसद ने पीड ब्ल्यूडी के माध्यम से जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि यदि सड़क का निर्माण जल्द न हुआ, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। इस दौरान राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, योगेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सरदार सिंह, कलुआ, अतुल, सुरेंद्र, मोनू, बलवंत, नकुल,रामफल मौजूद रहे।

टाइम लाइन

- 11बजकर 10 मिनट पर घर ई रिक्शा से चले परिजन।
- 11 बजकर 40 मिनट पर हादसा हुआ।
- 11 बजकर 50 मिनट पर पहुंच गई कोतवाली पुलिस।
- 12 बजकर 5 मिनट परिजनों को दी गई सूचना।
- 12 बजकर 15 मिनट शव निकाल कर जिला मुख्यालय भेजे गए ।
- 12 :30 पर घायलों को मेडिकल कालेज लेकर पहुंची पुलिस।
- 12 :40 पर छठी महिला ने तोड़ा दम।
- 1 बजे डीएम एसएसपी पहुंचे मेडिकल कालेज।
- 1 :30 छठी महिला का शव पहुंचा पोस्टमार्टम।
- 2 :10 बजे प्रभारी मंत्री , सदर विधायक व जिलाध्यक्ष व अन्य नेता पहुंचे पोस्टमार्टम हाउस।
- 3 बजे शुरू हुआ पोस्टमार्टम।
- 6 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए।

लापरवाही : ट्रैक्टरों की आगे निकलने की होड़ में गई छह महिलाओं की जान

बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली ने सवारियों से भरी ई-रिक्शा को रौंदा, हादसे के बाद दोनों चालक ट्रैक्टर छोड़कर हुए फरार, मौके पर मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। निर्माणाधीन बरेली-मथुरा हाईवे पर बुधवार दोपहर रफ़्तार के जानलेवा शौक़ ने छह परिवारों को कभी न भरने वाला ज़ख्म दे दिया। उझानी से कछला की ओर जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्राली चालकों के बीच आगे निकलने की अंधी होड़ मच गई। इस जानलेवा रेस के फेर में बेक़ाबू ट्रैक्टरों ने सामने से आ रही एक सवारियों से भरी ई-रिक्शा को बेरहमी से रौंद दिया। इस भीषण टक्कर में ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला ने मेडिकल कालेज पहुंचकर दम तोड़ दिया और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा फूलपुर के पास निर्माणाधीन हाईवे पर हुआ। उझानी मंडी में मक्का उतारकर लौट रहे दोनों ट्रैक्टर चालक हाईवे की एक ही लेन पर एक-दूसरे को पछाड़ने की ज़िद पर अड़े थे। दोनों ट्रैक्टरों की रफ़्तार इतनी तेज़ थी कि मानो हाईवे न हो, कोई रेसिंग ट्रैक हो। तभी सामने से ई-रिक्शा आ गया।

रफ्तार के नशे में चूर चालकों ने गाड़ी धीमी करने के बजाय ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे ईरिक्शा को रौंद दिया। जिससे मौके पर चीख-पुकार के मच गई।

वहीं, आरोपी चालकों के सिर पर इंसानियत की जगह पुलिस का खौफ हावी था। एक चालक पकड़े जाने के डर से अपने ट्रैक्टर-ट्राली को मौक़े पर ही छोड़कर रफ़ूचक्कर हो गया, जबकि दूसरा आरोपी चालक हादसे को अंजाम देकर अपने भारी-भरकम वाहन समेत मौक़े से फ़रार होने में कामयाब रहा।

हादसे को देखकर वहां से गुजर रहे कुछ बाइक सवारों ने भाग रहे ट्रैक्टर का पीछा भी किया और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी चालक रफ्तार बढ़ाता हुआ उनकी आंखों के सामने से ओझल हो गया।

पुलिस ने एक ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फरार चालकों की तलाश शुरू कर दी है। घायलों को बदायूं मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।


हादसे के बाद हाइवे पर पड़े महिलाओं के शव। –जागरण मोर्चा


मेडिकल कॉलेज में लगी भीड़। –जागरण मोर्चा


डीएम अवनीश राय व एसपी अंकित शर्मा ने किया घटनास्थल का निरीक्षण।

मृतकों के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री अरुण कुमार, बंधाया ढाढ़स

बदायूं। जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ अरुण कुमार ने उझानी क्षेत्र में हुए भीषण हादसे पर दुख जताया है। बदायूं पहुंचने के बाद कार्यक्रम में हिस्सा लेकर वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इसके बाद मंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा है कि अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। उनके साथ सदर विधायक महेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा राजीव गुप्ता, डीसीबी चेयरमेन जेके सक्सेना समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


प्रभारी मंत्री अरुण कुमार व भाजपा नेताओं ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना। –जागरण मोर्चा

कहीं नहीं थे सुरक्षा के इंतजाम

बदायूं– मेरठ हाईवे पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। बदायूं से उझानी तक सिक्स लाइन वह उझानी से कछला तक फोर लाइन का कार्य तेजी पर है। गाइडलाइन है कि जहां भी हाईवे पर कार्य होता है वहां संकेतांक तीव्र मोड़ के संकेत, ट्रैफिक पुलिस वाले जगह-जगह तैनात रहते है, जिससे हादसा होने से बचाया जा सके, लेकिन जिले की सीमा में कहीं भी हाईवे पर पुलिस की तैनाती नहीं है। न ही यातायात पुलिस सक्रिय दिखाई दे रही है। इसी क्रम में आज 6 महिलाओं ने अपनी जान गंवा दी। अब देखना यह है कि इसकी जिम्मेदारी कौन लेता है।

ट्रैक्टरों की रेस और सड़क पर फैली मक्का ने ले ली छह महिलाओं की जान

बदायूं। दो ट्रैक्टरों की रेस के कारण बदायूं में छह महिलाओं की जान चली गई। सड़क किनारे फैली मक्का ने कोढ़ में खाज का काम किया और वाहनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में एक ही परिवार की छह महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं शादी का शगुन लेकर जा रही थीं। हादसे में मरने वालों में दूल्हा बनने वाले युवक की मां और बहन भी शामिल हैं। हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं। हादसा बरेली-मथुरा रोड पर उझानी क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि कासगंज से मक्का भरकर दो ट्रैक्टर ट्रॉली उझानी मंडी आए थे। यहां मक्का उतारकर वे कासगंज की तरफ जा रहे थे। दोनों ट्रैक्टरों के चालक एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में रेस लगाने लगे। इसी दौरान ओवरटेक करने के चक्कर में एक ट्रैक्टर सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गया।

निर्माण के चलते सिंगल लेन चल रहा हाईवे

बदायूं। बदायूं-बरेली हाईवे को फोर लेन किया जा रहा है। इसके चलते यह हाईवे सिंगल लेन में चल रहा है। ऐसे में सड़क किनारे पड़ी मक्का ने कोढ़ में खाज का काम किया और हादसा हो गया। हादसे के बाद दोनों ट्रैक्टरों के चालक भाग गए। हालांकि बाद में उन्हें पकड़ लिया गया।

सड़क पर पड़े रह गए ढोलक और मजीरे

बदायूं। हादसे के बाद वहां का मंजर भयावह था तो वहीं पड़े ढोलक और मजीरे इस बात की गवाही दे रहे थे कि घर से कितना हंसी खुशी के माहौल में ये महिलाएं निकली थीं। शगुन लेकर जाते वक्त उन्हें इस बात का आभास तक नहीं था कि घर की हंसी खुशी छिनने वाली है।

हादसे में 20-20 फीट दूर जाकर गिरे महिलाओं के शव

बदायूं। ई रिक्शा व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर इतनी जबरदस्ती की ई रिक्शा में सवार महिलाओं के शव 20-20 फीट दूर जाकर गिरे। हादसे के बाद ऐसी चीत्कार मची के आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आनन फानन में शवों को जिला मुख्यालय भेजा गया। देखने वालों के दिल भी दहल गए। लोगों के आंखों से आंसू बहते रहे और सड़क से शवों को उठाने का काम ग्रामीणों ने किया। वहीं प्रशासन व पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए तत्काल शवों को हटाया जिससे कि यातायात प्रभावित न हो और कोई जाम की स्थिति न बने। पुलिस की तत्परता से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही। न कोई जाम लगा और नहीं किसी प्रकार का कोई उपद्रव हो सका। जबकि इस हादसे के बाद उपक्रम का बहुत बड़ा डर प्रशासन को सता रहा था, लेकिन ऐसे में पुलिस प्रशासन की सतर्कता की लोक तारीफ करते दिखाई दिए।

जिस घर में गूंजनी थीं शहनाइयां... अब पसरा है मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उझानी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया। बुधवार दोपहर बरेली-मथुरा हाईवे पर फूलपुर गांव के पास दो तेज रफ्तार ट्रैक्टरों के बीच आगे निकलने की होड़ के कारण एक ई-रिक्शा की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार 9 लोगों में से 6 की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में दूल्हे की मां, बहन और दो भाभियां शामिल हैं।

उझानी के मोहल्ला मुरावन नगला निवासी कुंवरपाल की शादी आगामी 30 जून को उसकी ननिहाल गठौना से तय हुई थी। बुधवार को परिवार के लोग, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के साथ ई-रिक्शा पर सवार होकर बेहद खुशी-खुशी ढोलक की थाप पर शादी के गीत गाते हुए भात मांगने गठौना जा रहे थे। ई-रिक्शा में ड्राइवर सहित कुल 9 लोग सवार थे। जैसे ही ई-रिक्शा निर्माणाधीन बरेली-मथुरा हाईवे पर फूलपुर गांव के पास पहुंचा, तभी उझानी की तरफ से मक्का उतारकर आ रहे दो तेज रफ्तार ट्रैक्टर आपस में रेस लगाने लगे। एक ट्रैक्टर चालक ने दूसरे से आगे निकलने के चक्कर में लापरवाही से ओवरटेक किया और सामने से आ रहे ई-रिक्शा को सीधी और जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। पांच महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक महिला की मौत मेडिकल कालेज पहुंचकर हुई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से कोहराम मच गया है। इस हादसे में दूल्हे की मां, बहन और दो भाभियों व एक रिश्तेदार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक पड़ोसी महिला की मेडीकल कालेज पहुंचकर मौत हो गई। इस हादसें में तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं, जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

थम गए शादी के गीत, गूंज उठीं चीखें

घर से निकलते समय पूरा परिवार बेहद खुश था। महिलाएं ढोलक बजाकर शादी के पारंपरिक गीत गा रही थीं। हंसी-मजाक और खुशियों का माहौल था। किसी को अंदाजा नहीं था कि काल मोड़ पर उनका इंतजार कर रहा है। अचानक एक तेज झटके के साथ शादी के गीतों की जगह चीख-पुकार और सन्नाटे ने ले ली।

शादी से पहले उजड़ गया कुंवरपाल का परिवार

जिस घर में 30 जून को शहनाइयां बजनी थीं, वहां अब सिर्फ सन्नाटा और अपनों को खोने की चीखें हैं। दूल्हे कुंवरपाल के सिर से मां का साया उठ गया, बहन की राखी छूट गई और दोनों भाभियों की मौत से पूरा घर एक झटके में तबाह हो गया। विदाई से पहले उठीं इन अर्थियों ने पूरे गांव को रुला दिया।

डीएम एसएसपी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर ली घटना की जानकारी

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां घायलों का हाल जाना और घटना के बारे में पूरी जानकारी परिजनों से जुटाई। डीएम अवनीश राय ने बताया कि तेज रफ्तार आगे निकलने की होड़ में जा रहे दोनों ट्रैक्टर पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं। चालकों की तलाश की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। वहीं टीम बनाकर मामले की जांच कराई जा रही है।

एआरटीओ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

एआरटीओ हरिओम कुमार ने हादसे की सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने हादसे की वजह जानी और अपनी रिपोर्ट तैयार कर डीएम को भेजी है। इस हादसे में बताया जा रहा है कि हादसे का कारण ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही व वनवे रोड का होना माना गया है।

ननिहाल से ही हो रही थी कुंवरपाल की शादी

बदायूं। कुंवरपाल की शादी अपनी ही ननिहाल से तय हुई थी। गांव की दावत 29 जून को जबकि बारात 30 जून को उझानी थाना क्षेत्र के गांव गठौना जानी थी। शादी की रस्म भात की तैयारी की गई, जिसको लेकर एक ई- रिक्शा में कुंवरपाल की मां, बहन, भाभी व रिश्तेदार समेत नौ लोग भात मांगने जा रहे थे कि हादसा हो गया। हादसे में 6 महिलाओं की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां तो मातम में बदल गई।

सांसद आदित्य यादव ने जताया शोक

बदायूं। सांसद आदित्य यादव ने इस हादसे पर दुख जताते हुए सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा परिवार वालों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने घायलों के भी अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

जनसुनवाई में आई शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश, लंबित मामलों पर सख्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय


जन शिकायतों को सुनते एसडीम बिसौली। –जागरण मोर्चा

बिसौली। आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी ने बुधवार को तहसील मुख्यालय स्थित अपने कक्ष में जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम शेखूपुर निवासी किशनवीर पुत्र बदन सिंह ने चकमार्ग की पैमाइश कराए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। वहीं, कस्बा फैजगंज बेहटा निवासी सुल्तान खां ने भूमि गाटा संख्या 707 पर कस्बे के ही हिकमत खां, किसमत खां एवं हसरत खां द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई।

उप जिलाधिकारी ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर आईएएस श्री मुरी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों को लंबित रखना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभाग नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। जनसुनवाई के दौरान नायब तहसीलदार मो. हारिस भी उपस्थित रहे।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को हर माह की 15 तारीख तक मिलेगा बिजली बिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिलिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत अब उपभोक्ताओं को हर महीने की 15 तारीख तक उनके बिजली बिल की सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर मिल जाएगी। विभाग यह सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर संदेश और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजेगा। इस कदम से उपभोक्ताओं को समय पर बिल प्राप्त करने और उसका भुगतान करने में सहूलियत होगी, जिससे वे लेट पेमेंट सरचार्ज से बच सकेंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं, विशेषकर स्मार्ट मीटर का उपयोग करने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। निगम ने स्पष्ट किया है कि तकनीकी युग में उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से अब मासिक बिलिंग प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और समयबद्ध किया जा रहा है। अब तक कई बार आटोमैटिक रीडिंग में देरी या अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं को समय पर बिल नहीं मिल पाता था, जिससे उन्हें भुगतान के लिए कम समय मिलता था। इस समस्या को दूर करने के लिए अब 15 तारीख की समयसीमा तय कर दी गई है। निगम के अनुसार, यदि किन्हीं अपरिहार्य तकनीकी कारणों या नेटवर्क की समस्या की वजह से किसी उपभोक्ता के स्मार्ट मीटर की आटोमैटिक रीडिंग नहीं हो पाती है, तो विभाग वहां हाथ से रीडिंग करवाएगा। ऐसी स्थिति में भी हर हाल में महीने की 18 तारीख तक उपभोक्ता को बिल उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था से बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके साथ ही विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली से जुड़ी हर छोटी-बड़ी अपडेट पाने के लिए अपना वर्तमान मोबाइल नंबर बिजली खाते से लिंक रखें। यदि किसी उपभोक्ता का मोबाइल नंबर बदल गया है या गलत दर्ज है, तो वे विभागीय स्तर पर इसे तुरंत सुधरवा लें। समय पर बिल मिलने से उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत का सटीक आकलन भी आसानी से कर सकेंगे।

जल्द मोबाइल नंबर अपडेट कराएं उपभोक्ता

विभाग ने निर्देश जारी किए है कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर बिजली बिलिंग प्रणाली में पंजीकृत नहीं है या पुराना नंबर बंद हो चुका है, वे तत्काल इसे अपडेट करवाएं। इसके लिए उपभोक्ता विभाग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1912 पर काल करके अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी आनलाइन माध्यम से मोबाइल नंबर को घर बैठे सुधारा जा सकता है ताकि जरूरी सूचनाएं बाधित न हों।

इन माध्यमों से बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे उपभोक्ता

बिजली बिल के भुगतान के लिए विभाग ने कई विकल्प खुले रखे हैं। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट, आधिकारिक मोबाइल ऐप, जन सेवा केंद्रों और विभिन्न डिजिटल वॉलेट व यूपीआई के माध्यम से बिल जमा कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता को अपने बिल या मीटर रीडिंग में कोई गड़बड़ी नजर आती है, तो वे तुरंत इसकी शिकायत दर्ज कराकर विभागीय अधिकारियों से इसका समय पर निवारण करा सकते हैं।

नई व्यवस्था के तहत अब जिले के सभी उपभोक्ताओं को हर महीने की 15 तारीख तक उनके बिजली बिल की सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर मिल जाएगी। जिसे उपभोक्ता विभाग की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, जन सेवा केंद्रों व यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

–अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता

अलापुर पुलिस ने महिला को जेवर ,नकदी रखा बैग लौटाया

बदायूं। थाना अलापुर पुलिस ने महिला का खोया बैग बरामद कर उसे महिला को सुरक्षित लौटा दिया। जिससे महिला ने राहत की सांस ली। महिला ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। उधर, एसएसपी ने इस सराहनीय कार्य के लिए बैग बरामद कर महिला को सुरक्षित लौटाने वाले दारोगा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव विशनपुरी निवासी मुनेंद्र की पत्नी मिथलेश 16 जून को अपनी मां व बच्चों के साथ अपने मायके गांव महरोली थाना मूसाझाग जा रही थी। रास्ते में म्याऊं में ऑटो से उतरते समय उनका बैग आटो में छूट गया था। बैग में जेवर,नकदी व एक मोबाइल फोन था। बैग गायब होने की सूचना मिथलेश ने तत्काल पुलिस चौकी म्याऊं पर दी। इसके बाद चौकी प्रभारी ने आटो चालक से संपर्क किया। जिसके बाद महिला का बैग बरामद कर लिया गया। चौकी प्रभारी ने बैग महिला को सौंप दिया। बैग मिलने के बाद महिला ने राहत की सांस लेते हुए चौकी पुलिस की सराहना की। चौकी प्रभारी की तत्परता व ईमानदारी देख एसएसपी अंकिता शर्मा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
पेशे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
बारबार बुखार आना व न उतरना
कमजोरी का लगना व भूख न लगना
बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
मूत्र कम करना, कब्ज (पेशाब) खुशर, पुराना टायफाइड (हरपिट)
पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
घुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
गुरिक एसिड (खाल), गाउट रोग व अन्य
हाई या लो बी. पी.
हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
खून की कमी व विटामिन की कमी
जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
जॉब न आना, बेचैनी, तनाव रहना
बिडविडापन, काम करने की समस्या
दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
पेशाब आना मस्कली सिकायतें व अन्य
7078173252
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र – 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

अंतरजनपदीय स्थानांतरण :विशेष परिस्थिति वाले शिक्षक ही कर सकेंगे आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने नई अंतरजनपदीय स्थानांतरण नीति के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार की नीति में विभाग ने एक बड़ा बदलाव करते हुए न्यूनतम सेवा अवधि की अनिवार्यता को पूरी तरह समाप्त कर दिया है बीएसए के अनुसार यह सामान्य तबादला प्रक्रिया नहीं है, इसमें केवल विशेष और गंभीर परिस्थितियों वाले शिक्षक ही आवेदन के पात्र माने गए हैं।

विभागीय निर्देशों के अनुसार, यह स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी तरह सीमित है और इसके तहत केवल वही शिक्षक आवेदन कर सकते हैं जो स्वयं या जिनके आश्रित जैसे जीवनसाथी या अविवाहित बच्चे कैंसर और डायलिसिस जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, या फिर 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। सामान्य परिस्थितियों में कोई भी शिक्षक इस नीति के अंतर्गत आवेदन नहीं कर सकेगा। पात्रता को साबित करने के लिए विभाग ने बेहद कड़े नियम और सत्यापन प्रक्रिया तय की है। दिव्यांगता की स्थिति में सीएमओ का प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा। वहीं निजी अस्पतालों में चल रहे इलाज की रिपोर्ट को भी सक्षम सरकारी चिकित्सा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना आवश्यक किया गया है। यदि कोई शिक्षक अपने अविवाहित बच्चों की बीमारी के आधार पर आवेदन करता है, तो उसे 100 रुपये के स्टांप पेपर पर शपथपत्र देना होगा। इसके अलावा, दंपत्ति नीति के तहत दोनों के परिषदीय स्कूलों में होने पर भी तबादला तभी संभव होगा जब संबंधित जिले में छात्र-शिक्षक का अनुपात तय मानकों के अनुरूप हो। सभी आवेदन 20 जून तक केवल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

अंतर्जनपदीय तबादले के प्रमुख नियम

1- स्थानांतरण केवल समान संवर्ग में होगा, यानी ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग तथा नगर सेवा संवर्ग से नगर सेवा संवर्ग में ही आवेदन किया जा सकेगा।

2- इस प्रक्रिया में केवल नियमित शिक्षक और शिक्षिकाएं ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

3- स्थानांतरण के लिए किसी भी प्रकार की न्यूनतम सेवा अवधि की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।

4- आवेदन में किसी भी प्रकार के फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ तत्काल विधिक कार्रवाई की जाएगी

5- नए जिले में कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षक को शपथपत्र देना होगा कि वह वहां की नई वरिष्ठता सूची में सबसे निचले पायदान पर रहेगा और भविष्य में पुरानी वरिष्ठता या पदोन्नति का दावा नहीं करेगा।

6- पदोन्नति प्राप्त शिक्षक या शिक्षिका केवल उसी जिले के लिए आवेदन कर सकेंगे, जहां उनकी मूल नियुक्ति तिथि के आधार पर पदोन्नति की पात्रता बनती हो।

यह अंतरजनपदीय स्थानांतरण की प्रक्रिया समान्य शिक्षकों के लिए नहीं है। इस प्रक्रिया में केवल वही लोग आवेदन कर सकते हैं जो आदेश में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं। परिवार में यादि कोई गंभीर बीमारी से जूझा रहा है तो उस स्थिति में शिक्षक अंतरजनपदीय स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकता है।

–नवीन कुमार, बीएसए

दोपहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर एसएसपी ने किया रवाना


हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना करतीं एसएसपी अंकिता शर्मा। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कानून-व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसएसपी अंकिता शर्मा ने बुधवार को चार दोपहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एसएसपी ने कहा कि नए दोपहिया वाहनों के मिलने से आपातकालीन स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया और तेजी होगी तथा आम जनता को त्वरित सहायता मिल सकेगी।प्रत्येक वाहन चालक को वायरलैस,सीयूजी फोन,चार्जेबल टार्च,बॉडीवार्न कैमरा,लाइट हूटर आदि सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया,सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

जी-7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका दिखा अलग थलग, दुनिया जता रही मोदी पर भरोसा

जी-7 शिखर सम्मेलन इस बार वैश्विक अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और व्यापार का मंच नहीं बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था का आईना प्रतीत हुआ। फ्रांस में आयोजित इस सम्मेलन में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे तो उनके सामने वह यूरोप खड़ा था जो अब आंख मूंदकर वॉशिंगटन के पीछे चलने को तैयार नहीं दिखता। लंबे समय तक टैरिफ की धमकियां, कूटनीतिक दबाव, सार्वजनिक अपमान और अचानक फैसलों का सामना करने के बाद अब यूरोपीय देशों ने यह मान लिया है कि ट्रंप बदलती अमेरिकी सोच का स्थायी चेहरा हैं। यही कारण है कि इस बार जी-7 सम्मेलन पर सबसे गहरी छाया अमेरिका और यूरोप के बीच बढ़ती दूरी की रही। देखा जाये तो ईरान युद्ध के बाद पैदा हुई वैश्विक बेचैनी ने इस सम्मेलन को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। युद्धविराम की घोषणा के बावजूद तेल बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है, महंगाई को लेकर चिंता गहरा रही है और दुनिया की अर्थव्यवस्था फिर अनिश्चितता के मोड में पहुंचती दिखाई दे रही है। ट्रंप इस सम्मेलन में यह साबित करने पहुंचे कि उनकी आक्रामक और टकराव वाली विदेश नीति परिणाम दे रही है। वह चाहते हैं कि दुनिया अमेरिकी प्राथमिकताओं को स्वीकार करे, चाहे मामला व्यापार का हो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का, सुरक्षा का या फिर चीन को घेरने की रणनीति का। लेकिन इस बार यूरोप का स्वर बदला हुआ है। वह अमेरिका के साथ तो रहना चाहता है, मगर उसकी हर बात पर सिर झुकाने को तैयार नहीं है। देखा जाये तो यूरोप के भीतर यह बदलाव अचानक नहीं आया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वर्षों से यूरोप की रणनीतिक स्वायत्तता की वकालत करते रहे हैं। उनका तर्क साफ है कि यूरोप को अपनी सुरक्षा और अपने हितों की रक्षा के लिए हमेशा अमेरिका पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इस बार सम्मेलन की मेजबानी कर रहे मैक्रों ने साफ शब्दों में कह दिया है कि यह ऐसा समय है जब अमेरिकी, रूसी और चीनी नेतृत्व यूरोप के हितों के खिलाफ खड़ा दिखाई देता है। इसलिए यूरोप को अब जागना होगा और अपने हितों की रक्षा खुद करनी होगी। हालांकि मैक्रों की रणनीति केवल विरोध की नहीं है। उन्होंने ट्रंप के साथ निजी संबंध बनाए रखने की भी भरपूर कोशिश की है। कभी एफिल टावर पर भोज, कभी सैन्य परेड में विशेष सम्मान और कभी नोट्रे डेम कैथेड्रल के पुनरोद्धार समारोह में आमंत्रण देकर उन्होंने ट्रंप को साधने की कोशिश की है। लेकिन ईरान युद्ध और ग्रीनलैंड विवाद के बाद यूरोप में ट्रंप विरोध चरम पर पहुंच गया। एक समय तो हालात ऐसे बन गए थे कि यूरोपीय नेताओं को लगने लगा कि ट्रंप डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए अमेरिकी सेना भेज सकते हैं। यह केवल एक भू-राजनीतिक विवाद नहीं था, बल्कि उस भरोसे के टूटने का प्रतीक था जिस पर दशकों से अटलांटिक गठबंधन टिका हुआ था। दरअसल, ग्रीनलैंड प्रकरण ने यूरोप को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि कहीं नाटो की सबसे बड़ी सैन्य ताकत ही उसके लिए सबसे बड़ा खतरा न बन जाए। यही कारण है कि अब यूरोपीय देशों में यह बहस तेज हो गई है कि अगर अमेरिका हर वैश्विक संकट में नेतृत्व नहीं करता या करना नहीं चाहता, तो आगे की दुनिया कैसी होगी। इस चिंता ने नाटो और अटलांटिक गठबंधन की नींव तक को हिला दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर भी इस बार दबाव में दिखे। घरेलू राजनीति में चुनौती झेल रहे स्टारमर को ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन न करने के कारण ट्रंप की नाराजगी का सामना करना पड़ा। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से ब्रिटेन का मजाक उड़ाया और उसे असहयोगी तक कह दिया। नतीजा यह हुआ कि ब्रेक्जिट के बाद अमेरिका के और करीब जाने की कोशिश कर रहा ब्रिटेन अब फिर यूरोप की ओर झुकता दिखाई दे रहा है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जिन्हें कभी ट्रंप का स्वाभाविक सहयोगी माना जाता था, वह भी अब दूरी बनाती नजर आ रही हैं। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची इस सम्मेलन में पहली बार शामिल हुईं और उन्होंने अमेरिका, यूरोप तथा पश्चिम एशिया के बीच संवाद की कड़ी बनने की कोशिश की। साफ है कि दुनिया अब केवल अमेरिकी नेतृत्व पर निर्भर रहने की बजाय बहुध्रुवीय संतुलन की तरफ बढ़ रही है।

'बंगाल का वंदेमातरम् क्षण'

ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्तावित बंगाल-विभाजन के विरोध में 'वंदे मातरम्' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। 16 अक्टूबर 1905, रविवार को कोलकाता में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण था। सामान्यतः रक्षाबंधन का पर्व श्रावण पूर्णिमा, अर्थात् अगस्त महीने में आता है। परंतु बंगाल-विभाजन के विरोध में 16 अक्टूबर को कोलकाता के हिंदू और मुस्लिम महिला-पुरुषों ने गंगाजी में स्नान किया, एक-दूसरे को राखी बाँधी और यह संकल्प लिया कि इस रेशमी धागे की तरह हम बंगाल को एक सूत्र में बाँधकर एकजुट रखेंगे और बंगाल का बँटवारा नहीं होने देंगे।



■ डॉ. मनमोहन वैद्य

पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने पूरे देश को अचंभित और आनंदित किया है।

दिसंबर 2025 और फरवरी 2026 में मुझे बंगाल जाने का अवसर मिला था। वहाँ अधिकांश लोग परिवर्तन की इच्छा तो रखते थे, किंतु यह परिवर्तन वास्तव में संभव हो सकेगा, ऐसा विश्वास बहुत कम लोगों को था। परिस्थितियाँ भी ऐसी थीं कि परिवर्तन किसी चमत्कार से कम नहीं लगता था। निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए आवश्यक खुला तथा निर्भय वातावरण तैयार करना सबसे बड़ी चुनौती थी। परंतु चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय, केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से यह संभव हो पाया।

बंगाल की जनता ने इस बार बढ़-चढ़कर मतदान किया। पिछले पाँच चुनावों 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में मतदान का औसत 79.22% था, जबकि 2026 में यह बढ़कर 92.47% हो गया। अचानक हुई लगभग 13 प्रतिशत अंकों की इस वृद्धि में एसआईआर का योगदान नकारा नहीं जा सकता। परंतु इसके साथ ही यह वृद्धि निर्भय माहौल और जनता के अभूतपूर्व उत्साह को भी दर्शाती है। इस चुनाव को समाज द्वारा एक सभ्यतागत संघर्ष के रूप में देखना, सुरक्षा बलों द्वारा अपनी भूमिका का समुचित निर्वहन करना और लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग के प्रति आश्वस्त करना, इन कारणों को भी नकारा नहीं जा सकता।

फरवरी 2026 में कोलकाता में एक वरिष्ठ महिला पत्रकार से भेंट हुई थी, जो पूर्णतः वामपंथी विचारधारा की हैं। 29 मई को उनसे फिर बात हुई। उन्होंने बताया कि जब वे 18 वर्ष की थीं, तब उन्होंने पहली बार मतदान किया था और उसके बाद अब 2026 में उन्होंने फिर से मतदान किया। वे इस समय 46 वर्ष की हैं। परिवर्तन की तीव्र इच्छा और यह विश्वास कि परिवर्तन संभव है, उनके मतदान के प्रमुख प्रेरक बने। बंगाल में चुनावों के दौरान हिंसा का इतिहास रहा है। ऐसे में इस बार का चुनाव अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। इसका श्रेय भी केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिया जा सकता है। यही कारण है कि लोग निर्भय होकर घरों से बाहर निकले और मतदान किया।

इस चुनाव में केवल भाजपा की जीत नहीं हुई है। बंगाल की जनता ने भारत की आध्यात्मिक परंपरा और हिंदुत्व के विचार की विजय सुनिश्चित की है। ऐसा प्रतीत होता है कि बंगाल की आत्मा पुनः जागृत हुई है। यह रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, जगदीशचंद्र बसु और बिपिनचंद्र पाल जैसे आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय जागरण के अग्रदूत महापुरुषों के बंगाल की आत्मा की विजय है।

यह क्षण मुझे 1905 में ब्रिटिश शासन द्वारा प्रस्तावित बंगाल-विभाजन के विरोध की याद दिलाता है। उस समय बंकिमचंद्र के 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ बंगाल में अदम्य ऊर्जा, अभूतपूर्व एकता और राष्ट्रीय चेतना का उदय हुआ था। उस जागृति का विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसके परिणामस्वरूप ब्रिटिश शासन को 1911 में बंगाल-विभाजन का प्रस्ताव निरस्त करना पड़ा। इतना ही नहीं, ब्रिटिश शासन को अपनी राजधानी भी 1911 में कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित करनी पड़ी। इस दृष्टि से देखा जाए, तो बंगाल के इस 2026 के चुनाव में भारत की आध्यात्मिक परंपरा और हिंदुत्व के विचार की विजय को बंगाल का 'वंदे मातरम् क्षण' कहा जा सकता है।

'वंदे मातरम्' गीत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में अपने उपन्यास 'आनंदमठ' के लिए लिखा था। 1896 में इसे पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने गाया था। इसके बाद 1905 में अंग्रेजों द्वारा प्रस्तावित बंगाल-विभाजन के विरोध में बंगाल की जनता ने 'वंदे मातरम्' को स्वतंत्रता आंदोलन का युद्धमंत्र बना लिया। बंगाल-विभाजन के प्रस्ताव के विरोध में पूरा भारत खड़ा हो गया था। लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिनचंद्र पाल-लाल, बाल, पाल-को सबने अपना नेता मान लिया था। 'वंदे मातरम्' का गान होते ही लोगों के भीतर अदम्य ऊर्जा और राष्ट्रीय चेतना का संचार हो जाता था। अनेक क्रांतिकारियों ने 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ फाँसी का फंदा चूमते हुए हँसते-हँसते अपने प्राण न्योछावर किए।



ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्तावित बंगाल-विभाजन के विरोध में 'वंदे मातरम्' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। 16 अक्टूबर 1905, रविवार को कोलकाता में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण था। सामान्यतः रक्षाबंधन का पर्व श्रावण पूर्णिमा, अर्थात् अगस्त महीने में आता है। परंतु बंगाल-विभाजन के विरोध में 16 अक्टूबर को कोलकाता के हिंदू और मुस्लिम महिला-पुरुषों ने गंगाजी में स्नान किया, एक-दूसरे को राखी बाँधी और यह संकल्प लिया कि इस रेशमी धागे की तरह हम बंगाल को एक सूत्र में बाँधकर एकजुट रखेंगे और बंगाल का बँटवारा नहीं होने देंगे।

तब श्री अरविंद घोष ने पहली बार 'वंदे मातरम्' को स्वतंत्रता का मंत्र कहा। राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए श्री अरविंद घोष 'वंदे मातरम्' नाम से साप्ताहिक पत्रिका निकालते थे। 1907 में जर्मनी में मैडम भीकाजी कामा ने स्वतंत्र भारत का जो ध्वज फहराया था, उस पर 'वंदे मातरम्' लिखा हुआ था। तब से 'वंदे मातरम्' स्वाधीनता का मंत्र-गान, देशभक्ति का स्फूर्ति-गीत और क्रांतिकारियों का चेतना-मंत्र बन गया।

'वंदे मातरम्' से प्रज्वलित क्रांति की ज्वाला से भयभीत होकर ब्रिटिश सरकार ने अप्रैल 1906 में इसके सार्वजनिक गायन पर प्रतिबंध लगा दिया। परंतु इस दमन के विरोध में बंगाल में अदम्य उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ और अंततः ब्रिटिश शासन को बंगाल-विभाजन का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा।

यह ऊर्जा और उत्साह केवल बंगाल तक सीमित नहीं रहा। इस जागृति की ज्वाला संपूर्ण भारत में फैल गई। नागपुर में संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार ने, जब वे दसवीं कक्षा के छात्र थे, 'वंदे मातरम्' का सार्वजनिक उद्घोष कर विद्यालय प्रशासन का रोष सहन किया। इसके कारण उन्हें विद्यालय से निष्कासित भी किया गया।

तब से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्येक वार्षिक अधिवेशन में पूर्ण 'वंदे मातरम्' का गान होता रहा। रवीन्द्रनाथ ठाकुर, सरला देवी चौधरानी, पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर और ओंकारनाथ ठाकुर जैसे मूर्धन्य गायकों ने इसे स्वर दिया। कांग्रेस के सभी सदस्य, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम, इसे स्वतंत्रता आंदोलन के प्राण-मंत्र के रूप में गाते रहे। किंतु 1921 के बाद ब्रिटेन की विभाजनकारी राजनीति के प्रभाव से कांग्रेस के भीतर सांप्रदायिक शक्तियों का प्रभाव बढ़ने लगा। इसके परिणामस्वरूप तुर्की के खिलाफत आंदोलन का समर्थन तथा 'वंदे मातरम्' को सांप्रदायिक बताकर उसका विरोध करने जैसी प्रवृत्तियाँ उभरने लगीं। जो गीत 1920 तक स्वतंत्रता आंदोलन का प्राण-मंत्र माना जाता था, वही 1923 के बाद सांप्रदायिक कहा जाने लगा। यहीं से भारत-विभाजन के बीज बोए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

भारतीय चिंतन में मनुष्य को केवल शरीर के रूप में नहीं, बल्कि शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आत्मा से युक्त पंचकोषात्मक सत्ता के रूप में देखा गया है। इसी प्रकार 'वंदे मातरम्' में भारत का समग्र स्वरूप प्रस्तुत होता है। इसके प्रथम पद में भारतभूमि का वर्णन है, द्वितीय पद में भारत के जन, अर्थात् लोक का चित्रण है, जबकि बाद के पदों में भारत के मन, बुद्धि, प्राण और आध्यात्मिक चेतना का निरूपण मिलता है। 'तुमि विद्या, तुमि धर्म'-यहाँ 'विद्या' भारत की अध्यात्म-विद्या है, जो मोक्ष का मार्ग सिखाती है। 'मैं' को छोटा कर 'हम' की भावना को बड़ा करना तथा अपनेपन के भाव से समाज को देना, समाज को लौटाना-यही 'धर्म' है; यहाँ 'धर्म' का अर्थ 'रिलिजन' नहीं है। भगिनी निवेदिता ने कहा है कि जिस समाज में लोग अपने परिश्रम का पारिश्रमिक केवल अपने पास न रखकर समाज को देते हैं, उस समाज के पास एकत्रित सामाजिक पूँजी के बल पर संपूर्ण समाज संपन्न और समृद्ध बनता है, तथा समाज का प्रत्येक व्यक्ति भी संपन्न और समृद्ध बनता है। यही 'धर्म' है। इसलिए एक अर्थ में समाज की इस सामाजिक पूँजी को समृद्ध करना ही 'धर्म' है। इसीलिए स्वतंत्रता के बाद भारत के नेतृत्व ने विचारपूर्वक लोकसभा के लिए 'धर्मचक्र प्रवर्तनाय', राज्यसभा के लिए 'सत्यम् वद, धर्मं चर', सर्वोच्च न्यायालय के लिए 'यतो धर्मस्ततो जयः' और राष्ट्रध्वज में धर्मचक्र का समावेश किया। यह विद्या और धर्म भारतमाता के हृदय में हैं; यही भारत का प्राण हैं।

यह भारतमाता शक्ति की देवी दुर्गा, समृद्धि की देवी लक्ष्मी और ज्ञान की देवी सरस्वती-तीनों का एकत्र रूप है। यही भारत है। इसी कारण 1905 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशनों में संपूर्ण 'वंदे मातरम्' का गान होता रहा। इसे गाने में लगभग तीन मिनट का समय लगता है। इसमें सांप्रदायिकता कहाँ है?

बाद में विभाजनकारी और सांप्रदायिक तत्वों के प्रभाव में आकर इसके विरोध का क्रम शुरू हुआ, जो आज भी किसी न किसी रूप में जारी है। इसमें सांप्रदायिकता देखने वाले भारत की आध्यात्मिक धरोहर और परंपरा के बारे में अपना अज्ञान ही प्रदर्शित करते हैं। अथवा ऐसा प्रतीत होता है कि वे तब ब्रिटिश शासन के और आज भारत-विरोधी विभाजनकारी तत्वों के प्रभाव में हैं, या उनके हाथों में खेल रहे हैं। किंतु 'वंदे मातरम्' ने भारत के प्राणों को झकझोरा, राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया और जन-जन में स्वाधीनता का भाव प्रज्वलित किया। यही कारण था कि बंगाल-विभाजन के विरुद्ध इतना व्यापक जनक्षोभ उत्पन्न हुआ कि अंततः ब्रिटिश शासन को अपना प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। अभी भारत सरकार ने 'वंदे मातरम्' को प्राथमिकता देकर संपूर्ण 'वंदे मातरम्' के गान का आग्रह किया है, यह समुचित और सराहनीय है। 2026 के बंगाल चुनाव के परिणामों ने 1905 से 1911 के बीच बंगाल में हुई जन-जागृति, संकल्प, राष्ट्रीय चेतना और निर्णायक सक्रियता की याद ताजा कर दी है। बंगाल को भाषिक अस्मिता के आधार पर अलग करने के षड्यंत्र इस चुनाव ने ध्वस्त कर दिए हैं। बंगाली भाषा अलग होते हुए भी उसकी अस्मिता भारत की आध्यात्मिक अस्मिता से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है-यह इस चुनाव के परिणामों ने सिद्ध किया है। 1905 में जिस तरह ब्रिटिश औपनिवेशिक शक्तियाँ और जिहादी कट्टरपंथी भारत की राष्ट्रीय पहचान को नष्ट करने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे थे, उसी तरह 2026 में विचारहीन राजनेता, जिहादी कट्टरपंथी और कल्चरल मार्क्सवादी बंगाल के भारत के साथ संबंधों को समाप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे थे। 1905 और 2026–दोनों ही समय बंगाल के हिंदुओं को अपने अस्तित्व पर आए संकट का सामना करना पड़ा है। प्रतीत होता है कि रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, और रवीन्द्रनाथ ठाकुर के बंगाल की अस्मिता पुनः जागृत हो उठी है। भारत का सर्वसमावेशी, एकात्म और आध्यात्मिक जीवन-दर्शन-अर्थात् भारत का हिंदुत्व-एक बार फिर मुखर होकर सामने आया है। इस परिणाम को संभव बनाने वाले शासन और प्रशासन के सभी अधिकारियों तथा निर्भय होकर अभूतपूर्व संख्या में मतदान करने का साहस और संकल्प प्रदर्शित करने वाले बंगाल के समस्त महिला-पुरुष नागरिकों का मनःपूर्वक अभिनंदन है। उनकी लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता और परिवर्तन की आकांक्षा ने इस ऐतिहासिक परिणाम को संभव बनाया है। निःसंदेह, यह बंगाल का 'वंदे मातरम् क्षण' है।

(लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अभा कार्यकारिणी के सदस्य हैं।)

राजमाता जीजाबाई : जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण में योगदान

जन्म और पारिवारिक पृष्ठभूमि

लखूजी जाधवराव तत्कालीन दक्कन के प्रमुख मराठा सरदारों में गिने जाते थे उनके यहाँ जीजाबाई का जन्म लगभग 1598 ई. में सिंदखेड़ में हुआ था। 17वीं शताब्दी का दक्कन राजनीतिक अस्थिरता से भरा हुआ था। मुगल साम्राज्य दक्षिण की ओर विस्तार कर रहा था। लखुजी, निजामशाह के विश्वसनीय सरदार थे। जीजाबाई का विवाह शाहजी राजे के साथ हुआ। सन 1629 में निजामशाह ने राजद्रोह के संदेह में लखुजी जाधवराव के साथ उनके तीन पुत्र अचलोजी,रघुजी और यशवंतराव चारों की हत्या कर दी। इस घटना से पूरा हिंदुस्तान दहल उठा। इस घटना से शाहजी राजे भी अत्यंत उद्वेलित हुए और निजामशाह की सेवा छोड़कर विद्रोही हो गए।



■ गिरीश जोशी

जीजाबाई ने अपने जीवन में सत्ता संघर्ष, विश्वासघात, युद्ध और पारिवारिक त्रासदियों को निकट से देखा। उनके पिता लखूजी जाधव की हत्या ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला। इसी अनुभव ने उनमें स्वतंत्र राज्य की आवश्यकता का भाव अधिक प्रबल किया। उस परिस्थिति में जब स्वराज स्थापित करने का विचार भी किसी के मन में नहीं उठता था तब शाहजी राजे और जीजामाता ने स्वराज का स्वप्न देखा। इस स्वराज के निर्माण के लिए अपना जीवन दाँव पर लगा कर प्रयत्न भी किया । मालोजीराजे के समय से ही पुणे की जागीर उनके पास थी। शाहजी राजे की बड़ी-बड़ी हवेलिया पुणे में थी। शाहजी राजे ने पुणे और उसके आसपास का परिसर तेजी से अपने आधिपत्य में लेकर इस क्षेत्र को स्वतंत्र कर लिया। लेकिन शाहजी राजे का ये विद्रोह अधिक समय तक टिक न सका। आदिलशाह ने शाहजी राजे की बड़ी हवेलियाँ जलाकर राख कर दी और उनके अनेक लोगों का वध कर पुणे को वीरान कर दिया। शाहजी राजे का स्वराज के निर्माण हेतु किया गया प्रथम प्रयास असफल रहा।

जब लखुजी जाधवराव की हत्या हुई थी, तब गर्भवती जीजाबाई, शाहजी राजे के साथ थी। इस अनिश्चितता के काल में जीजाबाई को इस अवस्था सुरक्षित रखना शाहजी राजे के सामने बड़ी चुनौती थी। शाहजी राजे ने अनुकूलता देख कर जीजामाता को शिवनेरी के किले में रखा। यहाँ जीजाबाई ने एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम रखा गया शिवाजी।

पुणे जागीर का पुनर्निर्माण

जब शाहजी दक्षिण में व्यस्त थे, तब जीजाबाई ने पुणे क्षेत्र की जागीर का प्रबंधन संभाला। उन्होंने पुणे में लाल महल के निर्माण का मार्गदर्शन किया। इसी लाल महल में शिवाजी का बाल्यकाल बीता और स्वराज्य की प्रारंभिक योजनाएँ बनीं। उनके प्रशासनिक कौशल के कारण युद्धों से उजड़े क्षेत्र में पुनः कृषि, ग्राम व्यवस्था और राजस्व प्रणाली को सुदृढ़ किया गया।



शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व निर्माण में भूमिका

इस माँ के दो पुत्र थे, एक को दुश्मन ने धोखे से मार दिया था और अब एक ही बेटा उसके पास था। जिस माँ ने अपने परिजनों का अलगाव सहन किया हो, अपने पिता, भाइयों और पुत्र की हत्या होते हुए देखी हो, वो माँ अपने बेटे की सुरक्षा के लिए कितनी चिंतित होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। लेकिन उस माँ ने अपने एकमात्र बेटे को भी देश के लिए, धर्म के लिए, अपनी संस्कृति के लिए की रक्षा के लिए तैयार करने का प्रण लिया।

इतिहास में जीजाबाई का सबसे बड़ा योगदान छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र निर्माण में माना जाता है। उन्होंने बालक शिवाजी को बचपन से संस्कारित करने के लिए रामायण और महाभारत की कथाएँ सुनाईं। धर्म, न्याय और प्रजा-कल्याण के आदर्श सिखाए। विदेशी और अत्याचारी शासन के प्रति प्रतिरोध की भावना जगाई। स्त्रियों के सम्मान और धार्मिक सहिष्णुता का संस्कार दिया और स्वराज्य के स्वप्न से प्रेरित किया। यह मान्यता है कि 'शिवाजी के भीतर का स्वराज्य पहले जीजाऊ के मन में जन्मा था।'

हिंदवी स्वराज्य की प्रेरणा

इतिहासकारों के अनुसार हिंदवी स्वराज्य की अवधारणा के पीछे जीजाबाई की प्रेरणा अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने शिवाजीराजे को केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि प्रजा की रक्षा,धर्म और संस्कृति के संरक्षण,न्यायपूर्ण शासन, तथा स्वाभिमानी राज्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। इसलिए कई इतिहासकार उन्हें 'हिंदवी स्वराज्य की आध्यात्मिक जननी' भी कहते हैं।

हर माँ को अपनी संतान की चिंता होना स्वाभाविक है लेकिन उस चिंता के चलते भी देश को पहले रखने का काम जब कोई पन्नाधाय और जीजा माता जैसी माता करती है तब उस देश का इतिहास गढ़ता है।

राजमाता जीजाबाई भारतीय इतिहास की उन महान महिलाओं में से हैं जिन्होंने केवल एक पुत्र का पालन-पोषण नहीं किया, बल्कि एक युगपुरुष का निर्माण किया। मराठा इतिहास में उनका स्थान केवल शिवाजी महाराज की माता के रूप में नहीं, बल्कि हिंदवी स्वराज्य की प्रथम प्रेरक, राष्ट्रचेतना की संवाहिका तथा आदर्श प्रशासिका के रूप में है। उन्होने शिवाजी राजे को धर्मपालन, नैतिक शासन, न्याय, और लोककल्याण के भाव को केंद्र में रख कर योजना और नीतियाँ बनाने का शिक्षण और संस्कार दिये ।

महाराज का राज्याभिषेक और अंतिम समय

6 जून 1674 को छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक संपन्न हुआ। यह वह क्षण था जिसका स्वप्न जीजाबाईने दशकों तक देखा था। राज्याभिषेक के कुछ ही दिनों बाद 17 जून 1674 को उनका निधन हो गया। ऐसा माना जाता है कि स्वराज्य को विधिवत स्थापित होते देखने के बाद उनका जीवन-ध्येय पूर्ण हो चुका था। जीजाबाईका महत्व तीन स्तरों पर समझा जा सकता है 1. राष्ट्रनिर्माता माता- उन्होंने एक ऐसे नेतृत्व का निर्माण किया जिसने भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। 2. कुशल मार्गदर्शक- वे केवल माता नहीं थीं स्वराज्य आंदोलन की वैचारिक प्रेरक भी थीं। 3. आदर्श प्रशासिका- पुणे जागीर के संचालन में उनकी प्रशासनिक दक्षता स्पष्ट दिखाई देती है।

राजमाता जीजाबाई का जीवन भारतीय इतिहास में मातृत्व, राष्ट्रचेतना, नेतृत्व और सांस्कृतिक आत्मसम्मान का अद्वितीय उदाहरण है। यदि शिवाजी महाराज हिंदवी स्वराज्य के निर्माता थे, तो जीजाबाई उस स्वराज्य की प्रथम प्रेरणा, वैचारिक आधारशिला और नैतिक शक्ति थीं। मराठा इतिहास में उनका स्थान केवल 'शिवाजी की माता' तक सीमित नहीं है वे स्वयं एक युगनिर्माता व्यक्तित्व हैं।

जीजामाता के सबक

जो माता अपने बच्चों को हमेशा एक सुरक्षा की खोल में रखती हैं, उसे परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं करती उस माँ के बच्चे अपने जीवन में किसी मुकाम को हासिल नहीं कर पाते, जरा से संकट में या थोड़ी सी विपरीत परिस्थिति आने के बाद वे विचलित हो जाते हैं ओर गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। माँ को यह चाहिए होता है कि वह अपने बच्चों के करियर की चिंता जरूर करें लेकिन उसके साथ उसे अच्छे संस्कार देकर अपने जीवन में किसी बड़े उद्देश्य के लिए जीना सिखाए, बड़ा लक्ष्य उसके सामने रखें और रास्ता हमेशा नैतिकता का हो ये बेहद जरूरी होता है। हर बच्चे के भीतर एक उज्जवल संभावना का बीज छिपा होता है। माँ की यह भूमिका होती है कि वो उस बीज को पहचाने और फिर अपने बच्चों को ऐसा वातावरण दे जिससे वह अच्छी तरह अंकुरित हो सके, पुष्पित पल्लवित हो कर एक वट वृक्ष जैसा विशाल आकर लेकर अपने घर - परिवार के साथ समाज, देश और दुनिया के लिए अच्छा काम कर सके।

(लेखक संस्कृति अध्येता और स्तंभकार हैं।)

बेसिक शिक्षकों के बिना कैसा शिक्षक विधायक चुनाव?



आनन्द प्रकाश गुप्ता

उत्तर प्रदेश में शिक्षक विधायक चुनाव को शिक्षकों के लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का माध्यम माना जाता है, लेकिन एक मूल प्रश्न आज भी अनुत्तरित है–जब प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षक वर्ग, बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक, इस चुनाव में मतदाता ही नहीं हैं तो इसे शिक्षक समाज का वास्तविक प्रतिनिधित्व कैसे माना जाए?

प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के लाखों विद्यार्थियों को शिक्षित करने वाले हजारों शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। नई शिक्षा नीति, निपुण भारत मिशन, नामांकन अभियान, बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थाएं, चुनाव ड्यूटी, जनगणना और तमाम सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में इन्हीं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सरकार की नजर में वे शिक्षक हैं, समाज की नजर में वे शिक्षक हैं, सेवा नियमों में वे शिक्षक हैं, लेकिन शिक्षक विधायक चुनाव आते ही वे प्रतिनिधित्व के अधिकार से बाहर हो जाते हैं।

शिक्षक विधायक की अवधारणा किसी एक शिक्षा स्तर के प्रतिनिधित्व के लिए नहीं बनाई गई थी। इसका उद्देश्य शिक्षा जगत की समस्याओं और सुझावों को विधान परिषद तक पहुंचाना था। यदि माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षकों की समस्याएं सदन तक पहुंचनी चाहिए, तो प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा की समस्याएं क्यों नहीं? आखिर शिक्षा की नींव रखने वाले शिक्षक ही प्रतिनिधित्व से बाहर क्यों हैं? संविधान के अनुच्छेद 171 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की वर्तमान व्यवस्था ऐसे समय में बनी थी जब शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप आज जैसा व्यापक नहीं था। आज प्राथमिक शिक्षा राष्ट्रीय विकास, साक्षरता और मानव संसाधन निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की पात्रता और संरचना पर पुनर्विचार समय की मांग है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिक्षक विधायक सदन में जब शिक्षा पर बोलते हैं तो उनके वक्तव्यों का प्रभाव बेसिक शिक्षकों पर भी पड़ता है। वेतन, सेवा शर्तें, स्थानांतरण, प्रशिक्षण, विद्यालयों की दशा, शैक्षिक नीतियां और शिक्षकों के अधिकार–इन सभी विषयों का संबंध बेसिक शिक्षकों से भी है। फिर जिन नीतियों का प्रभाव उन पर पड़ता है, उनके प्रतिनिधि चुनने का अधिकार उन्हें क्यों नहीं होना चाहिए? राज्य सरकार, भारत निर्वाचन आयोग और विधायिका को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यदि वर्तमान अधिसूचनाएं या कानूनी प्रावधान बेसिक शिक्षकों को इस प्रक्रिया से बाहर रखते हैं, तो उनकी समीक्षा की जानी चाहिए। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत समावेशिता है, बहिष्करण नहीं। आज प्रश्न केवल मतदान का नहीं, बल्कि सम्मान और प्रतिनिधित्व का है। क्या बेसिक शिक्षक शिक्षक नहीं हैं? यदि हैं, तो शिक्षक प्रतिनिधित्व की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया से उन्हें बाहर रखने का औचित्य क्या है? जब तक प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षक वर्ग की आवाज शिक्षक विधायक चुनाव में शामिल नहीं होगी, तब तक यह व्यवस्था पूर्ण प्रतिनिधित्व का दावा नहीं कर सकती। शिक्षक विधायक का चुनाव तभी सार्थक और व्यापक माना जाएगा जब उसमें शिक्षा की नींव रखने वाले बेसिक शिक्षकों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। शिक्षकों में बेसिक शिक्षक 60% से अधिक है, शिक्षक समाज का सबसे बड़ा वर्ग बाहर हो और चुनाव का नाम शिक्षक विधायक हो–यह विरोधाभास अब गंभीर विमर्श की मांग करता है।

राजभर बोले- आपकी लंका में आग लगने वाली है

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। एक प्रमुख नेता ने समाजवादी पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के भीतर असंतोष और टूट की आशंका जताई। उन्होंने पुराने गठबंधन टूटने के कारणों का भी उल्लेख किया और दावा किया कि उनकी पार्टी पिछड़े, शोषित और वंचित वर्गों की आवाज उठाने के लिए काम कर रही है।

राजभर ने अखिलेश यादव का बिना नाम लिए तंज कसा। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से लिखा- आपकी लंका में आग लगने वाली है और आप दूसरों की चिंता में लगे हैं। गजब आदमी हैं महाराज आप। आप पुराने मित्र हैं, इसलिए पहले ही बता दिया। बचा सकते हैं तो बचा लीजिए अपनी पार्टी को। बुला लीजिए सांसदों और विधायकों की बैठक और सबके हाथ में गीता-कुरान देकर शपथ करवा लीजिए। सब सच उगल देंगे। बुलाइये ना अपने सांसदों को और उगलवाइये सच। विभीषण आप के साथ ही है, लंका में आग लगवाकर रहेगा। रही बात हमारे पैसा लेने की तो आइये ना हमारे घर। दो चार किलो आलू, प्याज और बोरी भर गेंहू मिलेगा। कौन पैसा लेकर लोडर बनाता है और कौन दबे कुचलों को नेता बनाता है, ये आप भी बेहतर जानते हैं और जनता भी अखिलेश भइया।

आप बस यही जवाब दे दीजिए कि आपने हमसे गठबंधन क्यों तोड़ा था? यही ना कि मैंने आपसे कहा कि ज़रा एसी से निकलकर ज़मीन पर आइये, थोड़ी मेहनत कर लीजिए। आप तो एसी से निकलने को तैयार नहीं थे। तोड़ लिया समझौता। हमें सम्मान मिला तो हम पिछड़े, शोषितों और वंचितों की आवाज़ उठाने बीजेपी के साथ आए और बस उसी काम में लगे हैं। यहां एसी पीसी वाले कोई हैं नहीं। सब जनता के लिए, जनता के साथ रहते हैं। देख लीजिएगा, इस गर्मी में आप बंद कमरे में एसी की ठंडी हवा खाते रहे वे और बाहर राजनैतिक शॉर्ट सर्किट से आपकी लंका जलकर खाक हो जाएगी। मेरा एक सुझाव है। सपा का विलय सुभासपा में कर लीजिए। हम आपको कुछ ना कुछ तो जरूर बना देंगे। इंतजार रहेगा आपके जवाब का।

राजभर को अखिलेश का जवाब- जो बहादुर होगा वही टिकेगा

अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी लोग बहुत मजबूती से भाजपा से लड़ाई लड़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि समाजवादी पार्टी के सांसदों में टूट-फूट की चर्चाएं भी विरोधी कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इससे पहले भी भाजपा ने हमारे विधायक और सां सद तोड़े हैं, जो मजबूत होगा, बहादुर होगा, वही भाजपा से हमारी इस लड़ाई में शामिल होगा। रही बात सपा सांसदों के टूटने की तो भाजपा के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। समय आने पर इसका पता भी चल जाएगा।

सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा में अब 2587 पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से की जा रही सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा भर्ती अब 2587 पदों पर होगी। आयोग ने उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय के और पदों को इसमें शामिल किया है। इसके साथ ही भर्ती के लिए आवेदन की तिथि भी बढ़ाई गई है। आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया है कि भर्ती में 2285 पदों पर विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद 221 पदों को और शामिल करते हुए 2516 पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं। इसमें अब 71 पद और बढ़े हैं। अब कुल 2587 पदों पर चयन कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा है कि ऑनलाइन आवेदन व शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून तय की गई है

सार संक्षेप

वार्ड-5 के वार्डवासियों ने सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने की शिकायत की

खटीमा। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-5 के निवासियों ने उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर एक व्यक्ति पर निर्माणाधीन सड़क में मिट्टी भरान कार्य में बाधा डालने तथा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिकायत में वार्डवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान संबंधित व्यक्ति कथित रूप से कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। आरोप है कि वह कर्मचारियों से गाली-गलौज करता है तथा विवाद की स्थिति पैदा कर रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों पर लगाए जा रहे आरोप तथ्यहीन हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि सड़क निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के पूरा कराया जा सके। प्रार्थना पत्र पर कई स्थानीय निवासियों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं। प्रशासन की ओर से मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में मोहम्मद रजाक, शमी, दिलशाद, असलम, परवीन, अकबर, इमरान, साबिर, अकतर, ईमरान, मुहम्मदीन, रईस अहमद आदि के हस्ताक्षर हैं।

लखनऊ में महंगाई के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, बैलगाड़ी पर बैठकर कलेक्ट्रेट पहुंचे सपाई



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महंगाई और बढ़ती कीमतों के विरोध में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत कैसरबाग स्थित सपा जिला कार्यालय से हुई, जहां से कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे और सिर पर लाल टोपी पहनकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन को अलग अंदाज देने के लिए कई सपा कार्यकर्ता बैलगाड़ियों पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ईंधन महंगा होने से परिवहन खर्च बढ़ा है, जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ा है। इसी वजह से उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से बैलगाड़ी का इस्तेमाल कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में कुछ कार्यकर्ता अर्धनग्न अवस्था में भी शामिल हुए। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महंगाई के कारण लोगों के लिए दैनिक जरूरतों का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस प्रदर्शन में विधायक रविदास मेहरोत्रा के अलावा लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड और समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपा। सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता लगातार महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का असर हर वर्ग पर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने मंदिरों में चंदे से जुड़े कथित मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये के चंदे में गड़बड़ी की खबरें सामने आ रही हैं, जो श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

प्रदेश में एक हफ्ते तक नहीं होगी मानसून की एंट्री

26 जिलों में लू जैसे हालात, प्रयागराज जनपद रहा सबसे गर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू जैसे हालात बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 26 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। प्रयागराज सबसे गर्म रहा। कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन मानसून आने में अभी लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है।

उत्तर प्रदेश में मौसम इन दिनों अजब गजब रंग दिखा रहा है। बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बना रहा, जबकि कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को राहत दी। दोपहर बाद वाराणसी, चंदौली समेत दक्षिण व पश्चिम के कुछ जिलों में तेज हवा चली और हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि इससे पहले इन क्षेत्रों में भी गर्म हवाओं का असर बना रहा।

बुधवार को 45 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। वाराणसी में अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि झांसी और चुर्क में पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए बुंदेलखंड और दक्षिणी उत्तर प्रदेश समेत करीब 26 जिलों में लू चलने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल प्रदेश में कोई प्रभावी मौसम तंत्र सक्रिय नहीं है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में मानसून के आगमन में अभी लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है।

इन जिलों में है लू का येलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर में लू का येलो अलर्ट है।

सीएम योगी ने दी रीलबाज पुलिस कर्मियों को चेतावनी

बोले- बंद होनी चाहिए काम को टालने की प्रवृत्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 930 चयनित कंप्यूटर ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी कार्यों में टालमटोल की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को बुधवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं और पारदर्शी भर्ती को ससमय पूरा करने के लिए भर्ती बोर्ड को धन्यवाद दिया। सीएम ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री मोदी जी के 'विकसित भारत' विजन को बढ़ाने के सारथी हैं। इसके लिए आत्म अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है और आप इसे बनाए रखेंगे। ड्यूटी के प्रति सजगता और हर कार्य में गंभीरता होनी चाहिए। ड्यूटी के दौरान रील बनाना अनुशासनहीनता है। ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे हंसी का पात्र बनना पड़े। सीएम ने विश्वास जताया कि सभी नवचयनित अभ्यर्थी यूपी पुलिस की आधुनिक तकनीक एवं सुरक्षा मानकों आदि की जानकारी के साथ टीम भावना, पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ अच्छा परफॉरमेंस देंगे।।

सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस ने जनसेवा को केंद्र में रखा तो देश में निखर गई। अब कोई यूपी पुलिस पर अंगुली नहीं उठाता। कालचक्र की परवाह किए बिना व्यक्ति अनिर्णय का शिकार होता है और अंततः बिखर जाता है। यूपी पुलिस की नई पहचान सिर्फ संख्या बल के आधार पर नहीं है। पीएम मोदी की अपेक्षा पर सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूपी पुलिस ने 9 साल में जिस त्वरित गति से काम किया, वह मॉडल पुलिसिंग का उदाहरण बना है। नवचयनित कार्मिकों की स्मार्ट पुलिस व डिजिटल वॉरियर्स के रूप में बड़ी भूमिका होने जा रही है।

दातागंज विधानसभा से चुनावी दावेदारी: डॉ. हहृदेश कुमार पाल ने आजाद समाज पार्टी ज्वाइन की

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। लखनऊ में बुधवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ और राष्ट्रीय महासचिव रविंदर भाटी की मौजूदगी में डॉ. हिरदेश कुमार पाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में बदायूं जिले की दातागंज विधानसभा सीट से भावी प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने की घोषणा भी की।

डॉ. हिरदेश कुमार पाल पहले समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए थे और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में राष्ट्रीय सचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर पार्टी नेतृत्व ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पार्टी प्रदेश में सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है।

डॉ. हिरदेश कुमार पाल ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास, युवाओं को रोजगार और किसानों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का सहयोग उन्हें अवश्य मिलेगा और वे दातागंज क्षेत्र में बदलाव लाने का काम करेंगे।

नीलाम होगी राजा रवि वर्मा की दुर्लभ पेंटिंग 'लिटिल प्रिंस ऑफ करेज'

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रसिद्ध नीलामी घर 'अष्टगुरु' इस महीने 'कलेक्टर्स च्वॉइस' नाम से एक विशेष ऑनलाइन नीलामी आयोजित करने जा रहा है। इस नीलामी का सबसे बड़ा आकर्षण महान भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की दुर्लभ पेंटिंग 'लिटिल प्रिंस ऑफ करेज' होगी। नीलामीकर्ताओं को उम्मीद है कि इस पेंटिंग की कीमत 20 करोड़ से 30 करोड़ रुपये के बीच पहुंच सकती है।

'लिटिल प्रिंस ऑफ करेज' पेंटिंग में पुदुक्कोट्टई रियासत के युवा राजकुमार मार्तंड भैरव टोंडईमान को शाही वैभव और गरिमा के साथ चित्रित किया गया है। यह चित्र राजा रवि वर्मा की सबसे चर्चित शाही तस्वीरों में गिना जाता है। कला विशेषज्ञों के अनुसार, यह पेंटिंग न केवल अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके पीछे जुड़ी ऐतिहासिक कहानी भी इसे खास बनाती है। इस चित्र के नायक राजकुमार मार्तंड भैरव टोंडईमान का जीवन भी काफी दिलचस्प रहा। बाद में उन्होंने औपनिवेशिक परंपराओं और शाही अपेक्षाओं को दरकिनार करते हुए अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रेमिका मौली फिंक से विवाह करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने अपना सिंहासन तक छोड़ दिया था। यही वजह है कि इस पेंटिंग को इतिहास और कला दोनों दृष्टियों से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

अखिलेश बोले- हम गोरखपुर में भाजपा को जीरो पर लाने के लिए काम करेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी प्राथमिकता धर्म नहीं बल्कि धन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से अमीर और अधिक अमीर तथा गरीब और अधिक गरीब हो रहा है। साथ ही गोरखपुर में राजनीतिक समीकरण बदलने का संकल्प भी दोहराया।

अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा के लिए धर्म का मतलब धन है। इस सरकार में अमीर आदमी अमीर हो रहा है, जबकि गरीब आदमी गरीब होता रहा है। इस बार हम गोरखपुर में बीजेपी को जीरो पर लाने के लिए काम करेंगे। हमने गोरखपुर में नतीजे बदलने का संकल्प लिया है। बहुत जल्द पार्टी संगठन यह तय करेगा कि गोरखपुर में पार्टी की बैठक कब की जाए।

अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में 500 प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे सीधे-सीधे 1500 लोगों की सरकारी नौकरी छीन ली गई। गोरखपुर में दलितों के खिलाफ अपराध और पब्लिक हेल्थ को लेकर भी डेटा दिखाया। दावा किया कि गोरखपुर के नेताओं ने इस बार परिणाम बदलने का संकल्प लिया है। वहां घेरकर भाजपा को जीरो करने का काम किया जाएगा। मथुरा को लेकर लिखी चिट्ठी और केयर फंड व गुरु दक्षिणा के हिसाब न मिलने पर भी सवाल उठाए।

अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा ने जहां अन्य चुनाव में बेईमानी की थी, वहां से CCTV गायब हो गए। क्योंकि सीसीटीवी से चढ़ावा चोरी का राज खुल जाएगा। हम लोगों ने समय-समय बताया कि कैसे अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ। किस तरह उनकी दुकानें तोड़ी गईं, तो व्यापारी हमसे मिलने आए थे। अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी लोग बहुत मजबूती से भाजपा से लड़ाई लड़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि समाजवादी पार्टी के सांसदों में टूट-फूट की चर्चाएं भी विरोधी कर रहे हैं।

यूपी में नए सियासी समीकरण की आहट, लखनऊ में मिले स्वामी प्रसाद मौर्य और चंद्रशेखर आज़ाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण तलाश रहे स्वामी प्रसाद मौर्य अब बहुजन राजनीति को नई धार देने में जुट गए हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में कभी नंबर दो के नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ में नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर रावण से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद यूपी की सियासत में नए सियासी संकेत मिलने लगे हैं।

मुलाकात के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा की । श्री मौर्य ने कहा कि जो भी बहुजन की बात करेगा, उसको साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि बहुजन समाज के हक-हकूक के लिए समान विचारधारा वाले नेताओं को एक मंच पर लाने की कोशिश जारी है।

दरअसल सियासी गलियारों में चर्चा है कि तीसरे मोर्चे के रूप में चंद्रशेखर रावण, स्वामी प्रसाद मौर्य और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की उत्तर प्रदेश की राजनीति में एंट्री हो सकती है। स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार बसपा, सपा और भाजपा छोड़ने के बाद अपनी अलग राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। चंद्रशेखर से मुलाकात को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले सपा में गए और फिर अपनी पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाई। अब चंद्रशेखर रावण से मुलाकात के बाद बहुजन-दलित-मुस्लिम गठजोड़ की नई सियासी बिसात बिछाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

सख्ती मानसून सीजन में जल भराव से निजात को लेकरकी गई कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में मचा हड़कंप

नालियों के ऊपर किए अतिक्रमण नगर पालिका ने किये ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। -जागरण मोर्चा

खटीमा। मानसून सीजन में नगर सीमा के अंदर बहने वाले ऐंठा व खकरा नालों को वास्तविक स्थिति में लाने की कवायत के दूसरे चरण की शुरूआत नगर पालिका ने विभिन्न वार्डों में नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाकर की। इस अभियान के तहत नगर पालिका ने नालियों को अतिक्रमण मुक्त कर किया। अभियान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में पालिका प्रशासन ने वार्ड नंबर 14 पंजाबी कलौनी में नालियों के ऊपर किए अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया,ताकि नगर पालिका के पर्यावरण मित्र नगर के अवरुद्ध नालियों की तली झाड़ सफाई को आसानी के साथ कर सके। इस अवसर पर पालिका प्रशासन की कार्यवाही से अतिक्रमणकारी वार्डवासियों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के दौरान पंजाबी कलौनी वार्ड नंबर 14 के कुछ लोगों द्वारा अपने घर के आगे की नालियों पर किए अतिक्रमण को स्वयं हटाने का निवेदन ईओ आर्य से किया गया। ईओ नगर पालिका आर्य द्वारा बताया गया कि नगर पालिका द्वारा 1 जून को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें 15 जून तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया था लेकिन किसी भी अतिक्रमणकारी ने स्वयं सरकारी भूभाग खाली नहीं किए। जिसके तहत नगर पालिका प्रशासन द्वारा 17 जून को अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। मानसून सीजन में नगर के किसी भी वार्ड में जलभराव न हो इसलिए नालियों के ऊपर अतिक्रमण हटाने का अभियान पालिका प्रशासन द्वारा लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर पालिका प्रशासन के साथ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की टीमें भी सम्मलित रही।

केतन लाल साह की निर्मम हत्या की निष्पक्ष जांच हो : उक्रांद

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने केतन लाल साह की दर्दनाक एवं निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

यूकेडी द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध कोई शिकायत थी तो उसका समाधान कानून और प्रशासन के माध्यम से किया जाना चाहिए था। लेकिन जिस प्रकार केतन लाल साह को यातनाएं देकर मौत के घाट उतारे जाने की बातें सामने आ रही हैं, वह अत्यंत अमानवीय, असंवैधानिक और सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। पार्टी ने कहा कि भारत का संविधान और न्याय व्यवस्था प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाने के लिए मौजूद है। किसी भी परिस्थिति में भीड़ या व्यक्तियों द्वारा स्वयं सजा देना स्वीकार्य नहीं हो सकता।

यूकेडी ने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उत्तराखंड क्रांति दल ने सभी राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि इस संवेदनशील मामले को जातीय या राजनीतिक रंग देने से बचें। पार्टी का कहना है कि किसी भी नागरिक के साथ अन्याय होने पर न्याय सभी के लिए समान रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

प्रेस नोट में कहा गया कि वर्तमान समय में राजनीति से अधिक आवश्यकता सत्य को सामने लाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की है। यूकेडी ने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

मोहर्रम पर्व को लेकर पूरनपुर और सेहरामऊ में हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

- मोहर्रम को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दिए गए निर्देश

पूरनपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को पूरनपुर और सेहरामऊ थानों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।


बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने कहा कि मोहर्रम इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। जिसे श्रद्धा और अनुशासन के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सभी से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल एवं यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। लोगों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही ताजिया जुलूस निकाले जाएं। किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी उमर खां एक घंटे में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



आरोपी। -जागरण मोर्चा



प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव।

पीलीभीत। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम कुरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के ही परिचित उमर खां ने 9 वर्षीय मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मात्र एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 जून को बच्ची बाजार गई थी। 16 जून को घर लौटने के बाद उसने अपने पिता को बताया कि उगनपुर गांव निवासी उमर खां ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर गलत काम किया। रात करीब 10 बजे पीड़ित पिता थाना सुनगढ़ी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने तुरंत पीड़ित पक्ष से तहरीर ली और मुकदमा अपराध संख्या 302/2026 दर्ज किया। आरोपी उमर खां (पुत्र मो. उमर खां, निवासी ग्राम उगनपुर, थाना सुनगढ़ी) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मामला दर्ज किया गया।त्वरित कार्रवाई सूचना मिलते ही थाना सुनगढ़ी पुलिस की टीम ने आरोपी को उसके गांव उगनपुर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध हरसिंह पाल, हेड कांस्टेबल पुष्पपाल सिंह और कांस्टेबल नितिन कुमार शामिल रहे। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पीलीभीत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर पुलिस की 'जीरो टॉलरेंस' नीति है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए ठोस पैरवी की जाएगी।यह घटना जिले में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही है, जबकि पुलिस की तेज कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर राहत की भावना पैदा की है।

सार संक्षेप



सफाई अभियान में भाग लेता गन्ना कृषक विद्यालय का स्टाफ। -जागरण मोर्चा

गोमती त्रिवेणी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

पूरनपुर। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में गोमती त्रिवेणी घाट, घाटमपुर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने घाट परिसर से प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया तथा लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने स्वच्छता को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि ऐसे अभियान समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं।

जामुन के पेड़ पर लटकता मिला किशोरी का शव, गांव में कई तरह की चर्चाएं, पुलिस जांच में जुटी



घटना के बाद मौजूद पुलिस। -जागरण मोर्चा

दियोरिया। थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 18 वर्षीय किशोरी का शव गांव के बाहर जामुन के पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मिली जानकारी के अनुसार, वर्षा 18 बर्ष पुत्री रामचंद्र निवासी ग्राम जादौपुर पट्टी में बुधवार सुबह अचानक घर से लगभग तीन बजे लापता हो गई। परिजन उस समय गहरी नींद में सो रहे थे। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई उसी समय से काफी तलाश किया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ निकले तो जादौपुर पट्टी पैनिया मार्ग पर तालाब के किनारे गांव के बाहर स्थित एक जामुन के पेड़ पर उसका शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। शव मिलने की सूचना फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। बताया जा रहा है कि वर्षा अपने परिवार में चार बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के कारणों को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, हालांकि अभी तक इस मामले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार यह मामला प्रथम दृश्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलने पर दियोरिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। परिजनों में घटना से गम का माहौल बना हुआ हैं।

भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

कलीनगर/पूरनपुर। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में सम्पन्न हुई। किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इसके बाद किसानों की समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सम्बोधित सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष पूरनपुर पवन कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद की सहकारी समितियों पर किसानों की मांग के अनुरुप यूरिया व डी.ए.पी खाद नही मिल रही एक किसान को केवल चार से पांच बैग खाद ही मिल पा रही है। जिससे कृषि कार्य बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रहा है।पर्याप्त खाद न मिलने से फसलों के उत्पादन पर भी बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। पंचायत में महिला प्रकोष्ठ की सदर तहसील अध्यक्ष रेशमा वर्मा ने कहा कि बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड बरखेड़ा किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नही कर रही है। रेशमा वर्मा ने कहा कि पूरनपुर चीनी मिल तैनात सी.सी.ओ.अमित कुमार चतुर्वेदी पेराई सत्र 2023 में गन्ना किसानों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट व चीनी मिल के क्रय केंन्द्रों पर घटतौली व गन्ना वाहनों से अवैध बसूली में लिप्त रह चुका है। गन्ना किसानों की शिकायतों व भारी विरोध पर सांसद वरूण गांधी के पत्र चीनी मिल पूरनपुर से हटाया गया था। लेकिन सांठ-गांठ के चलते फिर से पूरनपुर चीनी मिल में तैनात हो गया है। इसके अलावा अन्य कई मांगो को पूरा कराए जाने की मांग उठाई है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

जागरण मोर्चा कार्यालय

दियोरिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। जिस पर युवती ने युवक और उसके पिता पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार लगभग 5 वर्ष तक पढने के लिए बीसलपुर में एक किराये के मकान में रहती थी। उसी दौरान रितिक पुत्र श्री उमेश नि० ग्राम नौगवा नवीनगर रामशाला उर्फ मधैइया थाना बिलसण्डा से मुलाकात हुई थी। उसी समय से रितिक ने मुझे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा और मेरे घर भी आता जाता था। मेरे घर पर भी शादी का झांसा कई बार दिया और कई बार संबध बनाए। कई बार शादी करने को कहा लेकिन रितिक ने बहाना बनाया कि अभी बडे भाई की शादी नही हुई है उनकी शादी हो जाये फिर शादी कर लेगें रितिक के दोनों भाइयो की शादी हो चुकी है अब रितिक ने अपनी शादी कही और तय कर ली है।

इसकी जानकारी मिलने पर मैं 26 मई को सुबह 8.30 बजे रितिक के घर पर पहुंची तो रितिक के पिता ने कहा तुम नीच जाति की हो इस लिए शादी नहीं करेगे। अब रितिक ने शादी करने से साफ मना कर दिया है। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया है कि युवती की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

स्वयंसेवकों ने गोमती पर चलाया स्वच्छता अभियान

घाटमपुर पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



घाट पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के तत्वावधान में वुदवार को गोमती त्रिवेणी घाट, घाटमपुर पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य गोमती नदी के तट को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाना तथा जनसामान्य में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। गोमती जैसी पावन नदी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज में जनजागरूकता लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।" महाविद्यालय के प्रबंधक श्री नितिन दीक्षित ने अपने संदेश में कहा कि "युवा शक्ति के सहयोग से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि "स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ घाट परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। एन.एस.एस. का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने घाट परिसर से प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

इस अवसर पर सतेन्द्र सिंह, राज किशोर, डा. रेखा सिंह, शाहिद खान, डा. विनोद सिंह,अनूप कुमार शुक्ला और स्वयंसेवकों मे शुभम, प्रदीप, संगम दीक्षित, राहुल, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

ई-रिक्शा पलटने से दो मासूम समेत आधा दर्जन घायल

पूरनपुर। सेहरामऊ क्षेत्र के नवदिया गांव के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे उसमें सवार दो मासूम बच्चों समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुधवार को थाना सेहरामऊ क्षेत्र में ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं। नवदिया गांव के पास अचानक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। जिससे ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में खुटार से दवाई लेकर लौट रही बैला नवदिया निवासी आशा देवी व उनका पति मुन्ना लाल, पूजा देवी व उनके पति कमलेश व दो मासूम बच्चे सहित आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चालक मौके से भाग निकला।

घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। बताया जा रहा है कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सूचना पर परिवार के लोग भी अस्पताल में पहुंच गए।

बरसात के मद्देनजर धनाराघाट का पेंटून पुल बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

- डेढ़ लाख आबादी का तहसील मुख्यालय से संपर्क टूटा

पूरनपुर। बरसात के मौसम को देखते हुए शारदा नदी पर बने धनाराघाट पेंटून पुल को बंद कर दिया गया है। पुल को हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जिससे दिक्कतें बढ गईं है। प्रशासन द्वारा हर वर्ष मानसून के दौरान सुरक्षा कारणों से 15 जून को पेंटून पुल को बंद कर दिया जाता है। जबकि 15 अक्टूबर को दोबारा आवागमन के लिए खोला जाता है।

मानसून को लेकर पुल को बंद कर दिया गया है। पुल बंद होने से ट्रांस शारदा क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों के करीब डेढ़ लाख लोगों का तहसील मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया है। अब तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए करीब 130 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर सफर करना पड़ेगा। धनाराघाट पेंटून पुल ट्रांस शारदा क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। पुल के माध्यम से ग्रामीण आसानी से पूरनपुर तहसील मुख्यालय, बाजार, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचते हैं। पुल बंद होने के बाद लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त खपत होगी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान पुल बंद होना हर वर्ष की प्रक्रिया है। लेकिन इसके कारण क्षेत्र के लोगों को चार महीने तक भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, किसानों को कृषि कार्यों के लिए बाजार जाने और विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में विशेष कठिनाई होती है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार शारदा नदी में मानसून के दौरान जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के कारण पेंटून पुल पर आवागमन सुरक्षित नहीं रहता,इसी वजह से एहतियातन पुल को हटाया जाता है। जलस्तर सामान्य होने के बाद अक्टूबर माह में पुनः पुल स्थापित कर आवागमन शुरू कराया जाएगा।

नगरपालिका कूडे को लेकर हुए विवाद में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। नगर पालिका द्वारा मझा रोड स्थित औरंगाबाद क्षेत्र के निकट कूड़ा डंप किए जाने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने कूडा वाहन चालक की ओर से मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला हबीबगंज गोटिया निवासी मोहित कुमार ने वताया कि वह नगर पालिका के वाहन का चालक है। 16 जून को वह वाहन में कूडा भरकर मुझा रोड स्थित कूडा प्लांट पर कूडा डालने गया था। आरोप है कि वंहा पर पहले से ही मौजूद मुझा ग्राम प्रधान, फरीद, फरजान,वैजद,रियाशुदीन सहित कई अज्ञात लोग कूडा डालने के लिए मना करने लगे। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए विवाद करने लगे। काफी देर तक नोंकझोंक होती रही।

विवाद बढने पर इसके बाद लात घूंसों व डंडो से मारा पीटा। विवाद का वीडीओ सोशल पर वायरल हुआ। घायल ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी करेंगे।

चार दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, लखपति दीदियों का सम्मान

पीलीभीत। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांधी स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय जनकल्याण एवं जन-जागरूकता प्रदर्शनी का उद्घाटन गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा 7 विद्युत सखियों को थर्मल प्रिंटर, 35 लखपति दीदियों को सम्मान पत्र और 201 स्वयं सहायता समूहों को 3 .01 करोड़ रुपये के बैंक लिंकेज के डेमो चेक वितरित किए गए। राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।



धर्मकर्म भक्तों ने गोमती से जल लाकर धार्मिक स्थलों पर चढ़ाया

जनकापुर में कलश यात्रा के साथ बिष्णु महायज्ञ शुरु

जागरण मोर्चा कार्यालय



जनकापुर में निकाली गई कलश यात्रा। -जागरण मोर्चा

घुंघचाई/पूरनपुर। पांच कुंडीय विष्णु महायज्ञ का पांच दिवसीय कार्यक्रम विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए कलश यात्रा में शामिल होकर गोमती की पवित्र नदी से जल लाकर गांव के देव स्थानों पर चढ़ाया। जयकारे से बातावरण भक्तीमय हो गया।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जनकापुर के बस अड्डे पर स्थित धार्मिक स्थल पर हर साल की तरह इस बार भी चतुर्थ पांच कुंडीय विष्णु महायज्ञ का कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से प्रारंभ हुआ। बुधवार को पहले दिन बदायूं से आए यज्ञ आचार्य संजीव दीक्षित, आचार्य सुमित मिश्रा व आचार्य शशिकांत शर्मा बिल्सी बदायूं ने वैदिक विधि विधान से कलश का पूजन कराया। उसके बाद सभी लोग गाजे-बाजे के साथ धार्मिक उद्घोष करते हुए कलश यात्रा लेकर निकल पड़े। कलश यात्रा कई गांवो से होकर सिमरा घाट पहुंची। जहां पूजन करने के बाद पवित्र गोमती नदी से जल लेकर वापस गांव आए। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने धार्मिक उद्घोष लगाकर वातावरण को भक्ति में कर दिया। पवित्र जल प्रमुख देवी स्थानों पर चढ़ाया गया। आयोजकों ने वताया कि सुबह आठ बजे से एक बजे तक यज्ञ चलेगा। रात्रि के दौरान कथा वाचक कस्तूरी चैतन्य महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जाएगा। संचालक ठाकुरदास और प्रमुख यजमान ओम प्रकाश के माध्यम से वैदिक विधि विधान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम 17 जून से 21 जून तक चलेगा। 22 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

लकड़ी रखने को लेकर पिता-पुत्र पर धारदार हथियार से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। प्लॉट में लकड़ी रखने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने एक व्यक्ति और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी बिजेंद्र गिरि ने बताया कि उसके चाचा के खाली पडे प्लॉट में लकड़ी रखते है। पीडित ने लकडी रखने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज आरोपियों ने 15 जून को लकडी रखने वाले लोगों ने गांव के वाहर वनी पुलिया पर घेर लिया। इसके बाद पिटाई कर उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद पीडित का पुत्र शिवम खेत पर धान लगा रहा था। तभी आरोपी उसके पास पहुंचे और गाली गलौज करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने शिवम को लाठी डंडे से मारा पीटा। आरोपी अधमरा कर मौके पर भाए निकले,इसको लेकर खलवली मच गई। घायल पिता पुत्र कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया। तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार, धर्मवीर व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे,उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुहर्रम पर बरेली में नहीं निकल सकेंगे 12 फीट से ऊंचे ताजिये

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बरेली में मुहर्रम जुलूस के सिलसिले में अपनी तैयारियां तेज करते हुए जिला प्रशासन ने शहर में लगभग 1,033 ताजिया के वास्ते सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरक्षी और उप-निरीक्षकों समेत पुलिसकर्मी सुबह से ही इलाकों का दौरा कर रहे हैं तथा स्थानीय लोगों एवं आयोजकों को ताजिया जुलूस के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को धार्मिक आयोजनों के दौरान उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि मुहर्रम के दौरान कोई नई परंपरा न डाली जाए और ताजिया की ऊंचाई जमीन से 12 फीट से अधिक न हो। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि हर जुलूस मार्ग पर पुलिस, बिजली विभाग के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें। अधिकारियों को पहले से मार्गों का निरीक्षण करने और ढीले बिजली के तारों, जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कों और अस्थायी डिवाइडरों से संबंधित मुद्दों को



हल करने के लिए कहा गया है।

मुहर्रम का महीना मंगलवार को चांद दिखने के बाद शुरू हुआ, जिसमें शिया समुदाय के सदस्यों ने शोक मनाया और लोगों ने काले कपड़े पहने। कई स्थानों पर जुलूस और अलम (धार्मिक झंडे) भी निकाले गए। मंगलवार रात गढ़िया मोहल्ले में इमामबाड़ा वसी हैदर और इमामबाड़ा हकीम आगा साहब से दो जुलूस निकाले गए, जो बाद में इमामबाड़ा मोहम्मद शाह पर समाप्त हुए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और जुलूस के साथ चलने वाले ऊंचे झंडों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने कहा कि स्थानीय आयोजकों के साथ बैठकें की जा रही हैं और पुलिस टीम यह सुनिश्चित करने के लिए लोगों के साथ समन्वय कर रही हैं कि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। प्रशासन ने मुहर्रम अवधि के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए नगर निगम और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया है। मंगलवार को लखनऊ में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि मुहर्रम शोक और स्मरण का अवसर है तथा इसका इस्तेमाल शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को स्थानीय हितधारकों के साथ अग्रिम समन्वय स्थापित करने और यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि हर जिले में कानून और व्यवस्था बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मुहर्रम जुलूस के दौरान हथियारों या हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। शांति भंग करने या अव्यवस्था पैदा करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

सार संक्षेप



गोवध अधिनियम के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। –जागरण मोर्चा

गोवध मामले में तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

बीसलपुर। पुलिस ने गोवध अधिनियम के दो मामलों में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहल्ला ग्यासपुर, सिंधौरा रोड से अब्दुल हसन पुत्र मुख्तियार, शहजहां पत्नी गुलाम रसूल और मदीना पत्नी बसरूद्दीन को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ थाना बीसलपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 131/26 व 134/26 में धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला, निरीक्षक अपराध राजेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



नादिर रज़ा को सम्मानित करते पार्टी के लोग। –जागरण मोर्चा

नादिर रजा बरकाती का हुआ सम्मान

पूरनपुर। समाजवादी मजदूर सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर वार्ड नंबर 20 के सभासद नादिर रजा बरकाती का समाजवादी पार्टी कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आरती महेंद्र ने उन्हें फूलमाला और शॉल भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर हाजी लाडले, तौफीक कादरी, राकेश गुप्ता, पप्पू शाह, मोनिश खान, बंटू खान, शेर सिंह यादव, कौशल भारती, धर्मेंद्र लोधी, जमील खान, मानु हसन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किशोर से मारपीट में दो पर प्राथमिकी

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बौरा निवासी फूलन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जून को गांव के नन्हे,विकास ने उसके 15 वर्षीय पुत्र को लाठी-डंडो से जमकर पीटा। जिससे उसके शरीर पर काफी चोट आई है। महिला का आरोप है कि नन्हे गांव में अवैध शराब का धंधा करता है। नन्हे ने उसके पुत्र से पेट्रोल पंप पर जाने से मना कर दिया। इसी बात पर वह बौखला गया। पुलिस ने दोनों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जमीन के विवाद में युवती से मारपीट ,चार पर रिपोर्ट

बदायूं। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी अजयपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून की दोपहर 3 बजे हरचरन,अरविंद,विपिन व रजनी उसके मृतक चाचा प्रभाशंकर के खाली मकान की जमीन जो कि मृतक ने अपनी इकलौती बेटी ममता के नाम कर दी है। उस पर जबरन अवैध निर्माण करने लगे। जब उनकी बेटी ने निर्माण कार्य रोकने को कहा तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

पंचर जुड़वाने आए बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बनकोटा के पास देर शाम हुई हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



जानकारी देता हुआ मृतक का बेटा। –जागरण मोर्चा

वजीरगंज (बदायूं)। थाना वजीरगंज क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक बुजुर्ग की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव गरुईया निवासी दिलीप सिंह (उम्र लगभग 60 वर्ष) बुधवार शाम पड़ोसी गांव बनकोटा में सोसायटी के सामने अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई।वह अपनी बैलगाड़ी में पंक्चर जुड़वाने के लिए बनकोटा गए थे। बताया जा रहा है कि बैलगाड़ी उनका भतीजा सुनील चला रहा था। जबकि दिलीप सिंह बाइक से पहले ही बनकोटा स्थित पंक्चर की दुकान पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने दिलीप सिंह को निशाना बनाते हुए पर गोली मारी, गर्दन पर गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। वहीं शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन पुरानी रंजिश या आपसी विवाद की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है।


थाना पुलिस के साथ ही उच्चाधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस सनसनीखेज वारदात ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में गश्त बढ़ाने की जरूरत है ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

दो माह पहले बुजुर्ग की पत्नी की हो चुकी है मौत

बुजुर्ग दिलीप सिंह की पत्नी गंगादेवी की दो माह पहले मौत हो चुकी है। उनके पांच बेटे और दो बेटियां हैं। छोटे बेटे राजेश ने बताया कि उसके दो भाई और दो बहनों की शादी हो चुकी है। चार भाई हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। घटना की उनको सूचना दे दी गई है।

नायब तहसीलदार ने दौड़ाकर पकड़ी अवैध खनन की ट्रैक्टर-ट्रॉली, अन्य माफिया फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



अवैध खनन करते हुए ट्रैक्टर ट्राली जप्त। –जागरण मोर्चा

बिसौली। थाना बजीरगंज क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को दौड़ाकर पकड़ लिया। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य खनन माफिया प्रशासनिक वाहन को आता देख फरार होने में सफल रहे।

नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने बताया कि पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को बजीरगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जहां उसे सीज करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

प्रशासन की सख्ती और लगातार दी जा रही चेतावनियों के बावजूद तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल ही में प्रशासन ने अवैध खनन करने वालों को चेतावनी दी थी कि दोबारा ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर गैंगस्टर एक्ट जैसी कड़ी धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन का खेल लगातार जारी है। सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से पुलिस और खनन विभाग की कथित मिलीभगत के चलते बड़े पैमाने पर यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है। प्रशासन की ताजा कार्रवाई के बाद एक बार फिर खनन माफियाओं के खिलाफ सख्ती की उम्मीद जताई जा रही है।

बिलसंडा में अघोषित विद्युत कटौती से गुस्साए व्यापारी

उप्र व्यापार मंडल के नेतृत्व में एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा में एसडीओ विद्युत को ज्ञापन देते व्यापारी नेतागण। –जागरण मोर्चा

बिलसंडा। भीषण गर्मी में आए दिन हो रही विद्युत कटौती से बुधवार को आखिरकार लोगों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।सैकड़ों उपभोक्ताओं ने विद्युत घर पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। कहा, कर्मचारियों और अधिकारियों की मनमानी से गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो जाता, उस पर भी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ती है।

बुधवार को सैकड़ों की संख्या में नगरवासी प्रातःदस बजे माही ऑटोमोबाइल पर एकत्रित हुए। यहां से व्यापार मंडल अध्यक्ष मो.रेहान खान के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में विद्युत उपखंड पहुंचे।जहां उपखंड अधिकारी जगदीश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।जिसमें अघोषित विद्युत कटौती को तत्काल बंद करने,नगर में लाइनमैन एक की जगह और बढ़ाने, शटडाउन और होस्टिंग की सूचना विद्युत विभाग के ग्रुप पर करने, उपभोक्ताओं के गलत बिजली बिलों को तत्काल सही करने के अलावा अधिकारियों द्वारा सीयूजी नंबर ऑफ रखने या फोन न उठाने की प्रमुख समस्याएं रखीं। व्यापारियों ने कहा देखा जाए तो आज बिजली विभाग सबसे भ्रष्ट विभाग बनकर रह गया है, इसमें सबसे अहम रोल अधिकारी और कर्मचारियों का है। इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ तो हम आंदोलन पर बाध्य होंगे।

ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष मो.रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, राजीव गुप्ता, शुभम जायसवाल, मनु शुक्ला, रमेश जायसवाल, विकास गुप्ता, बंटू जायसवाल, पंकज गुप्ता, प्रमोद वर्मा, सुशील शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, मो.इबाद, फरहान, जुनैद सहित दर्जनों व्यापारी शामिल थे।

मुठभेड़ में शाहजहांपुर के पशु चोर समेत सिपाही को लगी गोली, एक बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में जा रहे बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली लगने से एक सिपाही घायल हो गया। जबाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे धर दबोचा। जबकि गिरफ्तार बदमाश के दो साथी फरार हो गए। घायल सिपाही व बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना दातागंज कोतवाली इलाके में बुधवार तड़के हुई। पुलिस को सूचना मिली कि शाहजहांपुर की ओर से कुछ पशु चोर पिकअप में सवार होकर बेलाडांडी पुल से होकर दातागंज की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरु किया। इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो पिकअप सवार लोग भागने लगे। पुलिसके पीछा करने पर पिकअप पुल के पास एक गड्ढे में फंस गई। इसके बाद पिकअप में सवार लोग पुलिस को देखकर भागने लगे।

सीओ दातागंज राहुल पांडेय ने बताया कि भागते समय एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। जबाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश शाहजहांपुर निवासी गुलशन पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक तमंचा,दो कारतूस व पिकअप वाहन बरामद हुआ है। जबकि मुठभेड़ में बदमाशों की गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हुआ। पूछताछ में पता चला कि बदमाश गुलशन पर बदायूं,शाहजहांपुर समेत अन्य जिलों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, मौका पाकर दो बदमाश फरार हो गए।

इंसान को सही रास्ता दिखाती भागवत कथा: शास्त्री

कथा के तीसरे दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री जी महराज।

बिलसंडा। नगर के बीसलपुर रोड स्थित एक बैंकेट हाल में रेस्टोरेंट व्यापारी अनिल गुप्ता द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को मुख्य रूप से सृष्टि का विस्तार, ध्रुव चरित्र की मार्मिक कथा सुनाई जाती है।जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए।

वृंदावन से पहुंचे कथाव्यास आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कथा हमें सही रास्ता दिखाती,साथ ही यह बताती है, कि सांसारिक मोह-माया से परे सच्चे मन से की गई भक्ति से भगवान किसी भी भक्त को प्राप्त हो सकते हैं।

माता के वचनों से आहत होकर पांच वर्ष की छोटी आयु में ध्रुव जी वन चले जाते हैं और नारद जी के उपदेश से घोर तपस्या कर 'ध्रुव पद' प्राप्त करते हैं। आज की कथा यहीं संपन्न होती है, आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। कथा में पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, रामसागर मिश्रा, विमल जायसवाल, अशोक गुप्ता, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, मनू शुक्ला, अशोक शुक्ला, भगवान सिंह, अनिल गुप्ता, डा.आनंद प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र बाबू, राजेश बाबू गुप्ता, चेयरमैन डीके गुप्ता, कैटर्स रमेश जायसवाल, बंटू जायसवाल, ऊषा गुप्ता, शुभी, रीमा, गुंजन, अचल, विकास गुप्ता का सहयोग रहा।

मोहर्रम का चांद दिखा, 1448 हिजरी का आगाज़; बिसौली में पहला अलम जुलूस निकला



चांद देखकर खुशी मनाते मुस्लिम समुदाय के लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। मोहर्रम का चांद दिखाई देने और उसकी शरई तस्दीक होने के साथ ही इस्लामी साल 1448 हिजरी के आगाज़ का ऐलान कर दिया गया। इस मुकद्दस मौके के साथ ही गम-ए-हुसैन और अजादारी का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में मातमी माहौल नजर आया।

बुधवार को मोहर्रम के पहले दिन अंजुमन फरौगे अजा की कयादत में पहला अलम जुलूस पूरी अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस दौरान सदर मो. रजा, मुतावल्ली अब्बास रजा, फिरोज़ अब्बास, जाफर रिज़वी, गुलरैज अब्बास, जमाल इकबाल, अफरोज अब्बास, मो. वसीम, अता हुसैन, दिलशाद हुसैन, अज़हर अब्बास, इज्जत अली, मुन्तजिर मेहंदी, तनवीर इकबाल, इमरान अली, साजिद अब्बास, जिया अब्बास और हसन इकबाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

रुदायन के राधा कृष्ण मंदिर में धार्मिक महोत्सव सम्पन्न, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

बदायूं। रुदायन नगर के राधा कृष्ण मंदिर में सप्ताहभर से चल रहा धार्मिक महोत्सव भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन विधि-विधान के साथ नर्मदेश्वर महादेव समेत आधा दर्जन देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम के दौरान मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया, जिसके उपरांत नरवर विद्या पीठ के आचार्य अरुण शास्त्री एवं अन्य विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता के हाथों नर्मदेश्वर महादेव के ज्योतिर्लिंग की स्थापना कराई गई। साथ ही देवी दुर्गा भवानी, शिव परिवार सहित अन्य मूर्तियों की भी विधिपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक महोत्सव का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया।

महोत्सव में रामनाथ रस्तोगी, रामेश्वर रस्तोगी, गोविंद रस्तोगी, संजीव गुप्ता (मंत्री), उपासना रस्तोगी, डॉ. अजीत मोहन, सभासद नरेंद्र गुप्ता, भीकम सिंह, नरेश वर्तन, मृदुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, गौरव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

युवती को 20 दिन तक बंधक बनाने के आरोप में चार पर रिपोर्ट

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव शिकरापुर निवासी पूजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मई को रात 10 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके जीजा का मौसेरा भाई राहुल निवासी गांव खड़ईया थाना सिकंदरपुर वैश्य जिला कासगंज पकोड़ी लेकर आया। पकोड़ी खाने के बाद वह बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तब वह गुड़गांव एक कमरे पर थी। जहां राहुल उसका मौसेरा भाई सुनील,सुनील की पत्नी रुबी व रुबी के पिता रामकिशोर आते रहते थे। 20 दिन तक सभी ने उसे कमरे में बंधक बनाकर रखा। जब उसके पिता पुलिस को लेकर उसे खोजते हुए गुड़गांव पहुंचे तो राहुल 15 जून को उसे कासगंज स्टेशन पर छोड़कर भाग गया। उसने किसी के फोन से पिता को सूचना दी। इसके बाद वह बस पर बैठकर घर आ गई। पुलिस ने सभी आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कब्जे को लेकर भाकियू भानु ने किया आंदोलन ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय

- अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन की दी गई चेतावनी

पूरनपुर। गांव मुड़िया में भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने के आरोप को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मामले का निष्पक्ष निस्तारण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। भाकियू भानु के पदाधिकारियों का कहना है कि गांव मुड़िया में किसानों की भूमि पर कथित रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत लंबे समय से प्रशासनिक अधिकारियों से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। संगठन ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। बैठक में भाकियू भानु के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि किसानों की जमीन उनकी आजीविका का मुख्य आधार है और किसी भी कीमत पर उनके अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने प्रशासन से तत्काल मौके पर जांच कराकर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान कई मौजूद रहे।

स्मृति मंधाना टाइम की सबसे प्रभावशाली 100 खेल हस्तियों में शामिल

नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। टाइम मैगजीन ने उन्हें वर्ष 2026 की 100 सबसे प्रभावशाली खेल हस्तियों की सूची में शामिल किया है।

इस सूची में जगह बनाने वाली वह इकलौती भारतीय हैं। वह 41वें नंबर पर हैं। टाइम ने खेल हस्तियों की लिस्ट को चार कैटेरगी में बांटा है। इनमें आइकन्स, टाइटंस, इनोवेटर्स और लीडर्स शामिल हैं। मंधाना को टाइटंस की लिस्ट में रखा गया है और वेबसाइट पर शुरू से गिनती करने पर उनका नाम 41वें नंबर पर आता है। टाइम की यह सूची उन खिलाड़ियों, कोचों, निवेशकों और खेल जगत से जुड़े प्रभावशाली लोगों को सम्मानित करती है। सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल दिग्गज लेब्रोन जेम्स, फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो, टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज, गोल्फर रोरी मैक्लरॉय और फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

मंधाना के नाम जुड़ रहे नये रिकॉर्ड

टाइम ने अपनी प्रोफाइल में स्मृति मंधाना की उपलब्धियों का खास जिक्र किया। मैगजीन ने लिखा कि मुंबई में जन्मी बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं और उनके नाम लगातार नए रिकॉर्ड जुड़ते जा रहे हैं। मंधाना घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। इसके अलावा वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों, टेस्ट, वनडे और टी20 में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। उनके नाम महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 17 शतक दर्ज हैं। टाइम ने यह भी बताया कि व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद मंधाना टीम की सफलताओं को ज्यादा महत्व देती हैं।

1000 वनडे रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी

स्मृति मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी हैं। 2024 में उन्होंने महिला क्रिकेट में एक साल के भीतर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया था। दिलचस्प बात यह है कि अगले ही साल उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें 2025 में बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर का सम्मान भी मिला था। टाइम की प्रतिष्ठित सूची में शामिल होना सिर्फ स्मृति मंधाना की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का भी प्रमाण है। दुनिया के सबसे बड़े खेल सितारों के बीच उनका नाम शामिल होना इस बात का संकेत है कि महिला क्रिकेट अब वैश्विक खेल परिदृश्य में मजबूत पहचान बना चुका है।



टाइम की 10 सबसे प्रभावशाली खेल हस्तियां

- **लेब्रोन जेम्स:** बास्केटबॉल
- **हिलेरी नाइट:** आइस हॉकी
- **लियोनेल मेसी:** फुटबॉल
- **एयलीन गू :** फ्रीस्टाइल स्कीइंग
- **रॉजर गुडेल:** अमेरिकन फुटबॉल (प्रशासक)
- **इलिया मालिनिन:** फगर स्केटिंग
- **यानिक सिनर:** टेनिस
- **एजा विल्सन:** बास्केटबॉल
- **लैंडो नॉरिस:** फॉर्मूला-1
- **शोहेई ओहतानी:** बेसबॉल

फीफा वर्ल्ड कप में ईरानी खिलाड़ी के गन सेलिब्रेशन पर हंगामा

विवाद के बीच ईरान-न्यूजीलैंड का मैच ड्रा, ईरानी टीम को जाना पड़ा मैक्सिको

ईरान के कोच बोले-मैच के बाद हमें तुरंत अमेरिका छोड़ने को कहा गया

नई दिल्ली

अमेरिका में फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान ईरानी प्लेयर के गन सेलीब्रेशन पर विवाद हो गया। इस घटना के बाद ईरानी टीम को मैच के तुरंत बाद अमेरिका से मेक्सिको जाने को कहा गया।

ईरान की टीम का बेस कैंप मेक्सिको है। अमेरिका में हर मैच के बाद ईरान को बेस कैंप लौटना होता है। ईरान के कोच आमिर घालेनोई ने फीफा और अमेरिकी अधिकारियों पर आरोप लगाए कि टीम को आराम का वक्त भी नहीं मिला। उन्होंने कहा,हमें तुरंत मेक्सिको लौटने का आदेश दिया गया। इससे खिलाड़ियों की रिकवरी प्रभावित हुई। हमारा प्लान अगले दिन मेक्सिको स्थित बेस कैंप लौटने का था। लेकिन मैच के बाद टीम को आराम करने तक का समय तक नहीं दिया गया। दरअसल लॉस एंजिल्स के मैदान पर मंगलवार सुबह न्यूजीलैंड के खिलाफ ईरान ने मैच खेला।

ईरान ने न्यूजीलैंड को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। ईरान के मिडफील्डर मोहम्मद मोहेबी ने भी एक गोल किया। इसके बाद उन्होंने गन सेलिब्रेशन किया था। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। कई फैंस ने आलोचना करते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।



आज के मैच

इंग्लैंड बनाम क्रोएशिया
समय: 01.30 बजे से
स्थान: आर्लिंगटन

घाना बनाम पनामा
समय: 04.30 बजे से
स्थान: टोरंटो

उज्बेकिस्तान बनाम कोलंबिया
समय: 07.30 बजे से
स्थान: मेक्सिको सिटी

चेकिया बनाम दक्षिण अफ्रीका
समय: 09.30 बजे से
स्थान: अटलांटा

ईरान के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

करीब 4 महीने लंबी जंग के बाद अमेरिका-ईरान के बीच समझौता हो गया है, लेकिन मैच के दौरान भी इस तनाव का असर देखा गया। स्टेडियम के बाहर अमेरिकी प्रशंसकों ने झंडे लहराए और ईरानी सरका के खिलाफ प्रदर्शन किया। मैच के बाद ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा- मेक्सिको से लॉस एंजिल्स पहुंचने में टीम को पांच घंटे लगे। आमतौर पर यह समय काफी कम होता है। सुरक्षा जांच और अन्य प्रक्रियाओं के कारण बेवजह परेशानी झेलनी पड़ी। फीफा से ज्यादा सहयोग की उम्मीद थी। इस समय हमारे लिए सब कुछ मुश्किल हो गया है।

बेल्जियम -मिस्र का मुकाबला 1-1 से ड्रा



ग्रुप जी के मुकाबले में यूरोपियन हैवीवेट बेल्जियम का सामना मिस्र से हुआ। इस मैच में दोनों ही टीमों ने शुरुआत से अटैकिंग गेम दिखाया लेकिन डिफेंस की मुस्तैदी के कारण किसी को आसानी से मौके नहीं मिल रहे थे। दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ियों ने गोल करने के कई बेहतरीन प्रयास किए अंत में मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

सऊदी अरब व उरुग्वे का मैच भी ड्रा रहा



अल-ओवैस की दीवार और अराउजो का अंत में पलटवार ग्रुप एच के मुकाबले में दो बार की पूर्व चैंपियन उरुग्वे को सऊदी अरब ने 1-1 के ड्रॉ पर रोकर बड़ा उलटफेर होने से बचा लिया। मैच के 41वें मिनट में सऊदी अरब के डिफेंडर अब्दुलेल्लाह अल-अमरी ने रिबाउंड पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 की हैरान करने वाली बढ़त दिला दी थी।

भारत-ए ने अफगानिस्तान-ए को 73 रन से हराया

तिलक-कुशाग्र के अर्धशतक चमके

वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य ने दिलाई तेज शुरूआत, गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दर्ज की महत्वपूर्ण जीत

क्ल्र्ि अ ने त्रिकोणीय वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल्ल्र२३ल्ल अ को 73 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए ने निर्धारित 50 ओवर में 298 रन बनाए, जिसके जवाब में अफगानिस्तान-ए की टीम 225 रन पर सिमट गई।

भारत को वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य की जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। वैभव ने 38 रन जबकि प्रियांश ने 58 रन की तेजतर्रार पारी खेली। कप्तान तिलक वर्मा ने 59 रन और कुमार कुशाग्र ने 58 रन बनाकर मध्यक्रम को मजबूती दी। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 104 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। अंत में विप्रज निगम ने 30 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। 299 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान-ए की शुरूआत अच्छी नहीं रही। खालिद तानिवाल 13 रन बनाकर अंशुल कंबोज का शिकार बने। इसके बाद इमरान मीर ने 32 रन और फसील शिनोजादा ने 46 रन की पारी खेलकर संघर्ष किया। बहिर शाह ने सर्वाधिक 57 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होते ही टीम की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। भारत-ए के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटककर अफगानिस्तान को मैच में वापसी का मौका नहीं दिया। अंशुल कंबोज, निशांत सिंधू, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे और विप्रज निगम ने अहम विकेट हासिल किए। अफगानिस्तान की पूरी टीम 225 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत-ए ने मुकाबला 73 रन से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारत-ए ने सीरीज में अपनी स्थिति मजबूत की। इससे पहले टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ संघर्ष कर रही थी, जबकि श्रीलंका शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।



संक्षिप्त स्कोर

भारत-ए : 298 रन (तिलक वर्मा 59, कुमार कुशाग्र 58, प्रियांश आर्य 58)

अफगानिस्तान-ए : 225 रन (बहिर शाह 57, फसील शिनोजादा 46, इमरान मीर 32)

गिल का विराट शतक, ईशान का तूफान

भारत ने अफगानिस्तान के सामने रखा 403 रन का लक्ष्य



लखनऊ

कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत भारत ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान के सामने 403 रन का विशाल लक्ष्य रखा। गिल ने 154 रन और ईशान किशन ने 125 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 224 रन जोड़कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों को पूरी तरह बेअसर कर दिया। भारत ने 49.5 ओवर में 402 रन बनाए, जो वनडे क्रिकेट में उसका आठवां 400+ स्कोर है।

अफगानिस्तान के गेंदबाज रहे बेअसर

अफगानिस्तान की ओर से नांगेयालिया खरोटी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार विकेट हासिल किए। राशिद खान ने तीन विकेट लिए, जबकि ए.एम. गजनफर और मोहम्मद सलीम सैफी को एक-एक सफलता मिली। हालांकि गिल और ईशान के सामने अफगानिस्तान के अधिकांश गेंदबाज संघर्ष करते नजर आए।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की। रोहित शर्मा अर्धशतक से चूक गए और 48 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद गिल ने मोर्चा संभाल लिया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शुरू से ही शानदार लय में नजर आए। उन्होंने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। गिल ने 110 गेंदों में 22 चौकों और दो छक्कों की मदद से 154 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने अपना शतक भी पूरा किया और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। गिल इस पारी के दौरान भारत के लिए सबसे कम पारियों में 3000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उनकी बल्लेबाजी में संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला।

हेली मैथ्यूज फिर बनीं नंबर-1 टी20 ऑलराउंडर

नई दिल्ली

आईसीसी ने महिला क्रिकेट की ताजा टी20 रैंकिंग जारी कर दी है, जिसमें बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने एक बार फिर टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए टी 20 ऑलराउंडर रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाई है। वह अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। एजबेस्टन में खेले गए मैच में उनके शानदार स्पेल ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। टी 20 गेंदबाजी रैंकिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से धोया

साउथैम्पटन। महिला टी20 विश्व कप 2026 में बड़ा उलटफेर हो गया है। डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को श्रीलंका के हाथों हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक खेले दोनों मैचों में हार मिली है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच महिला टी20 विश्व कप में 7 मैच हुए थे। सभी में न्यूजीलैंड को जीत मिली थी। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 150 रन बनाए। श्रीलंका ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम को 5 विकेट से जीत मिली। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी हार है तो श्रीलंका का यह पहला ही मैच था। पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।